भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"
संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# संडे पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार!

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

रविवार 30 जून, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 17 आषाढ़ 2081 LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 181
मूल्य ₹ 5.00
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12+4=16
Ph. : 011-30712200, 45212200

पृष्ठ-3
जजों की तुलना भगवान से करना...



# अजेय भारत, विराट जीत








**एजेंसी/ब्रिजटाउन**

भारत ने 17 साल का इंतजार खत्म करते हुए दक्षिण अफ्रीका को बेहद रोमांचक मैच में सात रन से हराकर टी20 विश्व कप जीत लिया । जिस चमचमाती ट्रॉफी का इंतजार पूरा हिन्दुस्तान सालों से कर रहा था वो भारत के हिस्से आ चुकी है। मैच के हीरो रहे विराट कोहली को मैन आफ द मैच मिला। वहीं 8 मैचों में 15 विकेट लेने वाले बूमरा को मैन आफ द सीरिज का एवार्ड मिला। भारत ने शनिवार को केनसिंग्टन ओवल में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप-2024 के फाइनल में साउथ अफ्रीका को सात रनों से हरा खिताब अपने नाम कर लिया। जीत के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि भारत इस जीत का बहुत दिनों से इंतजार था। उन्होंने कहा कि जितना इंतजार हमको था उतना ही देश को था। ये पूरी टीम की जहत है। पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में अधूरा रहा सपना आखिरकार वेस्टइंडीज में पूरा हुआ तो रोहित शर्मा की टीम के साथ टीवी के आगे नजरें गड़ाये बैठे भारतीय क्रिकेटप्रेमियों की आंखें भी छलछला गई ।इस आईसीसी खिताब के लिये 17 साल लंबा इंतजार जो था और जीत के नायक रहे विराट कोहली जिन्होंने जीत के साथ ही टी20 क्रिकेट को अलविदा भी कह दिया ।भारत ने 2007 में पहला टी20 विश्व कप जीता था और आखिरी आईसीसी खिताब 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका में चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी ।पिछले साल भारत में वनडे विश्व कप फाइनल में टीम आस्ट्रेलिया से हार गई थी । पावरप्ले में मिले शुरूआती झटकों से उबरते हुए विराट कोहली और अक्षर पटेल ने भारत को में सात विकेट पर 176 रन तक पहुंचाया । भारत ने एक समय पांचवें ओवर में तीन विकेट सिर्फ 34 रन पर गंवा दिये थे ।इसके बाद अक्षर (31 गेंद में 47 रन) और कोहली (59 गेंद में 76 रन) ने टीम को संकट से निकाला । जवाब में हेनरिच क्लासेन (27 गेंद में 52 रन) ने एक समय दक्षिण अफ्रीका को जीत के करीब पहुंचा दिया था लेकिन भारत ने हार की कगार पर पहुंचकर जीत दर्ज की । हार्दिक पंड्या ने आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन नहीं बनाने दिये ।दक्षिण अफ्रीका की टीम आठ विकेट पर 169 रन ही बना सकी ।भारतीय तेज गेंदबाजों ने दो शुरूआती विकेट जल्दी निकाले जिसके बाद क्विंटोन डिकॉक (31 गेंद में 39 रन) और ट्रिस्टन स्टब्स (27 गेंद में 52 रन) ने 58 रन की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका को मैच में लौटाया ।रोहित ने 15वें ओवर में अक्षर को गेंद सौंपी जिसमें क्लासेन ने दो छक्के और दो चौके जड़ डाले ।ऐसा लगने लगा था कि भारत की जद से मैच निकल चुका है लेकिन जब आखिरी छह गेंद में 16 रन चाहिये थे , तब सूर्यकुमार यादव ने लांग आफ सीमा पर अद्भुत रिले कैच लपककर जीत सुनिश्चित कर दी ।

## विराट-रोहित का टी 20 से संन्यास

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा टी20 को अलविदा कह दिया। दोनों ने भारत को दूसरा टी20 विश्व कप दिलाने में सूत्रधार की भूमिका निभाने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया । फाइनल मैच में कोहली ने 59 गेंद में दो छक्कों और छह चौकों की मदद से 76 रन बनाये और दक्षिण अफ्रीका पर फाइनल में सात रन से मिली जीत में प्लेयर आफ द मैच रहे ।

## हमारी टीम वर्ल्ड कप घर ले आई है



**राष्ट्रपति** द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित देश की कई जानी-मानी हस्तियों ने टीम इंडिया को बधाई दी। पीएम मोदी ने टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन बनने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है। उन्होंने अपने वीडियो संदेश के साथ टीम इंडिया को बधाई देते हुए लिखा कि हमारी टीम वर्ल्ड कप घर ले आई है। पीएम मोदी ने लिखा, "चैंपियन! हमारी टीम शानदार अंदाज में टी20 विश्व कप जीत कर लाई! हमें भारतीय क्रिकेट टीम पर गर्व है। यह मैच ऐतिहासिक था।"




# संजय झा बने जद(यू) के कार्यकारी अध्यक्ष

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**



जनता दल (यू) के राज्यसभा सदस्य संजय झा को शनिवार को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।यह निर्णय पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। बैठक में पार्टी ने बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की अपनी सालों पुरानी मांग भी दोहराई। जद (यू) नेता नीरज कुमार ने कहा, "कार्यकारिणी में दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गए। पहला, राजनीतिक और दूसरा संगठनात्मक। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री (नीतीश कुमार) जी ने राज्यसभा में पार्टी के संसदीय दल के नेता संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया।" कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को एक विशेष पैकेज देने के विकल्प पर भी विचार कर सकती है। कार्यकारी अध्यक्ष पद पर अपनी नियुक्ति के बाद झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार पर हमेशा ध्यान देते हैं और उम्मीद है कि विशेष दर्जे या पैकेज की (राज्य की) मांग पूरी होगी।

# केजरीवाल को बड़ा झटका 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाला से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में शनिवार को एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत (12 जुलाई तक) में भेज दिया। इससे पहले दिन में वेकेशन बेंच की जज सुनैना शर्मा ने सीबीआई के आवेदन पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने कहा था कि पुलिस रिमांड की अवधि समाप्त होने पर अदालत के पास आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। आम आदमी पार्टी सुप्रीमो से पूछताछ के लिए हिरासत में लेने की एजेंसी की अर्जी पर राउज एवेन्यू कोर्ट ने 26 जून को सीएम केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल से पूछताछ किए जाने के बाद उन्हें विशेष अदालत में पेश करने की सीबीआई को अनुमति दी गई थी। सीएम केजरीवाल को जब वेकेशन बेंच के जज अमिताभ रावत के सामने पेश किया गया था।

**दुखद घटना** बाढ़ से टैंक ही डूबा, राजनाथ-शाह ने शोक जताया

# लद्दाख में 5 सैनिक शहीद

**पंजाब केसरी/लेह**

देश के लिए बलिदान का जज्बा रखकर रक्षा में डटे 5 जवान शहीद हो गए। लद्दाख के न्योमा-चुशुल क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास श्योक नदी में शुक्रवार देर रात अचानक आई बाढ़ के कारण टी-72 टैंक पर सवार एक 'जूनियर कमिशंड ऑफिसर' (जेसीओ) समेत पांच सैन्यकर्मी डूब गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने ने इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे को लेकर शोक व्यक्त किया है।

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना यहां से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास देर रात करीब एक बजे अभ्यास के दौरान हुई। लेह में सेना के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने एक बयान में कहा, "28 जून, 2024 की रात एक सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास के बाद, पूर्वी लद्दाख के सासेर ब्रांगसा के पास श्योक नदी में अचानक जल स्तर बढ़ने के कारण सेना का एक टैंक फंस गया।"

बयान में कहा गया, "बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तेज बहाव और अधिक जल स्तर के कारण बचाव अभियान सफल नहीं हो सका और टैंक



के चालक दल के सदस्यों की जान चली गई। भारतीय सेना पूर्वी लद्दाख में अभियानगत तैनाती के दौरान पांच बहादुर जवानों की मौत की घटना पर खेद व्यक्त करती है। बचाव अभियान जारी है।"

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस हादसे के बाद, सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिये शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "लद्दाख में एक टैंक को नदी पार कराते समय हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में भारतीय सेना के हमारे पांच बहादुर कर्मियों की जान जाने से मुझे गहरा दुख हुआ है।" उन्होंने कहा, "हम अपने वीर जवानों द्वारा देश के लिए की गई अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे।

# नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने छापेमारी की

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले में गुजरात में सात स्थानों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि चार जिलों - आनंद, खेड़ा, अहमदाबाद और गोधरा में संदिग्धों के परिसरों पर सुबह छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गई। सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में झारखंड के हजारीबाग स्थित एक स्कूल के प्रधानाचार्य और उपप्रधानाचार्य और एक हिंदी समाचार पत्र के एक पत्रकार को शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य एहसानुल हक को एनटीए द्वारा पांच मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के लिए हजारीबाग का नगर समन्वयक बनाया गया था।



NEW LAYOUT-674X576 Pawan New



# दिल्ली, जबलपुर के बाद अब राजकोट एयरपोर्ट की छत गिरी

## घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है



- छत गिरने का कारण भारी बारिश है
- अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल के बाहर यात्री पिकअप और ड्रॉप क्षेत्र में गिरी छत

राजकोट, (पंजाब केसरी): दिल्ली और जबलपुर के बाद अब गुजरात के राजकोट में भी एयरपोर्ट की छत गिरने का मामला सामने आया है। फिलहाल घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। गनीमत रही कि राजकोट अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर दिल्ली एयरपोर्ट जैसी घटना होते-होते बच गई।बता दें कि जुलाई 2023 में ही राजकोट एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का लोकार्पण पीएम मोदी ने किया था। 1400 करोड़ से ज्यादा की लागत से इस एयरपोर्ट का विस्तार हुआ था। जानकारी सामने आ रही है कि गुजरात के कई इलाकों में भारी बारिश हो रही है। राजकोट में भारी बारिश का दौर देखा जा रहा है। इस वजह से राजकोट अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल के बाहर यात्री पिकअप और ड्रॉप क्षेत्र में एक साइड की छत गिर गई। बता दें कि शुक्रवार को ही दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 की छत गिर गई थी, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जबकि कई लोग घायल हो गए थे। शुक्रवार सुबह करीब 5.00 बजे ये हादसा हुआ था। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर डोमेस्टिक फ्लाइट के लिए पार्किंग एरिया में गाड़ियों की लाइन लगी थी। इस दौरान अचानक एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर छत का एक भारी भरकम हिस्सा नीचे गिर गया। वहां कार में बैठे एक ड्राइवर की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। मध्य प्रदेश के जबलपुर में भी नवनिर्मित डुमना एयरपोर्ट में गुरुवार (27 जून) को ड्रॉप एंड गो एरिया में टेंसाइल रूफ फटने से पानी का सैलाब आ गया था। इस सैलाब में एक कार चकनाचूर हो गई थी। इस घटना में आयकर विभाग के एक अधिकारी और उनका ड्राइवर बाल-बाल बच गया।

## दो कारों की टक्कर में सात की मौत, चार घायल

**जालना (महाराष्ट्र),** (पंजाब केसरी): महाराष्ट्र के जालना में शुक्रवार रात करीब 11 बजे दो कारों की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गये।

हादसा इतना भीषण था कि कुछ लोगों के शव सड़क पर पड़े दिखे। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों कारों को सड़क से हटाया और शवों को जालना जिला अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार, समृद्धि हाईवे पर जालना जिले के कदावंची गांव के पास दो कारों स्विफ्ट डिजायर (एमएच 12 एमएफ 1856) और एर्टिगा (एमएच 47 बीपी 5478) की टक्कर हो गई।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, एर्टिगा कार नागपुर से मुंबई की ओर जा रही थी। उसी समय स्विफ्ट डिजायर कार डीजल भरकर गलत साइड से हाईवे पर आ रही थी। टक्कर होने से एर्टिगा हाईवे पर लगे बैरिकेड को तोड़ते हुए सीधे नीचे गिर गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्रेन की मदद से कार को उठवाया।

हादसे में चार लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की भी सूचना है। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से तीन की पहचान हो गई है।

# अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था रवाना



- बालटाल-पहलगाम कैंप से 4603 तीर्थयात्री निकले यात्रा के सुचारू संचालन के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए

**श्रीनगर/जम्मू,** (पंजाब केसरी): दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित गुफा मंदिर के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था बालटाल और नुनवान आधार शिविर से रवाना होने के साथ 52 दिनों की वार्षिक अमरनाथ यात्रा शनिवार को शुरू हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस बीच, तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था भी जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से गुफा मंदिर के लिए रवाना हो गया है। यात्रा 48 किलोमीटर (किमी) लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और 14 किमी लंबे बालटाल मार्ग से शुरू हुई। अमरनाथ यात्रा के लिए ये दोनों पारंपरिक मार्ग हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों मार्गों पर तीर्थयात्रियों के जत्थों को संबंधित उपायुक्तों तथा पुलिस एवं नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने रवाना किया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार सुबह जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास आधार शिविर से 4,603 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया। तीर्थयात्री दोपहर में कश्मीर घाटी पहुंचे, जहां प्रशासन और स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। तीर्थयात्री गुफा मंदिर में बर्फ से बने शिवलिंग की पूजा-अर्चना करेंगे। यात्रा के सुचारू संचालन के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के लिए पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और अन्य अर्धसैनिक बलों के हजारों सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। यात्रा मार्ग की ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। यात्रा 19 अगस्त को संपन्न होगी। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि 1,881 तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। उन्होंने बताया कि दूसरे जत्थे में 427 महिलाएं और 294 साधु शामिल हैं। ये सभी कड़ी सुरक्षा के बीच, दो अलग-अलग जत्थों में 200 वाहनों के जरिये रवाना हुए। पहला जत्था 1,069 श्रद्धालुओं के साथ तड़के चार बजे बालटाल के लिए रवाना हुआ, जबकि दूसरा जत्था 812 श्रद्धालुओं के साथ इसके 30 मिनट बाद पहलगाम के लिए रवाना हुआ।

### पीएम ने अमरनाथ तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अमरनाथ यात्रा आरंभ होने पर तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि बाबा बर्फानी के दर्शन कर शिवभक्तों में असीम ऊर्जा का संचार होता है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पवित्र अमरनाथ यात्रा आरंभ होने पर सभी तीर्थयात्रियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

### सुरक्षित, सुगम यात्रा सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध : शाह

गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार अमरनाथ गुफा मंदिर की सुरक्षित, सुगम और सुखद तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए हरसंभव प्रबंध कर रही है। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा, ''श्री अमरनाथ यात्रा भारतीय संस्कृति की पारंपरिकता व अविरलता का शाश्वत प्रतीक है। आज से इस दिव्य यात्रा का शुभारंभ हो रहा है।

## रवि अग्रवाल सीबीडीटी के नये अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सरकार ने 1988 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी रवि अग्रवाल को आयकर विभाग के प्रशासनिक निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह 1986 बैच के आईआरएस अधिकारी नितिन गुप्ता का स्थान लेंगे, जिनका अध्यक्ष के रूप में विस्तारित कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। अग्रवाल वर्तमान में सीबीडीटी में सदस्य (प्रशासन) के रूप में काम कर रहे हैं। एक सरकारी आदेश में कहा गया है कि अग्रवाल जून, 2025 तक सीबीडीटी के प्रमुख रहेंगे। अग्रवाल की निर्धारित सेवानिवृत्ति इस साल सितंबर में है, लेकिन उनकी नियुक्ति आदेश में कहा गया है कि वे अगले साल 30 जून तक ''अनुबंध के आधार पर पुनर्नियुक्ति'' पर रहेंगे।

# पोर्ट ब्लेयर में रात के अंधेरे में उतरा एअर इंडिया का विमान



**पोर्ट ब्लेयर,** (पंजाब केसरी): एअर इंडिया का एक विमान पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे पर रात के समय सफलतापूर्वक उतरा। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में कही गई है। एअर इंडिया का एयरबस ए321 विमान 68 यात्रियों के साथ शुक्रवार शाम को आईएनएस उत्कर्ष पर उतरा। आईएनएस उत्कर्ष अंडमान एवं निकोबार कमान (एएनसी) के अधीन है और यह पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिसर में ही स्थित है।

अंडमान एवं निकोबार कमान की ओर से जारी बयान में कहा गया, विमान शाम करीब 5.40 बजे कोलकाता से रवाना हुआ और शाम 7.34 बजे पोर्ट ब्लेयर में सफलतापूर्वक उतरा। विमान यात्रियों को उतारने के लिए वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल की ओर बढ़ा। अंडमान एवं निकोबार कमान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, उत्कर्ष एयरफील्ड दिन और रात दोनों तरह के संचालन को संभालने में पूरी तरह सक्षम है।

बयान में कहा गया है, रात में यह सफल लैंडिंग अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के लिए हवाई संपर्क बढ़ाने, द्वीपवासियों को लाभ पहुंचाने और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह ऐतिहासिक घटना पिछले कुछ वर्षों में भारतीय नौसेना, अंडमान एवं निकोबार कमान (एएनसी) और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के लगातार प्रयासों से संभव हो पाई है।

## अतिक्रमण हटाने पर भीड़ का हमला, पांच पुलिसकर्मी घायल

**जम्मू,** (पंजाब केसरी): जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में शनिवार को अतिक्रमण रोधी अभियान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों के कथित हमले में एक पुलिस उपाधीक्षक समेत कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि हीरानगर के नागरी इलाके में अवैध रूप से निर्मित एक उपासना स्थल को ध्वस्त करने के लिए अभियान चलाया गया था, जिसका स्थानीय लोगों के एक समूह ने विरोध किया।


उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारी हिंसक हो गए और उन्होंने पुलिस पर हमला कर दिया।

# एंटिलिया पहुंचे भागवत, मुकेश और नीता अंबानी ने किया स्वागत



**मुबंई,** (पंजाब केसरी): रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी 12 जुलाई को होने वाली है। बेटे की शादी से पहले मुकेश अंबानी और नीता अंबानी ने अपने घर एंटीलिया में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को न्योता दिया। मुकेश अंबानी और नीता अंबानी ने बेटे अनंत और होने वाली बहू राधिका के साथ मोहन भागवत का घर में स्वागत किया और उनके साथ फोटो के लिए पोज भी दिए। इस दौरान राधिका ट्रेडिशनल आउटफिट में बेहद खूबसूरत दिखीं। मोहन भागवत के स्वागत के लिए अनंत अंबानी नारंगी रंग का कुर्ता और मैचिंग जैकेट चुना। वहीं नीता अंबानी सिल्क की साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। अंबानी फैमिली ने मोहन भागवत का हाथ जोड़कर अपने घर में स्वागत किया। इस दौरान अनंत अंबानी ने मोहन भागवत के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। कुछ दिन पहले मुकेश अंबानी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात कर उन्हें अपने बेटे की शादी का निमंत्रण दिया था। इससे पहले, अनंत अंबानी ने बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार को भी पर्सनली जाकर अपनी शादी में आमंत्रित किया था।

# जल्द चांद पर होंगे भारतीय, मेगा रॉकेट 'सूर्य' तैयार होने के करीब



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): इसरो चीफ एस सोमनाथ ने भविष्य के मिशनों और अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यानों को लेकर अपनी बात रखी है। उन्होंने दावा किया कि मेगा रॉकेट सूर्य जल्द बनकर तैयार होगा। इस रॉकेट को भारतीयों को चांद पर ले जाने के लिए बनाया जा रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन पिछले साल चंद्रयान-3 की सफलता से उत्साहित है। इसके बाद फिर हमारी नजर चांद पर टिकी है। अब भारत की योजना प्राकृतिक उपग्रह के जरिए चांद पर मानव को भेजने की है। इसरो प्रमुख सोमनाथ ने बताया कि सूर्य अभी डिजाइन के अधीन है। उनकी योजना है कि निचले हिस्से के लिए इसका इंजन एलओएक्स (ऑक्सीजन का तरल रूप) और मीथेन पर आधारित बनाया जाए। वहीं, ऊपरी हिस्से के लिए इंजन को क्रायोजेनिक आकार दिया जाए। भारत का मेगा रॉकेट सूर्य अब तक के रॉकेट्स से काफी बड़े आकार का होगा। लो अर्थ ऑर्बिट यानी पेलोड क्षमता 40 टन से भी अधिक होगी। यह मानव को अंतरिक्ष में भेजने के लिए जरूरी है। अंतरिक्ष उड़ानों में ऐसे प्रयोग किए जाने जरूरी होते हैं। सूर्य रॉकेट तैयार होने के बाद उनको उम्मीद है कि चांद की सतह पर भारतीय 2024 तक चले जाएंगे। अब तक भेजे गए मानव रहित यानों के बारे में पूछने पर सोमनाथ ने कहा कि तीन चरणों के साथ पुष्पक के छोटे संस्करण सुरक्षित ढंग से चांद पर लैंड कर चुके हैं। वे अब बड़ा संस्करण बनाने में जुटे हैं। उनको उम्मीद है कि बड़ा संस्करण छोटों से लगभग 1.6 गुना तक अधिक बड़ा होगा । हले लैंडिंग के साथ इसकी टेस्टिंग होगी और बाद में इसे अंतरिक्ष में छोड़ा जाएगा।

## मानहानि केस में राहुल गांधी पर होंगे आरोप तय

**रांची,** (पंजाब केसरी): मोदी सरनेम को लेकर अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े मानहानि केस में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को रांची के एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में हाजिर होना पड़ेगा। कोर्ट ने इस केस में चार्ज फ्रेम करने पर बहस के लिए 6 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। प्रावधानों के अनुसार, इस दौरान बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट में राहुल गांधी की निजी तौर पर उपस्थिति जरूरी होगी। यह केस रांची के लालपुर निवासी एडवोकेट प्रदीप मोदी ने 23 अप्रैल 2019 को दर्ज कराया था। सिविल कोर्ट में दर्ज शिकायतवाद के अनुसार, राहुल गांधी ने रांची में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि मोदी सरनेम वाले सभी लोग चोर होते हैं।

## पबजी खेलने से रोका तो फांसी लगा ली

**जालंधर** वार्ता पंजाब में जालंधर के मॉडल टाउन में शनिवार सुबह मोबाइल फोन पर गेम खेलने से रोकने पर नाराज नाबालिग ने फंखे से लटकर आत्महत्या कर ली।

मृतक की पहचान करणवीर सिंह (17) के रूप में हुई है। वह 12वीं का छात्र था। सुबह उसकी मां ने उसे पबजी गेम खेलने से रोका, इसके कारण उसने आत्महत्या कर ली।

## पैर की जगह लड़के के गुप्तांग की सर्जरी कर दी

**ठाणे,** (पंजाब केसरी): महाराष्ट्र के ठाणे जिले में शाहपुर के एक नौ-वर्षीय लड़के के माता-पिता ने पुलिस से अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि एक सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने उनके बेटे के घायल पैर की जगह गुप्तांग की सर्जरी कर दी। पीड़ित नाबालिग के माता-पिता के आरोप पर एक स्वास्थ्य अधिकारी ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। पुलिस ने कहा कि वे मामले की जांच कर रहे हैं। नाबालिग के माता-पिता ने संवाददाताओं को बताया, ''पिछले महीने जब नाबालिग बच्चा अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था तब उसके पैर में चोट लग गई थी। उसे 15 जून को शाहपुर के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा था। चिकित्सकों ने उसके जख्मी पैर की जगह गुप्तांग का खतना कर दिया। उन्होंने कहा कि बाद में अपनी गलती का एहसास होने पर चिकित्सकों ने जख्मी पैर की सर्जरी की। माता-पिता ने शाहपुर पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। लेकिन एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिकायत की जांच चल रही है जिला सिविल सर्जन डॉ. कैलाश पवार ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी आरोपों की जांच करेंगे।

## मोदी ने दी थी जी 20 से बाहर निकलने की धमकी : कांत



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) जी 20 के लिए भारत के शेरपा रहे अमिताभ कांत ने खुलासा किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नयी दिल्ली घोषणा पत्र पर आम सहमति नहीं बनने पर जी 20 से बाहर होने की धमकी दी थी और प्रधानमंत्री ने श्री कांत को यह बात सदस्य देशों तक पहुंचाने के लिए कहा था। कांत ने कल शाम यहां रामास्वामी बालासुब्रमण्यम की पुस्तक 'पावर विदिन : द लीडरशिप लीगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी' के विमोचन के मौके पर यह खुलासा किया। उन्होंने कहा ''प्रधानमंत्री ने उनसे कहा था कि वह जी-20 के सदस्य देशों तक उनकी यह बात पहुंचा दें कि इस घोषणापत्र पर यदि सहमति नहीं बनती है तो भारत इस समूह से निकल जाएगा। सम्मेलन से पहले ही इस बात की आशंकाएं थीं कि शायद' नई दिल्ली घोषणापत्र 'पर सहमति न बने और संयुक्त घोषणापत्र जारी न हो लेकिन भारत की कूटनीति रंग लाई। अमेरिका सहित पश्चिमी देश चाहते थे कि संयुक्त घोषणापत्र में यूक्रेन युद्ध के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया जाए और उसकी आलोचना हो लेकिन भारत इसके लिए तैयार नहीं था। सम्मेलन के अंत में जी-20 का जो संयुक्त घोषणापत्र जारी हुआ उसमें यूक्रेन युद्ध का जिक्र तो हुआ लेकिन रूस का कहीं नाम नहीं आया। इसे भारत की एक बड़ कूटनीतिक जीत मानी गई। हालांकि, पश्चिमी देशों का दबाव था कि घोषणापत्र में रूस का नाम लिया जाए। कांत ने कहा, '' पीएम मोदी मानते थे कि हमें बहुत ही महात्वाकांक्षी होने की जरूरत है। हमें समावेशी और निर्णायक होना होगा। साथ ही हमारा कदम अत्यंत ही सधा होना चाहिए। हम 83 पैरा के 212 निष्कर्षों में सहमति बनाने में सफल रहे। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था।


## धंस गया अयोध्या का रामपथ, छह अधिकारी हुए सस्पेंड



**अयोध्या (उप्र),** (पंजाब केसरी): उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या में 14 किलोमीटर लंबे राम पथ के निर्माण और सीवर लाइन बिछाने में घोर लापरवाही बरतने के आरोप में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) तथा उत्तर प्रदेश जल निगम के छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। पिछले शनिवार और मंगलवार रात हुई बारिश में यहां राम पथ के किनारे स्थित करीब 15 गलियां और सड़कें जलमग्न हो गई थीं। राम पथ के किनारे स्थित घरों में न सिर्फ बारिश का पानी घुस गया, बल्कि नवनिर्मित राम पथ एक दर्जन से अधिक स्थानों पर धंस गया। राज्य सरकार ने इस मामले में अहमदाबाद स्थित कंपनी भुवन इंफ्राकॉम प्राइवेट लिमिटेड को भी नोटिस जारी किया है। विशेष सचिव विनोद कुमार ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ध्रुव अग्रवाल और सहायक अभियंता अनुज देशवाल को निलंबित करने के आदेश जारी किए। वहीं, कनिष्ठ अभियंता प्रभात कुमार पांडेय को निलंबित करने का आदेश पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता (विकास) वी के श्रीवास्तव ने जारी किया। उत्तर प्रदेश जल निगम के प्रबंध निदेशक राकेश कुमार मिश्रा ने अयोध्या में पदस्थ अधिशासी अभियंता आनंद कुमार दुबे, सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार यादव और अवर अभियंता मोहम्मद शाहिद को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं।



इच्छाओं से ऊपर उठ जाओ, पूरी हो जाएंगी। मांगोगे तो उनकी पूर्ति तुमसे और दूर जा पड़ेगी। -स्वामी राम तीर्थ





आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com

# लोकतन्त्र में विपक्ष का माइक

**संसद** में जब कोई भी सांसद बोलने के लिए खड़ा होता है तो संविधान के अनुच्छेद 105 के तहत उसे अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता का अधिकार मिला होता है और उसका माइक यदि बन्द किया जाता है तो यह सीधे उसका उल्लंघन होता है। यह मेरा कहना नहीं है बल्कि संविधान के विशेषज्ञ और प्रख्यात विधि वेत्ता श्री कपिल सिब्बल का कहना है। यदि संसद के भीतर विपक्ष के नेता का माइक बन्द किया जाता है तो इसका सीधा मतलब यह भी निकलता है कि सरकार उसे बोलने देना नहीं चाहती। परन्तु संसद के दोनों सदनों को चलाने की जिम्मेदारी इनके अध्यक्षों या सभापति की होती है और उन्हें यह अधिकार होता है कि वे किसी सांसद को कितना बोलने की आजादी देते हैं। लोकसभा में अध्यक्ष सदन के संरक्षक होते हैं। उन्हीं के निर्देशों पर पूरा सदन चलता है। अत: स्वाभाविक है कि जब किसी सांसद का माइक बन्द किया जाता है तो इसके पीछे उनकी अनुमति होनी जरूरी होती है। उनकी अनुमति के बिना सदन में पत्ता तक नहीं हिल सकता। इस सिलसिले में भारत की पहली चुनी हुई लोकसभा में ही बहुत स्पष्ट कर दिया गया था कि सदन चलाते हुए ऐसी स्वस्थ परम्पराएं स्थापित की जाएं जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का काम करें।

इस सिलसिले में मैं भाजपा के ही संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के उद्गार उद्धरित कर रहा हूं जो उन्होंने 1952 में पहली लोकसभा के गठन के बाद इसके अध्यक्ष श्री जी.वी. मावलंकर के चुने जाने पर प्रकट किये थे। संयोग से श्री मावलंकर का चयन भी सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी व विपक्षी पार्टियों के प्रत्याशियों के बीच मतदान के बाद हुआ था। तब डा. मुखर्जी ने जो शब्द कहे थे, उन्हें सुनिये ''मुझे तनिक भी सन्देह नहीं है कि आपके हाथ में माननीय सदस्यों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे। हम सामान्यत: ब्रिटिश लोकसभा की प्रथाओं व परंपराओं का ही अनुसरण करते रहेंगे, किन्तु ऐसी परिस्थितियों के उत्पन्न होने की संभावना बनी रहेगी जब हमें उन परंपराओं में परिवर्तन करके अपनी स्वयं की प्रथाएं स्थापित करने की जरूरत पड़ेगी क्योंकि हमारा परम लक्ष्य जन साधारण का कल्याण और देश की प्रगति है। परंपराओं तथा प्रथाओं की स्थापना और उनका पालन करना हम सबका कर्त्तव्य होना चाहिए, चाहे हम सरकारी पक्ष में हों अथवा विपक्ष में। सरकारी पक्ष के पास सदन में भारी बहुमत है। ऐसी स्थिति में श्रीमान आप इस बात की ओर ध्यान देंगे कि सरकार और विरोधी, दोनों पक्षों द्वारा परंपराओं तथा प्रथाओं का पालन किया जाये। लोकतन्त्र के विकास के लिए यह आवश्यक है। ऐसा कठिन कार्य में, श्रीमान यह आपका काम है कि आप सदन की कार्यवाही को ठीक ढंग से चलायें। हो सकता है कि कुछ मामलों में हमारे मतभेद हों किन्तु हमें अपने विचार सदन के सामने रखने का तथा सरकार की मनमानी कार्रवाइयों को। किसी हद तक रोकने का मौका मिलेगा। श्रीमान मैं विरोधी दल के सदस्यों की ओर से आपको यकीन दिलाता हूं कि सदन की शान तथा इसके अधिकारों के लिए उचित परंपराएं तथा प्रथाएं स्थापित करने के आपके प्रयत्नों में वे सदैव आपका साथ देते रहेगें''।

मूल सवाल यह है कि संसद की कार्यवाही को लेकर हम कहां से कहां पहुंच रहे हैं? लोकसभा में जहां कल नीट के मुद्दे पर अपनी बात कहते हुए श्री राहुल गांधी का माइक बन्द किया गया वहीं राज्य सभा में भी विपक्ष के नेता श्री मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ भी ऐसा व्यवहार किया गया। लोकतन्त्र में यह कतई भी उचित नहीं कहा जा सकता। सांसदों को जो विशेषाधिकार मिले होते हैं उनमें अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता का अधिकार सबसे ऊपर होता है क्योंकि सदन के भीतर कोई भी संसद सदस्य अपनी बात बिना किसी खौफ-ओ-खतर के कह सकता है और उसे पूर्ण सुरक्षा मिली होती है। सदन में कही गई किसी भी बात के लिए उस पर दुनिया की किसी भी अदालत में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। इसका सारा दारोमदार सदन के अध्यक्ष पर होता है। केवल सदन के अध्यक्ष ही उसकी कही गई बातों का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने के हकदार होते हैं। यही वजह रही कि जब पिछली लोकसभा में भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा के एक मुस्लिम सांसद के साथ गाली-गलौज की थी तो उसका संज्ञान संसद से बाहर की किसी संस्था ने नहीं लिया था। परन्तु हमें संसद चलाने के लिए उच्च परंपराओं की स्थापना करनी होती है जिसमें विपक्ष की आवाज मुख्य स्थान रखती है।

लोकतन्त्र आपसी संवाद व सहकार से चलता है। संसद पर पहला अधिकार भी विपक्षी सांसदों का ही होता है क्योंकि वे भी उसी जनता द्वारा चुने गये होते हैं जो जनता सरकारी पक्ष को चुन कर भेजती है। अत: संसद पहुंचने पर वे क्या करते हैं और उनका व्यवहार कैसा रहता है, यह जानने और देखने का जनता को पूरा अधिकार रहता है। डा. मनमोहन सिंह की पहली सरकार के दौरान जब तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष श्री सोमनाथ चटर्जी ने लोकसभा टीवी शुरू कराया था तो उसका उद्देश्य यही था कि जनता टीवी पर सीधे प्रत्यक्ष रूप में देखे कि उनके प्रतिनिधि संसद में पहुंच कर क्या करते हैं। परन्तु अब संसद टीवी जिस प्रकार से लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही दिखाता है, वह शोचनीय है। बेशक विपक्ष सांसद हो-हल्ला करें तो भी उन्हें सीधे दिखाया जाना चाहिए और जनता को यह मालूम होना चाहिए। उनके पक्ष को काट कर टीवी पर दिखाना कौन सी नैतिकता है? संसद की इकतरफा कार्रवाई दिखाकर हम सिर्फ ऐसी मानसिकता का परिचय देते हैं जिसमे आत्म प्रशंसा का भाव होता है जबकि लोकतन्त्र आत्म प्रशंसा से नहीं समालोचना की दरकार करता है। जब संसद में कोई कानून बनता है तो सरकार व विपक्ष के बीच जमकर बहस होती है। दोनों पक्षों को बराबरी के साथ दिखाना संसद टीवी का कर्त्तव्य और नियम होना चाहिए। इस बारे में भी मैं डा. श्याम प्रशाद मुखर्जी के विचार ही उद्घृत करना चाहूंगा।'' इस संसद द्वारा बनाये गये कानूनों को मानना प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य है किन्तु यहां कानून इस तरह बनाये जाने चाहिएं जिसमें प्रत्येक दल की हिस्सेदारी और सहयोग हो। यदि बहुमत के बल पर कानून बनाये गये, जिन्हें सामान्य जनता पसन्द नहीं करती, तो उन्हें अवश्य ही भंग किया जायेगा। बेशक कानूनों को हिंसक ढंग से नहीं अहिंसक ढंग से ही भंग किया जायेगा। किन्तु मैं आशा करता हूं कि हम सब अपना कर्त्तव्य ठीक ढंग से निभा सकेंगे। मतभेदों के होते हुए भी हम ऐसे निश्चय पर पहुंचेंगे, जिससे जन साधारण लाभान्वित हो।''

# जजों की तुलना भगवान से करना उचित नहीं : चंद्रचूड़

**कोलकाता,** (पंजाब केसरी): भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि जजों की तुलना भगवान से करने की परंपरा खतरनाक है क्योंकि जजों की जिम्मेदारी आम लोगों के हित में काम करने की है।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने भारतीय न्यायशास्त्र में 'संवैधानिक नैतिकता' लागू करने के महत्व पर जोर देते हुए विविधता, समावेशिता और सहिष्णुता सुनिश्चित करने के लिए अदालतों की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (पूर्वी क्षेत्र) के दो-दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में सीजेआई चंद्रचूड़ ने न्याय वितरण प्रणाली में तकनीकी प्रगति के महत्व पर भी ध्यान केंद्रित किया। सीजेआई चंद्रचूड़ ने सरकार पर एक निरोधक कारक के रूप में 'संवैधानिक नैतिकता' की धारणा पर विस्तार से बात की जिसे संविधान के प्रस्तावना मूल्यों से प्राप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने देश के संघीय ढांचे को रेखांकित किया, जो बहुत अधिक विविधता से भरा है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने 'समकालीन न्यायिक विकास और कानून एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से न्याय को मजबूत करना' शीर्षक वाले सम्मेलन में कहा, जब लोग अदालतों को न्याय का मंदिर कहते हैं तो मैं मौन हो जाता हूं, क्योंकि इसका मतलब होगा कि न्यायाधीश देवता हैं, जो वे नहीं हैं। वे इसके बजाय लोगों के सेवक हैं, जो करुणा और सहानुभूति के साथ न्याय करते हैं। सीजेआई ने न्यायाधीशों को संविधान के स्वामी नहीं, सेवक बताते हुए न्यायपालिका को संविधान में निहित मूल्यों के विपरीत निर्णयों में हस्तक्षेप करने वाले न्यायाधीशों के व्यक्तिगत मूल्यों और विश्वास प्रणालियों के नुकसान के बारे में चेतावनी दी। उन्होंने कहा, हम संवैधानिक व्याख्या के विशेषज्ञ हो सकते हैं, लेकिन न्यायपूर्ण समाज की स्थापना अदालत के संवैधानिक नैतिकता के दृष्टिकोण से ही होती है।



## न्यायपालिका राजनीतिक पूर्वाग्रह से मुक्त हो : ममता

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किसी भी राजनीतिक पूर्वाग्रह से मुक्त न्यायपालिका का आह्वान करते हुए कहा कि इसे बिल्कुल निष्पक्ष और ईमानदार होना चाहिए। बनर्जी ने यह भी कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र, संविधान और लोगों के हितों के संरक्षण के लिए भारत की नींव का बड़ा स्तंभ है। कृपया ध्यान रखें कि न्यायपालिका में कोई राजनीतिक पक्षपात न हो। न्यायपालिका पूरी तरह से पक्षपात रहित, ईमानदार और पवित्र होनी चाहिए। लोगों को इसकी पूजा करनी चाहिए। बनर्जी ने कहा कि न्यायपालिका लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंदिर है और न्याय प्रदान करने का सर्वोच्च प्राधिकार है। उन्होंने कहा, यह एक मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघर की तरह है। न्यायपालिका लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए है...और न्याय पाने और संवैधानिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए अंतिम मंच है।

# सोनिया का भाजपा पर प्रहार

## जनता ने मोदी की शासन शैली को नकारा : सोनिया गांधी

● लोकसभा में आपातकाल की निन्दा की गई ताकि संविधान व संवैधानिक संस्थानों पर सरकार के हमले से ध्यान हटाया जा सके



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव में जनादेश के संदेश की अनदेखी कर टकराव को महत्व देना जारी रखे हुए हैं और ऐसे पेश आ रहे हैं कि मानो कुछ बदला ही नहीं है। उन्होंने अंग्रेजी अखबार में लिखे लेख में यह आरोप भी लगाया कि लोकसभा में 1975 के आपातकाल की निंदा की गई ताकि संविधान और संवैधानिक संस्थाओं पर मोदी सरकार के हमले से ध्यान हटाया जा सके। सोनिया गांधी ने लेख में कहा, ''4 जून, 2024 को हमारे देश के मतदाताओं ने अपना फैसला स्पष्ट और जोरदार तरीके से सुनाया। यह उस प्रधानमंत्री के लिए व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार का संकेत है, जिन्होंने चुनाव अभियान के दौरान खुद को दैवीय दर्जा दिया था। उन्होंने दावा किया कि इस जनादेश ने न केवल इस तरह के दिखावों को नकार दिया, बल्कि यह विभाजन, कलह और नफरत की राजनीति की स्पष्ट अस्वीकृति थी तथा नरेन्द्र मोदी के शासन के कामकाज और शैली दोनों को खारिज किया जाना था।

सोनिया गांधी ने कहा, फिर भी, प्रधानमंत्री ऐसे पेश आ रहे हैं जैसे कि कुछ भी नहीं बदला है। वह आम सहमति के मूल्यों के बारे में उपदेश देते हैं लेकिन टकराव को महत्व देना जारी रखते हैं। इस बात का जरा भी प्रमाण नहीं मिलता है कि उन्होंने चुनावी नतीजे को समझ लिया है या करोड़ों मतदाताओं द्वारा उन्हें भेजे गए संदेश पर कोई विचार किया है। उन्होंने कहा, पाठकों को याद दिलाना चाहूंगी कि जब उनके दूतों ने अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति की मांग की थी तो 'इंडिया' गठबंधन की पार्टियों ने प्रधानमंत्री से क्या कहा था...हमने कहा कि हम सरकार का समर्थन करेंगे, लेकिन परंपरा को ध्यान में रखते हुए यह उचित था और उम्मीद की जा सकती थी कि उपाध्यक्ष का पद विपक्ष के किसी सदस्य को दिया जाएगा। उन्होंने कहा, और फिर, प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी द्वारा आपातकाल की निंदा की गई - आश्चर्यजनक रूप से लोकसभा अध्यक्ष द्वारा भी निंदा की गई..संविधान इसके मूलभूत सिद्धांतों और मूल्यों पर, इसके द्वारा बनाई और सशक्त की गई संस्थाओं पर हमले से ध्यान हटाने का यह प्रयास संसद के सुचारू कामकाज के लिए अच्छा संकेत नहीं है। सोनिया गांधी ने कहा कि यह इतिहास में दर्ज सत्य है कि मार्च 1977 में देश की जनता ने आपातकाल पर स्पष्ट निर्णय दिया, जिसे नि:संकोच और स्पष्ट रूप से स्वीकार किया गया तथा तीन साल से भी कम समय के बाद वह कांग्रेस, जो मार्च 1977 में हार गई थी, सत्ता में लौट आई। उन्होंने 'नीट' मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, जो 'परीक्षा पे चर्चा' करते हैं, उस पेपर लीक पर चुप हैं, जिसने देश भर में कई परिवारों को तबाह कर दिया है।

उन्होंने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन में टकराव नहीं चाहता है। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख ने कहा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सहयोग की पेशकश की है।

# झारखंड से भाजपा का सफाया तय

**रांची,** (पंजाब केसरी): झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को भाजपा पर उनके खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया और दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा का राज्य से सफाया हो जाएगा। अपने आवास पर झामुमो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा कि उन्हें जेल में बंद करने की साजिश रचने वालों के खिलाफ विद्रोह होगा और झारखंड के लोग भाजपा को नहीं बख्शेंगे।



झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा, भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का समय आ गया है। आने वाले दिनों में झारखंड से भाजपा का सफाया हो जाएगा। धन शोधन के एक मामले में झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने के बाद सोरेन को शुक्रवार को बिरसा मुंडा जेल से रिहा किया गया। झामुमो नेता को ईडी ने 8.36 एकड़ भूमि पर अवैध कब्जे से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि भाजपा ने सभी संवैधानिक प्रतिष्ठानों पर नियंत्रण कर लिया है, लेकिन लोगों ने हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में उसे सबक सिखाया है। भाजपा पर निशाना साधते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''मेरी जानकारी में आया है कि वे विधानसभा चुनाव समय से पहले कराने की योजना बना रहे हैं... मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वे जिस दिन चाहें चुनाव करा लें... झारखंड में विधानसभा चुनाव जीतने का भाजपा का सपना 'मुंगेरीलाल के हसीन सपने' जैसा होगा।

# अडाणी समूह ले रहा चीनी मदद :कांग्रेस

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कांग्रेस ने शनिवार को उस खबर को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा जिसमें कहा गया है कि अडाणी समूह ने अपनी सौर विनिर्माण परियोजना में मदद के लिए आठ चीनी कंपनियों का चयन किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह सुनिश्चित करना होगा कि करदाताओं के पैसे से चीनी कंपनियों को फायदा न हो। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''नॉन-बायोलिकल' प्रधानमंत्री ने 19 जून, 2020 को गलवान झड़प के बाद देश को यह कहकर बदनाम किया था कि ''ना कोई हमारी सीमा में घुस आया है, न ही कोई घुसा हुआ है''। रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अपने एक 'टेम्पोवाला' मित्र की मदद के लिए चीनी श्रमिकों को उदारतापूर्वक वीजा जारी करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अडाणी और अंबानी को ''गाली देना'' बंद कर दिया है, क्या टेम्पो भरकर नोट कांग्रेस के लिए पहुंचे हैं।

## विशेष राज्य का दर्जा प्रस्ताव पास कराकर दिखाएं नीतीश



**रमेश** ने 'एक्स" पर पोस्ट किया, "जद (यू) ने एक प्रस्ताव पारित करके बिहार को विशेष राज्य का दर्ज़ा देने की मांग दोहराई है। उन्होंने सवाल किया, क्या मुख्यमंत्री राज्य के कैबिनेट से भी ऐसा प्रस्ताव पारित कराने की हिम्मत दिखाएंगे। क्या बिहार के मुख्यमंत्री पूरे दमखम के साथ इस मांग को रखेंगे? रमेश ने भाजपा की एक अन्य प्रमुख सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी का उल्लेख करते हुए कहा, "अपनी नई पारी में तेदेपा का क्या रुख है? इसने अभी तक आंध्र प्रदेश के लिए ऐसा कोई प्रस्ताव पारित क्यों नहीं किया है?

# नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा अकेले चुनाव लड़ेगी

**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी) : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने माता मनसा देवी की भूमि से घोषणा करते हुए कहा कि हरियाणा का विधानसभा चुनाव भाजपा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लड़ेगी और अगले मुख्यमंत्री भी नायब सिंह सैनी होंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव में अन्य किसी भी पार्टी के साथ समझौता नहीं होगा और हम अकेले ही पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को हर घर में जाकर प्रत्येक वोटर से वोट की अपील करनी होगी। केंद्रीय गृहमंत्री शनिवार को पंचकूला में आयोजित विस्तृत प्रदेश कार्यकारिणी की दूसरे सत्र की बैठक को संबोधित कर रहे थे। अमित शाह ने कहा कि प्रति व्यक्ति प्रति एकड़ अनाज पैदा करने में ''म्हारे हरियाणा'' ने रिकॉर्ड बनाया है। देश को रक्षक देने में अनुपातिक तौर पर सबतै आगे ''म्हारे हरियाणा'' है। स्वर्ण पदक दिलाने में हरियाणा के धाकड़ खिलाड़ी आगे हैं। बासमती चावल का उत्पादन सबसे ज्यादा ''म्हारा हरियाणा'' कर रहा है। लाल डोरे को मालिकाना हक सबसे पहले हरियाणा में दिया गया। आयुष विश्वविद्यालय बनाने के अलावा अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देना हरियाणा के रिकॉर्ड को दर्शाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पिछले 10 सालों में किए गए कार्यों से लोगो को अवगत करवाएं। अमित शाह ने कहा कि हरियाणा प्रदेश को पूरे देश में कई महत्वपूर्ण चीजों के लिए जाना जाता है। देश को कई मामलों में हरियाणा ने आत्मनिर्भर बनाया है।



# आपातकाल पर बिरला की टिप्पणी उचित नहीं थी : पवार

**कोल्हापुर,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा अपने संबोधन में आपातकाल का जिक्र करना उचित नहीं था और यह उनके पद की गरिमा के अनुरूप नहीं था। पवार ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उनके भतीजे एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा शुक्रवार को पेश किए गए बजट में घोषित की गई रियायतें राज्य विधानसभा चुनाव से पहले यह दिखाने का एक प्रयास मात्र है कि वे कुछ बड़ा करने जा रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होने के तुरंत बाद बिरला ने आपातकाल लगाये जाने की निंदा करते हुए बुधवार को एक प्रस्ताव पढ़ा था। उन्होंने आपातकाल लगाये जाने को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला बताया था। पवार ने इसका जिक्र करते हुए कहा, लोकसभा अध्यक्ष के अपने संबोधन में आपातकाल का जिक्र करना, इस पद की गरिमा के अनुरूप नहीं था। आपातकाल को 50 साल हो चुके हैं और इंदिरा गांधी अब जीवित नहीं हैं, तो फिर अध्यक्ष अब इस मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं? उन्होंने कहा, क्या राजनीतिक बयान देना अध्यक्ष का काम है? हमें लगता है कि उनका बयान उचित नहीं था। राष्ट्रपति के अभिभाषण में भी इस मुद्दे का संक्षिप्त उल्लेख था। यह भी जरूरी नहीं था।





NEW LAYOUT-674X576 Pawan New



# दिल्ली हुई पानी-पानी





### दुखदः सिर पर दो बेटियों की शादी का भार, परिवार पर छाया आर्थिक संकट

# आईजीआईई एयरपोर्ट हादसे से बिखरा कैब ड्राइवर का परिवार




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली एयरपोर्ट हादसे में जान गंवाने वाले रमेश चार बच्चों के पिता थे। वह कैब चलाकर परिवार चला रहे था। हादसे ने इन बच्चों के सिर से पिता का साया छिन गया है। सफदरजंग अस्पताल में रमेश की पत्नी और दोनों बेटे गले लिपटकर रोते नजर आए। रमेश के पड़ोस में रहने वाले अंकित ने बताया कि पहले उनका परिवार नाहरपुर गांव में रहता था। रमेश लगभग 20 साल से कैब चलाते थे। वह परिवार में इकलौते कमाने वाले थे। 45 साल के रमेश रोहिणी के विजय विहार में रहते थे। वह उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे और काम की तलाश में दिल्ली आए थे। वह पिछले 20 सालों से कैब चला रहे थे। अब उनके जाने के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके चार बच्चों में 2 बेटे और 2 बेटियां हैं।

उनके बेटे रविंदर ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर उनके पिता यात्रियों का इंतजार कर रहे थे। उनकी ड्यूटी खत्म होने वाली थी। वह यात्रियों को रोहिणी की तरफ ही छोड़ने वाले थे जहां उनका घर है। रविंदर ने कहा कि शुक्रवार सुबह 8.30 बजे उनके पास फोन आया कि उनके पिता को चक्कर खाकर गिर गए है। इसके बाद वह एयरपोर्ट गए तो उन्हें अस्पताल जाने के लिए कहा। वहां काफी बार पूछने के बाद भी उन्हें यह नहीं बताया कि उनके पिता किस अस्पताल में भर्ती हैं। रविंदर ने कहा, शाम 4 बजे उन्हें बताया गया कि उनके पिता की मौत हो चुकी है। वह हमें अस्पताल ले गए और फिर 2-3 घंटे इंतजार करने के बाद अगले दिन हमें पोस्टमार्टम के बाद शव ले जाने के लिए कहा।

**दर्दनाक मौत**
**45 साल के रमेश लगभग 20 साल से चलाते थे कैब**


रमेश के इस तरह चले जाने से उनके बच्चों के सामने ना सिर्फ घर चलाने की समस्या है बल्कि दो बेटियों की शादी का खर्चा निकालने की भी परेशानी है। दरअसल दोनों बेटियों की शादी सिर पर है, और अब उन्हें चिंता है कि वे खर्च कैसे चलाएंगे। वे मामले की न्यायिक जांच और सरकार से पर्याप्त मुआवजे की मांग कर रहे हैं। रमेश के परिवार में उनकी पत्नी आशा, दो बेटे, रवींद्र (25) और आशीष (22), और दो बेटियां राशि (21) और भावना (18) हैं। बता दें गुरुवार देर रात से ही दिल्ली में भारी बारिश शुरू हो गई थी जो शुक्रवार सुबह तक जारी रही। इस दौरान इतनी तेज बारिश हुई कि पिछले 44 सालों का रिकॉर्ड टूट गया और दिल्ली के कई इलाकों में पानी भर गया। इसी दौरान दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल एक की छत भी गिर गई जिसकी चपेट में आने से रमेश की मौत हो गई। इस दौरान कई और लोग घायल हुए और कई गाड़ियों को नुकसान पहुंचा।

## अंतिम संस्कार के बाद कानूनी कार्रवाई के संबंध में फैसला लेगा मृतक का परिवार



मृतक का परिवार हादसे क बाद विलाप करता हुआ।

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के हवाई अड्डे पर भारी बारिश के बीच छत का हिस्सा गिरने से मारे गए 45 वर्षीय कैब चालक के बेटे ने कहा कि परिवार अंतिम संस्कार के बाद कानूनी कार्रवाई करने पर निर्णय लेगा। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने घटना के एक दिन बाद शनिवार को सफदरजंग अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद कैब चालक रमेश कुमार का शव उनके परिवार को सौंप दिया। रमेश के 25 वर्षीय बेटे रवींद्र ने कहा हमें दोपहर करीब 12:30 बजे मेरे पिता का शव पोस्टमार्टम के बाद मिला। रवींद्र ने कहा कि उनके पिता के अंतिम संस्कार के बाद परिवार के सभी सदस्य चर्चा करेंगे और तय करेंगे कि वे उनके पिता की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराएंगे या नहीं।



मृतक रमेश कुमार

### दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल-1 बंद शनिवार को 20 से अधिक उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 से संचालित होने वाली इंडिगो की 20 से अधिक उड़ानें शनिवार को रद्द कर दी गईं, क्योंकि एक दिन पहले छत गिरने की घटना के बाद टर्मिनल को बंद कर दिया गया था। एक सूत्र ने कहा कि इंडिगो की 23 उड़ानें और स्पाइसजेट की 2 उड़ानें, जो टी-1 से संचालित होने वाली थीं, शनिवार को रद्द कर दी गईं। इंडिगो की ओर से फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की गई। हालांकि, स्पाइसजेट के एक सूत्र ने कहा कि एयरलाइंस ने सभी टी-1 परिचालन को टी-3 टर्मिनल पर स्थानांतरित कर दिया है और शनिवार को सभी उड़ानें संचालित की गईं। छत गिरने की घटना के बाद, शुक्रवार को टी-1 पर परिचालन निलंबित कर दिया गया था। टर्मिनल से संचालित होने वाली उड़ानों को टर्मिनल-2 (टी2) और टर्मिनल-3 (टी3) पर स्थानांतरित कर दिया गया है। शुक्रवार को दिल्ली हवाई अड्डे की परिचालक कंपनी डायल ने कहा कि उसने हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर छत गिरने की घटना की जांच के लिए एक तकनीकी समिति गठित की है और घटना का प्राथमिक कारण लगातार भारी बारिश प्रतीत होता है।

## एनडीएमसी क्षेत्र में अब नहीं होगा जलजमाव

**कर्मचारियों की तैनाती के अलावा पंप और मशीन की हुई अतिरिक्त व्यवस्था**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : मॉनसून की पहली बारिश में जलमग्न हुए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) क्षेत्र में अब जल जमाव नहीं होगा। एनडीएमसी ने बरसात में जलजमाव से निपटने के लिए विशेष तैयारियां की है। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बताया कि बरसात में जलजमाव न हो इसको लेकर जलजमाव वाले क्षेत्रो में अतिरिक्त पंप लगाने के अलावा सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी।

अत्यधिक जलजमाव वाले क्षेत्रों में वरिष्ठ अधिकारियों की भी तैनाती की जाएगी। जलजमाव को लेकर सुपरिटेंडेंट इंजीनियरों को कार्य सौंपा गया है। सुपरिटेंडेंट इंजीनियर अब जलजमाव वाले क्षेत्रों की निगरानी और जल निकासी का कार्य देखेंगे। जलजमाव वाले इलाके भारती नगर में अतिरिक्त पंप लगाए गए हैं। इसके अलावा प्रत्येक सेवा केंद्र में 10-10 पंप की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक सेवा केंद्र को 10 प्राथमिक और 10 बैकअप पंपों से लैस किया जाएगा। 48 अतिरिक्त टीएमआर कर्मचारी की तैनाती भी की गई है। यह कर्मचारी जलभराव को विशेष रूप से प्रबंधित करने का काम करेंगे।



उपाध्याय ने बताया कि जलजमाव वाले क्षेत्रों की 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी की जाएगी। एनडीएमसी कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से सभी जलजमाव वाले स्थलों की निगरानी करेगा। इसके अलावा सुपर सक्शन मशीन भी तैनात की गई है। जल जमाव होने या फिर कचरा फंसने पर यह सुपर सक्शन मशीन 24 घंटे काम करेंगी। बता दें कि शुक्रवार को हुई मॉनसून की पहली बरसात में ही दिल्ली में बाढ़ जैसे हालात हो गए। दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनी से लेकर वीवीआईपी इलाके एनडीएमसी और कैंट तक का बुरा हाल रहा। कई सांसदों के घरों में पानी घुस गया। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के घर में भी पानी घुस गया। इसी को देखते हुए एनडीएमसी ने बरसात में जलजमाव से निपटने के लिए विशेष तैयारियां की है ताकि फिर ऐसे हालात न हो।

## देश भर के सभी एयरपोर्ट के स्ट्रक्चरल ऑडिट का आदेश

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 की छत ढहने को लेकर सियासत अपने चरम पर है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने आश्वासन दिया है कि घटना को लेकर सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशभर के एयरपोर्ट्स की स्ट्रक्चरल प्रीलिम्नरी इंस्पेक्शन यानी उनके ढांचों की जांच की जाएगी। नायडू ने कहा हम इस तरह की घटनाओं को दोबारा नहीं होने देना चाहते हैं। इसलिए हम सभी एयरपोर्ट्स के ढांचों की जांच सुनिश्चित करेंगे। हमने देशभर के सभी एयरपोर्ट्स से 2-5 दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी है, जिसके बाद हम देखेंगे कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या जरूरी कदम उठाए जाने की जरूरत है। दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल पर हुए इस हादसे में 45 वर्षीय एक कैब ड्राइवर की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हुए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की तरफ से एयरलाइन्स के लिए सर्कुलर भी जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि वे फ्लाइट के किराए में इजाफा नहीं करें। उड्डयन मंत्री ने बताया, "जब इस तरह की घटनाएं होती हैं तो हवाई किराए में बढ़ोतरी देखने को मिलती है। इसलिए हमने टिकटों का किराया न बढ़ाने और कीमतें एक समान बनाए रखने पर एयरलाइंस को एक और सर्कुलर जारी किया है। उन्होंने बताया कि टर्मिनल-1 को बंद कर दिया गया है। फ्लाइट मूवमेंट टर्मिनल-2 और 3 से हो रही है।



### संक्षिप्त समाचार...

### शिअद दिल्ली स्टेट में शामिल हुए युवा सिख



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): शिरोमणी अकाली दल (शिअद) दिल्ली स्टेट में शनिवार को कई युवा सिख शामिल हुए हैं। इस अवसर पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के प्रधान हरमीत सिंह कालका ने बताया कि इन युवाओं के पार्टी में शामिल होने का मैं स्वागत करता हूं। इसके साथ ही उन्होंने हरजोत सिंह को यूथ अकाली दल दिल्ली का महासचिव घोषित किया। उन्होंने कहा कि हरजोत सिंह में सिख कौम के प्रति काम करने और सेवा करने का जुनून है। उन्होंने पार्टी में शामिल हुए बाकी नौजवानों को कहा की हरजोत सिंह ने प्रेरित करके आपको आज हमारी पार्टी की सदस्यता दिलाई जिसके लिए हम आप सभी का स्वागत करते हैं। कालका ने कहा कि शिरोमणी अकाली दल सिखों और पंथ की सबसे पुरानी पार्टी है जिसकी स्थापना 1920 में हुई थी और यह 104 साल पुरानी पार्टी है, जिस उद्देश्य से इस पार्टी का गठन किया गया था हमने उसी सिद्धांत को लेकर इस पार्टी का नाम शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट रखा। इस अवसर पर हरजोत सिंह ने कहा कि वो पार्टी द्वारा दिए गए सत्कार के लिए आभारी है और पार्टी की मजबूती के लिए दिन रात बढ़-ढ़कर कार्य करेंगे।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा के खिलाफ 'आप' का प्रदर्शन

**आप नेताओं ने कहा, बंद हो सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग, केजरीवाल को रिहा करो**


**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को भाजपा मुख्यालय के पास प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में आप सरकार के मंत्री, विधायक, पार्षद और पदाधिकारियों के अलावा सैंकड़ों कार्यकर्ता पहले पार्टी मुख्यालय पर एकत्र हुए। बीमार होने के बावजूद कैबिनेट मंत्री आतिशी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। यहां से वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में कार्यकर्ता नारे लिखे पोस्टर-बैनर लिए भाजपा मुख्यालय की तरफ कूच किए तो दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक लिया। इसके विरोध में वे सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अरविंद केजरीवाल को जल्द रिहा करने की मांग की। आप के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि आम आदमी पार्टी के इस देशव्यापी प्रदर्शन के पीछे का मकसद यह बताना था कि देश संविधान से चलेगा, तानाशाही से नहीं। देश में सबसे बेहतर काम करने वाले केजरीवाल को झूठे केस में जेल में डाल रखा है। वहीं आप के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने कहा कि भाजपा चाहे जितनी साजिश कर ले, लेकिन जनता के लिए शुरू किए गए केजरीवाल के काम रुकने वाले नहीं हैं।



## आप विरोध प्रदर्शन में 400 लोगों की भीड़ भी न जुटा सकीः सचदेवा

- *कहा आप नेताओं में संवैधानिक या न्यायिक प्राधिकरणों के प्रति कोई सम्मान नहीं*

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब के लोगों का विश्वास खो दिया है, जिन्होंने हाल ही में दोनों राज्यों में लोकसभा चुनावों में पार्टी को खारिज कर दिया। लोग आप से पूरी तरह से अलग हो चुके हैं और बार-बार हमने देखा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप नेताओं के विरोध की कॉल का कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है। फिर आप नेताओं ने सीबीआई द्वारा सीएम की गिरफ्तारी के खिलाफ एक बड़े प्रदर्शन की कॉल की, लेकिन अपनी पूरी कोशिशों के बावजूद 60 मौजूदा विधायकों वाली पार्टी मुश्किल से 400 लोगों को ही विरोध के लिए जुटा सकी।



वीरेंद्र सचदेवा

सचदेवा ने कहा है कि बार-बार हमने देखा है कि आप नेताओं में संवैधानिक या न्यायिक प्राधिकरणों के प्रति कोई सम्मान नहीं है और ईडी के उच्च न्यायालय में जाने पर आप नेताओं की प्रतिक्रिया देखकर यह बात स्पष्ट हो गई है प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि भारतीय न्यायिक प्रणाली के तहत हर व्यक्ति या जांच एजेंसी को किसी भी निचली अदालत के आदेश से असंतुष्ट होने पर उच्च न्यायालय में जाने का अधिकार है, लेकिन जिस तरह से आप नेता ईडी के उच्च न्यायालय में जाने के खिलाफ बोल रहे हैं, ऐसा लगता है कि उन्हें उच्च न्यायालय की निष्पक्षता पर कोई भरोसा नहीं है।

### डॉक्टर्स डे : आयुष्मान भारत मिशन स्वास्थ्य सेवा को करेगा मजबूत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : आज की तेजी से बदलती दुनिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे हमारी आशाओं का प्रतीक हैं, जैसा कि कोविड-19 महामारी के दौरान स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुआ है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने शनिवार को मैनकाइंड फार्मा के साथ प्रतिष्ठित डॉक्टर्स डे कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि के तौर पर कहीं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर हमारे सफेद पोशाक वाले नायक हैं। डॉ. सिंह ने विकसित भारत के सिद्धांतों के आधार पर राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। बता दें कि इस वर्ष का कार्यक्रम, 29 जून को राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे से एक दिन पहले दिल्ली में आयोजित किया गया, जो भारतीय स्वास्थ्य सेवा में डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्थायी विरासत को एक भव्य श्रद्धांजलि है।

### इस्कॉन मंदिर में 'आम महोत्सव' का आयोजन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): ईस्ट ऑफ़ कैलाश स्थिति इस्कॉन मंदिर में आज "आम महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्री श्री राधा पार्थसार्थी, ललिता-विशाखा , सीताराम, लक्ष्मण, हनुमान, श्री श्री गौर-निताई और लक्ष्मी नरसिंह , प्रह्लाद महाराज को 11 हजार किलो आम का भोग लगाया जायेगा। इस्कॉन के कम्युनिकेशन डायरेक्टर इंडिया व्रजेंद्र नंदन दास ने बताया कि भक्तों के द्वारा आम के मौसम में भगवान को आम का भोग अर्पण करके " आम महोत्सव " धूमधाम से मनाते हैं और रात्रि को पट बंद होने से पहले दर्शनार्थी भक्तों को वितरित कर देते हैं । यही नहीं आयोजन के दूसरे दिन भी आम प्रसाद को इस्कॉन के दानवीरों , भक्तों को बांटा जाता है।



## भाजपा ने जांच एजेंसियों का किया दुरुपयोगः संजय सिंह

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : सीएम अरविंद केजरीवाल को सीबीआई की कस्टडी के बाद शनिवार को न्यायिक हिरासत भेजे जाने पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल पूरी तरह से बेकसूर हैं। भाजपा सरकार ने जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर उनके खिलाफ फर्जी केस बनाया है। अब एक जुलाई को इंडिया गठबंधन जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ संसद में विरोध प्रदर्शन करेगा। आज सीबीआई ने कोर्ट में वही पुरानी दलीलें रखी, जो पिछले दो साल से हम सुनते आ रहे हैं, जिसका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं है। केजरीवाल को पीएमएलए में जमानत मिली है। इस केस में किसी को तभी जमानत मिलती है, जब कोर्ट उसके निर्दोष होने पर संतुष्ट होता है। ट्रायल कोर्ट ने जमानत देते वक्त साफ कहा था कि केजरीवाल के खिलाफ कोई सबूत नहीं और ईडी दुर्भावना से काम कर रही है। लेकिन ईडी ने हाईकोर्ट से जमानत पर स्टे ले लिया। वहीं, जब सुप्रीम कोर्ट से उनको जमानत मिलने वाली थी, तभी सीबीआई को भेजकर उन्हें दोबारा गिरफ्तार करा लिया। संजय सिंह ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामले में हमने देखा कि क्या हुआ है। ईडी ने पांच महीने तक हेमंत सोरेन को जेल में रखा। पांच महीने बाद हाईकोर्ट ने कहा कि इनके खिलाफ कोई सबूत नहीं हैं।



संजय सिंह

**दिल्ली के सतबड़ी में काटे गए 1100 पेड़ों को लेकर केजरीवाल सरकार के मंत्रियों ने की बैठक**

## किसके आदेश पर कटे पेड़, सच तलाशेंगे 'आप' मंत्री

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दक्षिणी दिल्ली के रिजर्व फारेस्ट एरिया में अवैध रूप से 1100 पेड़ काटने पर केजरीवाल सरकार ने सख्त रूख अपनाया है। दिल्ली सरकार ने कहा है कि पेड़ डीडीए द्वारा काटे गए हैं। इस संबंध में शनिवार को सरकार के सभी मंत्रियों की बैठक हुई। तबीयत खराब होने की वजह से कैबिनेट मंत्री आतिशी ने ऑनलाइन हिस्सा लिया। बैठक में मंत्रियों की तीन सदस्यीय एक समिति का गठन किया गया है। जिसकी रिपोर्ट सरकार कोर्ट में पेश करेगी। बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि इन पेड़ों को काटने का आदेश किसने दिया, इसकी सच्चाई पता करने के लिए मंत्रियों की तीन सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी (तथ्यान्वेषी समिति) बनाई गई है। समिति में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज, आतिशी और इमरान हुसैन शामिल हैं।



### सुप्रीम कोर्ट जानना चाहता है, किसके आदेश पर कटे पेड़ः राय

राय ने कहा कि दिल्ली के छतरपुर, सतबड़ी से चौंकाने वाली घटना सामने आई है कि फरवरी के महीने में डीडीए ने सभी नियमों का उल्लंघन करते हुए किसी एजेंसी या सरकारी से अनुमति के बिना 1100 पेड़ काट दिए। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही है। डीडीए के उपाध्यक्ष से कोर्ट बार-बार यही पूछ रहा है कि राजधानी दिल्ली में किसके आदेश पर 1100 पेड़ अवैध तरीके से काट दिए गए। कोर्ट पूछ रहा है कि क्या यह आदेश एलजी ने दिए थे, क्योंकि डीडीए के कुछ इंजीनियर्स के कम्यूनिकेशन से पता चलता है कि एलजी ने छतरपुर के फॉरेस्ट रिजर्व क्षेत्र का दौरा किया था और उनके मौखिक आदेश पर यह पेड़ काटे गए। सुप्रीम कोर्ट इसकी सच्चाई जानना चाहता है।

### रिमाइंडर नोटिस भेजने के बाद भी वन विभाग ने नहीं भेजी रिपोर्टः राय

राय ने कहा कि सारी जानकारी मिलने के बाद 26 जून को शाम 4 :30 बजे दिल्ली सचिवालय में वन विभाग के उच्च अधिकारी के साथ बैठक की। जिसमे उन्होंने बताया कि वन विभाग ने डीडीए को दिल्ली के दो अलग-अलग इलाकों में अवैध तरीके से पेड़ काटने के संबंध में 5 और 22 मार्च को दो नोटिस भेजे, लेकिन उनका कोई जवाब नहीं आया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए मैंने उन्हें 27 जून को 11 बजे तक फरवरी से अब राय ने बताया कि वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वह छुट्टी पर चले गए हैं। जिसके बाद हमने 28 जून को फिर अगला नोटिस भेजा, चूंकि यह बहुत गंभीर मामला है।

### कार्यकर्ताओं का बांसुरी ने किया अभिवादन




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नई दिल्ली लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी रहीं बांसुरी स्वराज को एतिहासिक जीत दिलाने पर शनिवार को आभार व्यक्त करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन वसंत विहार के सी ब्लॉक मार्केट गृह कल्याण केंद्र परिसर में किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक अनिल शर्मा भी मौजूद रहे। सांसद बांसुरी स्वराज ने आरडब्ल्यूए, मार्केट एसोसिएशन, धार्मिक संस्थाओं व् अन्य संस्थाओं का आभार व्यक्त कर सभी का अभिवादन किया। साथ ही उन्होंने सभी संस्थाओं को यह आश्वासन दिया कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या आए तो उसका हल करने के लिए वह सदैव उनके साथ खड़ी नजर आएंगी।

हरियाणा सरकार



"दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें अंत्योदय का मार्ग दिखाया था। यानि जो समाज की आखिरी पंक्ति में हैं, उनका उदय। 21वीं सदी का भारत इसी विचार से प्रेरणा लेते हुए अंत्योदय के लिए काम कर रहा है। जो विकास के आखिरी पायदान पर है, उसे विकास के पहले पायदान पर लाने के लिए काम हो रहा है।"

**- नरेन्द्र मोदी**

# नए लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण

वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांगजन पेंशन, विधवा पेंशन, विधुर और अविवाहित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता योजना के तहत

## 75,000 नए लाभार्थियों को पेंशन वितरण

## मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 6300 लाभार्थियों को

### अधिकार-पत्र वितरण

- प्लॉट की वास्तविक कीमत या एक लाख रुपये जो भी कम हो, की वित्तीय सहायता
- अधिकार-पत्रों का वितरण 17 अन्य जिलों अम्बाला, भिवानी, चरखी दादरी, फरीदाबाद, फतेहाबाद, गुरुग्राम, हिसार, जींद, झज्जर, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, सिरसा, सोनीपत और यमुनानगर में भी होगा

## डॉ. बी. आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत लाभार्थियों को

### लाभ वितरण

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम

मुख्य अतिथि

**श्री नायब सिंह**

मुख्यमंत्री, हरियाणा

**अधिकार-पत्र हेतु अधिक जानकारी के लिए**

संपर्क करें : 0172-3520001

अथवा

वेबसाइट www.hfa.haryana.gov.in पर जाएं

दिनांक - 30 जून, 2024 । समय - दोपहर 2 बजे

स्थान - अनाज मंडी, पानीपत

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री बिशम्बर सिंह**
राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय विभाग, हरियाणा

**श्री सुभाष सुधा**
राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार
सबके लिए आवास
हरियाणा

**श्री महिपाल ढांडा**
राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार
विकास एवं पंचायत
हरियाणा

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

SAMVAD RO.NO.1089/13/1640/2025/27256/142/7 dt 29/06/2024

## खुद को फंसता देख आरोपी कार छोड़कर भागा, पुलिस ने मासूमों को सकुशल किया बरामद

# कार में बच्चों को छोड़ मिठाई लेने गया दंपति बच्चों का अपहरण कर मांगी 50 लाख की फिरौती

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के शकरपुर इलाके में स्टार्ट कार में बच्चों को छोड़कर मिठाई की दुकान पर सामान लेने गए दंपति के बच्चों का एक बदमाश ने अपहरण कर लिया। इसके बाद उसने परिजनों को फोन कर मासूमों को छोड़ने के एवज में 50 लाख की ड़िमांड की। परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर पूरे डिस्ट्रिक्ट में वायरलेस पर मासूमों के अपहरण होने की जानकारी दी और कार नंबर भी सर्कुलेट किया। शकरपुर व लक्ष्मी नगर थाने की कई टीमें लगातार आरोपी का पीछा कर रही थी। खुद को फंसता देख आरोपी मासूमों को कार में छोड़कर भाग गया। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि इस मामले में आउटर-नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट पुलिस और आरपीएफ ने भी उनका बहुत सहयोग किया है। पुलिस ने दोनों मासूमों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया है। शकरपुर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11.40 बजे शकरपुर थाना पुलिस को उनकी ही कार में 11 वर्षीय लड़की और तीन वर्षीय लड़के के अहपरण होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। कॉलर ने पुलिस को बताया कि उन्होंने विकास मार्ग पर हीरा स्वीट्स के सामने अपनी कार खड़ी की थी। बच्चों को स्टार्ट कार में छोड़कर व दुकान से कुछ मिठाइयां खरीदने चले गए। इसी दौरान अपहरणकर्ता कार में घुस और उसने दोनों बच्चों का अपहरण कर फरार हो गया। अपहरणकर्ता ने बच्चों की मां के मोबाइल ने उनके पिता को फोन कर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी। इसके बाद तुरंत एसए्चओ शकरपुर संजय कुमार गुप्ता और लक्ष्मी नगर एसएचओ सुरेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में दो टीमें बनाई गई।




### कार में सभी सामान भी मिला सुरक्षित

उपायुक्त ने बताया कि गहने, मोबाइल फोन समेत कार में रखी मूल्यवान वस्तुएं कार से सुरक्षित मिली क्योंकि पुलिस द्वारा लगातार पीछा किए जाने के कारण अपहरणकर्ता को इन्हें ले जाने का वक्त नहीं मिला। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है।

### एक टीम के साथ मां तो दूसरी के साथ मौजूद थे पिता

आरोपी को पकड़ने के लिए बनाई गई शकरपुर एसएचओ की टीम के साथ मां और लक्ष्मी नगर एसएचओ की टीम के साथ पिता मौजूद थे। करीब 20 गाड़ियों की मदद से करीब तीन घंटे तक अपहरणकर्ता का पीछा किया गया। इसी बीच अपहरणकर्ता ने बच्चों के साथ समयपुर बादली इलाके के पास कार छोड़ दी और मौके से फरार हो गया।

### करीब 100 किलोमीटर तक किया पीछा

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस बीच आरोपी ने दिल्ली की सड़कों पर 100 किलोमीटर से अधिक समय तक गाड़ी चलाई। उन्होंने बताया कि आखिरकार पुलिस बच्चों को बचाने में कामयाब रही। बच्चे पुरी तरह सुरक्षित हैं। उपायुक्त ने बताया कि बच्चों को उनके माता-पिता को सौंपा गया है। इसके बाद दंपति ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। पीड़ित माता-पिता ने कहा कि पुलिस ने सूचना मिलने के बाद जिस प्रकार तत्परता दिखाई। उसी का परिणाम है कि दोनों बच्चे उनके सुरक्षित हैं।

# एडहॉक सर्विस पूरी काउंट कराने की प्रोफेसरों ने की मांग

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से संबद्ध विभिन्न कॉलेजों में पिछले दो साल में लगभग 55 कॉलेजों में 4600 सहायक प्रोफेसर की स्थायी नियुक्ति हुई है। जिन शिक्षकों का प्रोबेशन काल पूरा हो गया है वे अब अपनी प्रमोशन के लिए आवेदन करना चाहते हैं। बता दें कि अभी तक डीयू के कॉलेजों में स्थायी नियुक्ति के बाद तदर्थ शिक्षकों की चार साल की सर्विस काउंट होती थी। डीयू में एक साथ इतनी स्थायी नियुक्ति नहीं हुई थीं और शिक्षकों द्वारा आसानी से चार साल की एडहॉक सर्विस काउंट के बाद प्रमोशन ले लेते थे लेकिन इन शिक्षकों में 5 साल से लेकर 25 साल तक एडहॉक शिक्षक है जो अपनी पूरी सर्विस काउंट कराने के लिए शिक्षकों ने मोर्चा खोल दिया है। इन शिक्षकों ने डूटा को अपना मांग पत्र दिया है जिसमें मांग की गई है कि उनकी पूरी एडहॉक सर्विस काउंट कराई जाए जैसा 2014 से पहले पूरी सर्विस काउंट होती रही है। यह कहना है फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन का। उन्होंने बताया कि डूटा को मांग पत्र देने के साथ इन्होंने गूगल फॉर्म भरने की शिक्षकों से अपील की है कि वह कितने साल से एडहॉक टीचर्स के रूप में रहे हैं। डॉ सुमन का कहना है कि अरबिंदो कॉलेज के एक शिक्षक ने बताया है कि अभी तक लगभग 1100 शिक्षकों ने गूगल फॉर्म भरा है। डॉ. हंसराज सुमन ने कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह को पत्र लिखकर मांग की है कि डीयू में लंबे समय से शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने के कारण एडहॉक शिक्षकों का शिक्षण अनुभव (टीचिंग एक्सपीरियंस) 5, 10 वर्ष से 20-22 और उससे अधिक अनुभव रखने वाले शिक्षक हैं।

**स्थायी हुए 4600 टीचर्स में से अभी तक 1100 स्थायी शिक्षक भर चुके हैं गूगल फॉर्म**


# युवक पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंबाब केसरी) :आउटर डिस्ट्रिक्ट के एएटीएस स्टाफ ने दीपक नामक युवक पर चाकू मारने की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान यशी बागरी (20) के रूप में हुई है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी जिम्मी चिरम ने बताया कि बुधवार को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में एक युवक को चाकू लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर पुलिस को पीड़ित दीपक का भाई मिला। उसने पुलिस को बताया कि उसका भाई घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान हमलावरों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए इंस्पेक्टर परवीन कुमार के नेतृत्व में एसआई दीपक, एसआई राजकुमार, एएसआई शक्ति, एचसी अमित, एचसी मंजीत, एचसी सुनील, सीटी संजीव और सीटी आर्य की एक टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके टीम ने एक आरोपी की पहचान यशी बागरी के रूप की। इसके बाद टीम ने आरोपी को कई इलाकों में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# केंद्रीय विवि रैंकिंग में जेएनयू शीर्ष पर, डीयू का दूसरा स्थान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क ने अपनी रैंकिंग जारी कर दी है। आईआईआरएफ रैंकिंग 2024 ऑफिशियल वेबसाइट iirfranking.com पर चेक कर सकते हैं। जो स्टूडेंट्स इस साल किसी यूनिवर्सिटी में दाखिला लेने की तैयारी में हैं, वह आईआईआरएफ रैंकिंग 2024 के आधार पर अपनी लिस्ट बना सकते हैं। आईआईआरएफ रैंकिंग 2024 से आप विभिन्न पैरामीटर्स पर बेस्ट यूनिवर्सिटी का स्टेटस चेक कर सकते हैं।

अलग-अलग संस्थाएं हर साल अपनी रैंकिंग लिस्ट जारी करती हैं। इनमें सबसे कॉमन एनआईआरएफ और आईआईआरएफ हैं। आईआईआरएफ ने हाल ही में देश की टॉप केंद्रीय यूनिवर्सिटीज की लिस्ट जारी की है। इस साल इस लिस्ट में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) टॉप पर है। जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) दूसरे स्थान पर है। जेएनयू के वीसी प्रोफेसर शांतिश्री डी पंडित ने इस उपलब्धि के लिए शैक्षणिक समुदाय को बधाई दी। इस रैंकिंग में 300 से ज्यादा



यूनिवर्सिटी, 350 इंजीनियरिंग कॉलेज, 150 से ज्यादा बिजनेस स्कूल, 50 लॉ कॉलेज, 50 डिजाइन स्कूल, 50 आर्किटेक्चर कॉलेज और 100 से ज्यादा अंडर ग्रेजुएट कॉलेजों का मूल्यांकन किया गया है। इसी दौरान बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) ने भी शोध, छात्र परिणाम और संकाय गुणवत्ता में अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है। शीर्ष डीम्ड विश्वविद्यालयों (सरकारी और निजी) की श्रेणी में, बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) और मुंबई में होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान को उनकी निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए मान्यता दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार...

### ग्रांट फॉर ऑर्गेनाइजिंग कॉन्फ्रेंस योजना शुरू



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने एआईसीटीई अप्रूव्ड संस्थानों के लिए ग्रांट फॉर ओर्गनाइजिंग कॉन्फ्रेंस (जीओसी) यानि सम्मेलन आयोजित करने के लिए अनुदान योजना शुरू की है। इस योजना के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी, प्रबंधन और होटल प्रबंधन सहित विभिन्न क्षेत्रों में सम्मेलन आयोजित करने के लिए संस्थानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना लांच करते हुए एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीताराम ने इसके प्राथमिक उद्देश्य पर जोर देते हुए कहा कि इस योजना का मकसद ज्ञान, अनुभव और शोध के निष्कर्षों को साझा करने के लिए देश-विदेश के शिक्षाविदों और विशेषज्ञों को एक साथ लाना है। इस पहल का उद्देश्य विभिन्न विषयों का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करना और शैक्षणिक एवं शोध संस्थानों के प्रतिभागियों के ज्ञान को भविष्य की जरूरत को ध्यान में रखते हुए अपडेट करना है। इस योजना की कैटेगरी बी का लाभ बीबीए/बीसीए/बीएमएस कॉलेज भी उठा सकते हैं। योजना के माध्यम से शिक्षाविद, उद्योग जगत और अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ ज्ञान का प्रसार और आदान-प्रदान कर सकते हैं। यह योजना नेटवर्किंग के कौशल को भी बढ़ावा देगी जो कि तकनीकी और प्रबंधन छात्रों के लिए आवश्यक है।


### डिज़ाइन प्रोग्राम के लिए काउन्सलिंग की घोषणा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आईपी यूनिवर्सिटी ने डिजाइन के सभी प्रोग्राम बी-डिज़ाइन (सीईटी कोड 600), एम-डिजाइन (सीयूईटी कोड 611) और लैटरल एंट्री टू बी-डिज़ाइन में दाख़िले के लिए आयोजित की जाने वाली काउन्सलिंग की घोषणा कर दी है। काउन्सलिंग ऑफलाइन मोड में यूनिवर्सिटी के द्वारका कैम्पस में आयोजित की जाएगी। एम-डिज़ाइन और लैटरल एंट्री टू बी-डिज़ाइन की काउन्सलिंग 3 जुलाई को और बी-डिज़ाइन की काउन्सलिंग 4 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इन तीनों प्रोग्राम में दाख़िले के लिए होने वाली काउन्सलिंग में वैसे उम्मीदवार भाग ले सकते हैं जिन्होंने यूनिवर्सिटी द्वारा इस प्रोग्राम के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है या इससे संबद्ध राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की और काउन्सलिंग के लिए ऑनलाइन पंजीकरण किया है। आवेदक को अपने साथ यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के पक्ष में निर्गत 2,30,500 रुपए का बैंक ड्राफ्ट, चार पासपोर्ट आकार की अपनी तस्वीर, अड्मिट कार्ड और रैंक कार्ड लेकर काउन्सलिंग में आना है। ये प्रोग्राम यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ डिज़ाइन एंड इनोवेशन में उपलब्ध हैं। बी-डिज़ाइन में 132, एम- डिज़ाइन में 49 और लैटरल एंट्री टू बी-डिज़ाइन में तक़रीबन 25 सीटें उपलब्ध हैं। विस्तृत जानकारी यूनिवर्सिटी की दोनों वेबसाइड https://ipu.admissions.nic.in और https://ipu.ac.in पर उपलब्ध है।

### एमएससी प्रोग्राम की 4 को दूसरी काउन्सलिंग

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आईपी यूनिवर्सिटी के एमएससी (इन्वायरॉन्मेंट मैनेजमेंट) प्रोग्राम (सीईटी कोड 111) की दूसरी ऑफलाइन काउन्सलिंग 4 जुलाई को द्वारका कैम्पस में आयोजित की जाएगी। काउन्सलिंग के दिन ही दस्तावेज सत्यापन के उपरांत रैंक के अनुसार सभी श्रेणी के आवेदकों को सीट आवंटित कर दिया जाएगा। इस प्रोग्राम की काउन्सलिंग में वैसे उम्मीदवार भाग ले सकते हैं जिन्होंने इस प्रोग्राम से संबद्ध सीयूईटी पीजी 2024 परीक्षा उत्तीर्ण की है और इस प्रोग्राम के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। काउन्सलिंग के लिए आवेदक को यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के पक्ष में निर्गत 1,16,500 रुपए का एक बैंक ड्राफ्ट सीयूईटी का एडमिट कार्ड, रैंक कार्ड और चार पासपोर्ट आकर के फ़ोटो लाना आवश्यक है। यह प्रोग्राम यूनिवर्सिटी स्कूल औफ इन्वायरॉन्मेंट मैनेजमेंट में उपलब्ध हैं जिसमें 60 सीटें उपलब्ध हैं। इस प्रोग्राम के महत्व को रेखांकित करते हुए यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इन्वायरॉन्मेंट मैनेजमेंट के डीन प्रो. वरुण जोशी ने बताया कि पूरी दुनिया जिस तरह से पर्यावरणीय चुनौतियों से जूझ रही है इस फ़ील्ड में अवसर बेशुमार हैं।

आपके सपने हमारा संकल्प



15 मार्च 1943 – 30 जून 2007

परम पूजनीय

डॉ. साहिब सिंह जी

की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन

30 जून 2024, रविवार

प्रार्थना सभा – प्रातः 7:30 बजे

स्थान : स्वाभिमान स्थल, घेवरा मोड़, दिल्ली

राष्ट्रीय स्वाभिमान

प्रवेश साहिब सिंह


पूर्व सांसद-पश्चिमी दिल्ली, सहप्रभारी - राजस्थान

parveshsahibsingh p_sahibsingh

# सिरसपुर अंडरपास में बारिश के पानी में डूब कर दो बच्चों की दर्दनाक मौत

## कहीं बिजली के तार की चपेट में तो नहीं आए दोनों बच्चे, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में होगा मौत के कारणों का खुलासा...

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): बादली स्थित सिरसपुर अंडरपास में भरे बारिश के पानी में डूबकर दो बच्चों की शनिवार दोपहर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए दोनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला और पुलिस की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।



मृतक बच्चा गोपाल

पुलिस ने एक मृतक बच्चे की पहचान 12 वर्षीय गोपाल के तौर पर की है, जबकि दूसरे की पहचान की कोशिश की जा रही है। लोगों ने पानी में करंट से भी मौत की आशंका व्यक्त की है। दरअसल अंडरपास में सिर्फ ढाई से तीन फीट ही पानी भरा हुआ था। ऐसे में बच्चों की पानी में डूबकर मौत की बात पर यकीन नहीं हो रहा। हालांकि पुलिस का कहना है कि दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। अभी तक की जांच में माना जा रहा है कि दोनों बच्चे यहां नहाने के लिए आ गए होंगे। जिसके बाद पानी में डूब कर मौत का शिकार हो गए। यहां बता दें कि राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को आफत बनकर बरसी बारिश में अब तक दस लोगों की मौत हो चुकी है। डीसीपी (आउटर-नॉर्थ) रवि कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार दोपहर 2.25 बजे दिल्ली मेट्रो के पास सिरसपुर अंडरपास में एक लड़के के डूबने की सूचना मिली थी। यह कॉल बच्चे की मां द्वारा ही की गई थी। यह पता चलते ही पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए। अंडरपास में करीब ढाई से तीन फीट पानी भरा हुआ था।दिल्ली दमकल विभाग के डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि तुरंत मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। पानी से एक नहीं दो बच्चों अचेत अवस्था में मिले। एंबुलेंस की मदद से दोनों को तुरंत बाबू जगजीवन राम अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने एक मृतक बच्चे की पहचान गोपाल के तौर पर की है, हालांकि दूसरे बच्चे की अभी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी पहचान करने की कोशिश में जुटी है।- ट्रैफिक पुलिस ने अंडरपास किया बंद - वहीं, इस दर्दनाक हादसे के बाद दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने सिरसपुर अंडरपास को ट्रैफिक के लिए बंद करवा दिया। पुलिस अधिकारी की मानें तो प्रथम दृष्टया से लगता है कि ये दोनों बच्चे अंडरपास में जमा बारिश के पानी में नहाने गए होगें। बीच में ज्यादा गहरा पानी था।



इसी जगह पर हुई बच्चों की मौत।

जहां डूबने से दोनों की मौत हो गई। हालांकि लोगों का कहना है कि जब पानी ढाई से तीन फीट ही था, तो बच्चे कैसे डूब सकते हैं। आशंका व्यक्त की है कि कहीं बिजली के तार की चपेट में आने से दोनों बच्चों की मौत तो नहीं हुई। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। उसके आधार पर ही पुलिस आगे मामले की जांच करेगी। पुलिस ने घटनास्थल की फोटो और वीडियोग्राफी भी की है। पुलिस घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक गोपाल सिरसपुर इलाके में ही अपने परिजनों के साथ रहता था। मासूम की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## सिरसपुर हादसे में बच्चों के परिजनों से योगेन्द्र चंदोलिया ने की मुलाकात



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उत्तर पश्चिमी दिल्ली से सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने उत्तर पश्चिमी दिल्ली के सिरसपुर अंडरपास में फंसकर करंट लगने से 2 बच्चों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। चंदोलिया ने बाबू जगजीवन राम अस्पताल में एक बच्चे के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और दिल्ली भाजपा की ओर से संवेदनाएं व्यक्त कीं। साथ ही उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि जब मंत्रियों को लोगों के लिए काम करना चाहिए, वे अपने जेल में बंद मुख्यमंत्री का समर्थन करने के लिए बयान देने में व्यस्त हैं। योगेन्द्र चंदोलिया ने शनिवार को सवाल उठाया कि जब दिल्ली वालों को पिछले दशक की सबसे भयंकर बारिश का सामना करना पड़ा, तब आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद, प्रमुख मंत्री, विधायक और आखिर पार्षद कहां थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली वाले जानना चाहते हैं कि जब दिल्ली ने पिछले दशक की सबसे भयंकर बारिश का सामना किया, तब दिल्ली वालों के खर्चे पर सुविधाएं उठाने वाले सांसद संजय सिंह कहां थे। इसी तरह आप सांसद एनडी. गुप्ता और स्वाति मालीवाल की अनुपस्थिति चौंकाने वाली है। एनडी गुप्ता पिछले 6 वर्षों से राज्यसभा सांसद हैं, लेकिन किसी ने उन्हें कभी दिल्ली वालों के किसी भी मुद्दे पर खड़ा होते नहीं देखा। यहां तक कि आप के विधायक और पार्षद भी गायब थे और मैं इसके लिए 3 सबूत देता हूं। किराड़ी में करंट लगने से 39 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई और मैंने दो बार उनके परिवार से मुलाकात की, उन्हें उनके पैतृक गांव जाने में मदद की, लेकिन स्थानीय आप विधायक ने उनसे मुलाकात तक नहीं की।

## सड़क हादसे में महिला की मौत, दो घायल



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के वजीराबाद इलाके में सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान मंजू देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। हादसे में महिला का पति चरणजीत और चालक मुकेश घायल हो गए। शुरुआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि हादसे के वक्त ऑटो खड़ा था। इसी दौरान पीछे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर मामले की छानबीन कर रही है।पुलिस के मुताबिक, वजीराबाद थाना पुलिस को हादसे की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गोपालपुर फुट ओवर ब्रिज के पास पहुंच गई। पुलिस को मौके पर ऑटो और उसका चालक मुकेश मिला। उसने पुलिस को बताया कि घायल व्यक्ति को निजी वाहन से अस्पताल ले जाया गया है। इसी बीच पुलिस को अस्पताल में सूचना मिली कि एक महिला की मौत हो गई है। उसकी पहचान मंजू देवी के रूप में हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार...

### शनि 15 नवंबर तक रहेंगे वक्री

**नई दिल्ली, (दिनेश शर्मा/पंजाब केसरी):** कलयुग के कोतवाल शनि महाराज अपनी स्वराशि कुंभ में 29-30 जून, 2024 की मध्य रात्रि 12:35 पर वक्री हो गए। ज्योतिष गणना के अनुसार शनि 15 नवंबर, 2024 की शाम 7:51 तक वक्री अवस्था में रहेंगे। इस समय कर्क और वृश्चिक राशि में शनि की अढ़ैया, मकर और कुंभ व मीन राशि में शनि की साढ़ेसाती चल रही है। इसका मिला-जुला असर सभी 12 राशियों पर होगा। विश्व की राजनीति व आर्थिक स्थिति जहां प्रभावित होगी, वहां भारत में भी छद्म आतंकवाद, महंगाई और प्राकृतिक प्रकोप परेशान करेंगे। सनातन धर्मी साधक नवीन कुमार सिसोदिया का कहना है कि भारत में सनातन धर्मी अनुष्ठान के चलते समस्याएं भी आएंगी तथा सफलताओं के राजा व प्रजा की छवि में बढ़ोतरी होगी। मेष राशि वालों को आर्थिक मामलों व कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। वृष राशि के जातकों को चल-अचल संपत्ति में इजाफा होगा। मिथुन राशि को अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा। कर्क राशि के पात्रों को कार्यक्षेत्र में बाधाएं तंग करेंगी। सिंह राशि वालों को व्यापार में संघर्ष झेलना पड़ सकता है। कन्या राशि के जातक रोग से बचाव करें। जीवन में संघर्ष से सफलता मिलेगी। तुला राशि के लिए कुछ नए संबंध लाभकारी हो सकते हैं। वृश्चिक के लिए कुछ विवादित मामलों में सफलता मिलेगी, मेहनत करनी होगी। धनु राशि वालों का रुके हुए कार्यों में पांच माह तक योग बनेगा। मकर राशि के लिए 5 महीने मेहनत वाले हैं। कुंभ राशि के लिए मिश्रित फल वाला काल है, जबकि मीन राशि के खर्चे बढ़ेंगे।

### बरसात में जलमग्न हुए घर, राशन हुआ खराब



**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): बाहरी दिल्ली के क्षेत्रों में बरसात के बाद लोगों के घरों में पानी भरा गया हैं। ऐसे में उनके घरों में रखा राशन (खाने पीने की वस्तुएं) तक खराब हो गया है। घरों में पानी भर जाने की वजह से घर का सारा सामान खराब हो गया है। इस जलभराव के चलते लोगों की रातों की नींद उड़ गई है। मुंडका, राजधानी पार्क, स्वर्ण पार्क, घेवरा गांव, रानीखेड़ा, किराड़ी, प्रेमनगर, अगर-नगर और मुबारक डबास में बरसात का पानी लोगों के घरों में भरा गया है। जिसके चलते लोगों का घरों में रहना दूभर हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना हैं की हर साल बरसात के मौसम में गलियों के अंदर पानी भर जाता है यही नहीं जिनके घर नीचले हिस्से में बने हुए है। इनके घरों के अंदर बरसात का पानी भर जाता है। ऐसे में लोगों को हर साल इस विकराल समस्या का सामना करना पड़ता है लेकिन इन सब के बावजूद प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठता है जिसके चलते हर साल लोगों को इस समस्या से दो-चार होना पड़ता है।चौगामा ग्रामीण समिति के अध्यक्ष विजेंद्र डबास का कहना है कि मुबारकपुर डबास की अधिकांश गलियों में पानी ही पानी भरा है जिसके चलते स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### पंजाबी बाग में पाइपलाइन लीकेज से जलभराव

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पंजाबी बाग चौक पर दिल्ली जल बोर्ड की पाइप लाइन लीकेज होने से जलभराव हो रहा है। लोगों का कहना है कि पाइप लाइन लीकेज होने से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। दिल्ली वाले पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। ऐसे में सड़क पर बह रहा यह पानी हजारों लोगों की प्यास बुझा सकता है। लेकिन संबंधित विभाग को इसकी कोई जानकारी ही नहीं है। या यह बोले की जानकारी होने के बावजूद भी वह इसकी सुध नहीं ले रहा है। जिसकी वजह से सड़क पर यह पानी बह रहा है। लोगों ने इसकी जानकारी एक्स पर साझा करते हुए कहा कि पानी की बर्बादी के साथ ही सड़क पर पानी भी भर गया है जिसके चलते लोगों को आवाजाही करने में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## जनता की समस्या सुलझाने के बजाए प्रदर्शन कर रही आप: कांग्रेस

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा है दिल्ली सरकार ने जनता को भगवान भरोसे छोड़ दिया है और दिल्ली की जनता राहत देने की जगह शराब घोटाले और मनी लांन्ड्रिंग के आरोपी मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर धरना प्रदर्शन कर रही है। देवेन्द्र यादव ने कहा है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी और भाजपा जनता की परेशानी को निपटाने की बजाए एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप की राजनीति करके दिल्ली की जनता को धोखा दे रही है। देवेन्द्र यादव ने कहा है कि केजरीवाल की जेल से रिहाई की मांग को लेकर भाजपा मुख्यालय पर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन करना बेमानी है क्योंकि आम आदमी पार्टी और भाजपा भ्रष्टाचार के मामले एक ही सिक्के के दो पहलू है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या इस विरोध प्रदर्शन से दिल्ली के लोगों को जल संकट, जलभराव, नालों में गाद और सड़कों पर भारी ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं से निजात मिल जाएगी। देवेंद्र यादव ने कहा है कि एक सोची समझी साजिश के तहत आम आदमी पार्टी दिल्ली वालों का ध्यान भटकाने के लिए यह विरोध प्रदर्शन कर रही है।उन्होंने कहा कि नेतृत्वहीन, भ्रष्टाचारी आम आदमी पार्टी द्वारा लगातार दिल्ली की जनता की भावनाओं के खिलवाड़ किया जा रहा है। उनके मुख्यमंत्री, निवर्तमान शिक्षा मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री जेल में है जबकि वर्तमान शिक्षा व स्वास्थ्य मंत्री भी जांच एर्जेसियों की सूची में है, जिससे साफ होता है कि आने वाले दिनों में केजरीवाल केबिनेट के अन्य सदस्य भी जेल में होंगे।



## सीएम को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने के फैसले का भाजपा ने किया स्वागत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा अरविंद केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के फैसले पर कहा है कि कानून अपना काम कर रहा है और जांच एजेंसी जो साक्ष्य रख रही है। उसी आधार पर न्यायालय अपना फैसला दे रहा है। यह बात अब स्पष्ट है कि शराब नीति के जरिए करोड़ों रुपये के घोटाले किए गए हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि पूछताछ के दौरान अरविंद केजरीवाल सीबीआई द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दे रहे हैं क्योंकि वह जानते हैं की सीबीआई का उनके खिलाफ मजबूत केस है और उनको सजा होना निश्चित है। उन्होंने कहा कि आखिर उन्होंने क्यों नहीं बताया कि विजय नायर के साथ उनका क्या संबंध है, आखिर शराब नीति में कमीशन 5 से 12 फीसद क्यों किया गया, जब कोरोना का दूसरा दौर था और दिल्लीवालों को अस्पतालों में बेड, दवाइयां, गैस सिलेंडर चाहिए थे, उस वक्त कौन सी मजबूरी थी, जो शराब नीति बनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा स्पष्ट रुप से 9 अप्रैल को कहा गया था कि पूरे शराब घोटाले में मुख्यमंत्री की संलिप्तता है, इसलिए आप नेताओं द्वारा एक विक्टिम कार्ड खेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने घोटाला किया है और उन्हें सजा मिलना तय है।

## 12 पत्रकारों को मिला देवऋषि नारद सम्मान




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : इन्द्रप्रस्थ विश्व संवाद केंद्र के तत्वावधान में शनिवार को देवऋषि नारद पत्रकार सम्मान 2024 का आयोजन किया गया। कांस्टीटयूशन क्लब के स्पीकर हॉल एनेक्सी में आयोजित इस सम्मान समारोह में विभिन्न श्रेणियों में 12 पत्रकारों को सम्मानित कियागया। पुरस्कार के लिए चयनित सभी को प्रमाण पत्र, स्मृतिचिन्ह, शाल और 11,000 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। वहीं डी डी न्यूज की सीनियर कंसल्टिंग एडिटर रीमा परासर को उत्कृष्टपत्रकार देवऋषि नारद सम्मान से सम्मानित किया गया। इन्हें प्रमाण पत्र, स्मृतिचिन्ह, शालतथा 21,000 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि देवऋषि नारद पत्रकार सम्मान 2024 के लिए इन्द्रप्रस्थ विश्व संवाद केंद्रद्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से 12 श्रेणियों में प्रविष्टियां मंगवाई गई थी। इनश्रेणियों में प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार कर सम्मानित होने वाले पत्रकारों काचयन करने के लिए एक सम्मानित निर्णायक मंडल (जूरी) का गठन किया गया था। निर्णायकमंडल में बुलंद भारत टीवी के एडिटर इन चीफ राज किशोर, डीडी न्यूज की महानिदेशक प्रिया कुमार, ऑर्गनाइजर की संपादक प्रफुल्ल केतकर,पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर, दैनिक जागरण के एसोसिएट एडिटर अनंत विजय एवं अन्य स्तंभकार एवं पैनालिस्ट शामिल थे। देवऋषि नारद पत्रकार सम्मान समारोह 2024 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिलभारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## मुठभेड़ के बाद एटीएम लूटने वाले मेवाती गैंग गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने देश के कई राज्यों में एटीएम लूटने वाले मेवाती गिरोह के सरगना समेत चार कुख्यात बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान नूंह, मेवात निवासी शहादत (29), मो. हाशिम (32), शकील (28) और दिलशाद (32) के तौर पर की है। आरोपी शहादत इस गिरोह का सरगना है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर करीब 19.5 लाख रुपए बरामद किए हैं। आरोपियों ने यह रकम असम से एक एटीएम से लूटी थी। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर आगे की जांच कर रही है।

डीसीपी स्पेशल सेल अमित कौशिक ने बताया कि एसीपी वेद प्रकाश के नेतृत्व में इंस्पेक्टर प्रफुल कुमार और रंजीत सिंह की टीम लगातार तीन महीने से इस गिरोह पर नजर रखे हुए थी। इसी बीच टीम को सूचना मिली कि गिरोह के सरगना समेत बदमाश पुल प्रहलादपुर इलाके में आने वाले हैं। सूचना के आधार पर टीम ने संभावित इलाके में चौकसी बढ़ा दी। इसी बीच टीम को एक संदिग्ध कार दिखाई दी, जिसके बाद एक टीम कार के आगे से और दूसरी टीम ने कार को पीछे से घेर लिया। इसके बाद टीम में कार सवार लोगों को बाहर आने को कहा। मगर चालक ने कार भागने की कोशिश की। टीम ने कार का पीछा किया। आगे आरोपियों की कार एक पेड़ से जा टकराई। आरोपी तुरंत कार से निकले। गिरोह के सरगना शहादत ने भागने के लिए पुलिस टीम पर गोली चलानी शुरू कर दी। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई और मुठभेड़ के बाद बदमाशों को दबोच लिया।

## वसंत विहार: निर्माणाधीन इमारत की बेसमेंट ढहने से तीन मजदूरों की मौत

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के वसंत कुंज इलाके में बारिश के दौरान एक निर्माणाधीन इमारत का बेसमेंट ढह गया। इसी दौरान तीन मजदूर भी उसमें फंस गए। सूचना मिलते ही मौके पर एनडीआरएफ, दमकल विभाग और पुलिस की टीम पहुंच गई। 24 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद तीनों मजदूरों को बाहर निकाला गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान संतोष (19), संतोष (19) और दयाराम (45) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब छह बजे पुलिस को सूचना मिली कि वसंत विहार के बी ब्लॉक स्थित 9/17 नंबर प्लॉट में निर्माणाधीन बिल्डिंग का बेसमेंट ढह गया है और मलबे के साथ तीन मजदूर भी दब गए है। करीब 30 फीट गहरे बेसमेंट में भरे पानी को निकालने के बाद उसका मलबा हटाया गया। इसके बाद तीनों के शवों को बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि प्लॉट के पास ही टीन शेड लगाकर मजदूरों ने सोने के लिए एक छोटा सा कमरा बनाया हुआ था। वह यही रहते थे। सुबह हुई तेज बारिश के बाद पेड़ उखड़कर टीन शेड पर गिर गया। इससे बेसमेंट ढहा गया और मजदूरों के सोने का कमरा भी ढह गया। बताया जा रहा है कि हादसे के समय तीन मजदूर बेसमेंट में भरे पानी में गिर गए। फिर उनके ऊपर मलबा गिर गया। मृतकों के शव शनिवार की सुबह निकाले जा सके।



# जिया हो बिहार के लाला... गर्दा उड़ा दिए

## मनोज तिवारी का गाया गाना 'ए राजा जी' हुआ वायरल



**सतेन्द्र त्रिपाठी**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सोशल मीडिया एक ऐसी जगह है जहां हर दिन कुछ न कुछ वायरल होता रहता है। कब कौन सा वीडियो या गाना सोशल मीडिया पर शोले फिल्म की तरह धूम मचा दे यह कहना मुश्किल है। ऐसा ही एक भोजपुरी गाना इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें मशहूर पॉप सिंगर माइकल जैक्सन, बीजेपी सांसद और भोजपुरी सुपरस्टार मनोज तिवारी के गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। मनोज तिवारी द्वारा पॉपुलर वेब सीरीज पंचायत में गाए गए गाने 'ए राजा जी" पर माइकल जैक्सन के डांस की जुगलबंदी देखते और सुनते ही बन रही है। मनोज तिवारी की आवाज में गाए इस गाने और माइकल जैक्सन का डांस कुछ ऐसा फिट बैठा है कि एक बार को इस वीडियो को देखकर ऐसा लगता है जैसे पॉपुलर ब्रेक डांसर भोजपुरी गाने पर ही डांस कर रहे हों। सोशल मीडिया में यह वीडियो अपलोड कर कैप्शन में लिखा है- अगर माइकल जैक्सन का कंसर्ट उत्तर प्रदेश में होता तो नजारा ऐसा होता।


### मनोज तिवारी के गाने पर नाचे माइकल जैक्सन!

सोशल मीडिया पर धूम मचा रहे इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एडिटिंग के सहारे पंचायत वेब सीरीज के कुछ मशहूर डायलॉग्स के साथ माइकल जैक्सन के डांस को मैशअप कर दिया है। इसके बैकग्राउंड में मनोज तिवारी का गाया गाना 'ए राजा जी" को फिट कर दिया गया है। आप भी इस डांस वीडियो को देखकर एक बार तो यही सोचेंगे कि माइकल जैक्सन सचमुच में इसी भोजपुरी गाने पर डांस कर रहे हैं। बता दें कि इंटरनैशनल पॉप स्टार माइकल जैक्सन आज भले ही अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके डांस और उनके मूव्स को फैन्स आज तक भुला नहीं पाये हैं।

### यूजर्स बोले... गरदा उड़ा दिया

इंस्टाग्राम पर अपलोड इस वीडियो को अब तक 80 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। वीडियो में आप देख सकते हैं कि माइकल जैक्सन अपने आइकॉनिक ब्लैक जैकेट और पैंट में नजर आ रहे हैं। जैसे ही वह डांस शुरू करते हैं, एडिटिंग की मदद से गाने को बदल दिया जाता है।

### 'रिंकिया के पापा गाना आज भी है हिट'...



बीजेपी सांसद मनोज तिवारी के कई भोजपुरी गाने पहले भी धूम मचा चुके हैं। फिल्म ' गैंग्स ऑफ वासेपुर" में मनोज तिवारी का गाया गाना ' जिया हो बिहार के लाला" आज भी हर भोजपुरी महफिल की पहली पसंद होता है। मनोज तिवारी ने भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक हिट दिए हैं। 'बबूनी के लगल बा सहर के हवा" फिल्म का गाना 'खुलल केस दक्खिन कमर राजधानी" और रिंकिया के पापा गाना सुपरहिट है। सालों बाद भी यह गाना खूब पसंद किया जाता है।



भोजपुरी भाषा में जो मिठास है, जो इसकी संस्कृति और सभ्यता है वह न सिर्फ भारत में बल्कि पूरे विश्व में विख्यात है। इस भाषा में अलग ही प्यार है। उसका जीता जागता उदाहरण मनोज तिवारी द्वारा गाया गया गीत है। जिसे पूरी दुनिया में प्यार मिला।

— **वीरेंद्र सचदेवा,** दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष




## राजौरी गार्डन बर्गर किंग हत्याकांड: एक आरोपी को दबोचा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राजौरी गार्डन में स्थित बर्गर किंग रेस्तरां में अमन की गोली मारकर हत्या के मामले में एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी की पहचान बिजेंद्र उर्फ गोलू (27) के रूप में हुई है। पुलिस उससे पूछताछ कर इस हत्याकांड में जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। एडिशनल कमिश्नर पीएस कुशवाहा ने बताया कि आरोपी हत्या करने के लिए दो बदमाश (शूटर) को अपने वाहन में लेकर मौके पर पहुंचा था। घटना के बाद स्थानीय पुलिस के अलावा स्पेशल सेल की टीमें बदमाशों को पकड़ने की कोशिश कर रही थी। टीम हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब में उनके कई संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की है। इसी बीच टीम को गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी बिजेंद्र को रोहिणी इलाके से दबोच लिया।

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# हेमंत सोरेन की जमानत

**झारखंड** के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत दे दी और हेमंत कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल से बाहर भी आ गए। भूमि घोटाले के आरोप में उन्हें 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। जनवरी में ही सभी राजनीतिक दल लोकसभा चुनावों की तैयारियां शुरू करने लग गए थे। चुनावों के दौरान वह जेल की दीवारों के पीछे रहे। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें शराब घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की तरह चुनाव प्रचार के लिए जमानत नहीं दी। चुनाव बीत गए तब जाकर उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिली है। जमानत देते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी भी की है कि हेमंत सोरेन प्रथम दृष्टया दोषी नहीं हैं।

कोर्ट ने कहा, "यह ध्यान देने योग्य है कि भानु प्रताप प्रसाद के परिसर से बरामद कई रजिस्टरों और रेवेन्यू रिकॉर्ड में याचिकाकर्ता (हेमंत सोरेन) या उनके परिवार के सदस्यों का नाम नहीं है।" "अगर व्यापक संभावनाओं पर भी जाएं तो स्पेसिफिक या अप्रत्यक्ष रूप से याचिकाकर्ता शांति नगर, बारागैन, रांची में 8.86 एकड़ भूमि के अधिग्रहण और कब्ज़े में शामिल नहीं लगते और ना ही 'अपराध से की गई आय' को छिपाने में शामिल दिखते हैं।" "किसी भी रजिस्टर/रेवेन्यू रिकॉर्ड में उक्त ज़मीन के अधिग्रहण और कब्ज़े में याचिकाकर्ता की प्रत्यक्ष भागीदारी का कोई ज़िक्र नहीं है।" "इस कोर्ट में दर्ज किए गए निष्कर्षों के आधार पर इस अदालत ने पाया है कि पीएमएलए की धारा 45 की शर्त पूरी करते हुए ये मानने का कारण है कि याचिकाकर्ता कथित अपराध का दोषी नहीं है।"

**अरविन्द केजरीवाल मामले में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इसी बीच हाईकोर्ट ने उनकी जमानत पर रोक लगा दी थी। हेमंत सोरेन ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध का मामला कहते आ रहे हैं। जेल से बाहर आने के बाद भी हेमंत सोरेन ने यही कहा कि एक मनघढ़ंत कहानी बनाकर उन्हें जेल में 5 महीने तक रखा गया। देश के अलग-अलग हिस्सों में सरकार के खिलाफ जो लोग आवाज उठा रहे हैं उन्हें जेलों में बंद किया जा रहा है। हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में गठित इंडिया गठबंधन की चम्पई सोरेन सरकार बनी थी। ईडी की अदालत ने हेमंत सोरेन को सदन में उपस्थित होकर चम्पई सोरेन के विश्वासमत में मतदान में भाग लेने की इजाजत दी थी।**

न्यायालय की यह टिप्पणियां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लिए बहुत बड़ा झटका है। ईडी इस पर क्या रुख अपनाती है यह देखना अभी बाकी है क्योंकि अरविन्द केजरीवाल मामले में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इसी बीच हाईकोर्ट ने उनकी जमानत पर रोक लगा दी थी। हेमंत सोरेन ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध का मामला कहते आ रहे हैं। जेल से बाहर आने के बाद भी हेमंत सोरेन ने यही कहा कि एक मनघढ़ंत कहानी बनाकर उन्हें जेल में 5 महीने तक रखा गया। देश के अलग-अलग हिस्सों में सरकार के खिलाफ जो लोग आवाज उठा रहे हैं उन्हें जेलों में बंद किया जा रहा है। हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में गठित इंडिया गठबंधन की चम्पई सोरेन सरकार बनी थी। ईडी की अदालत ने हेमंत सोरेन को सदन में उपस्थित होकर चम्पई सोरेन के विश्वासमत में मतदान में भाग लेने की इजाजत दी थी। चम्पई सोरेन द्वारा रखे गए विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में हेमंत सोरेन ने जो अपनी व्यथा रखी थी वह इसलिए महत्वपूर्ण थी क्योंकि उन्होंने सदन के भीतर चुनौती दी कि यदि उन पर लगा जमीन हड़पने का आरोप सही सिद्ध हुआ तो वह न केवल राजनीत से संन्यास ले लेंगे बल्कि झारखंड छोड़ कर चले जाएंगे।


अब सवाल यह है कि क्या ईडी ने जिन आरोपों में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था वह उचित है या अनुचित। इसका फैसला तो अंततः न्यायालय को ही करना है। झारखंड में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। जिसे लेकर झारखंड मुक्ति मर्चा और अन्य सियासी दलों ने तैयारी शुरू कर दी है। हेमंत सोरेन की गैर मौजूदगी में उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने लोकसभा चुनावों में पार्टी की कमान सम्भाल रखी थी। ''हेमंत हैं तो हिम्मत है'' का नारा देते हुए कल्पना सोरेन ने पार्टी समर्थकों में जोश भर दिया था। लोकसभा चुनावों में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने 5 सीटें जीतीं जबकि 2019 के चुनावों में कांग्रेस और झामुमो को एक-एक सीट मिली थी। हेमंत के जेल से बाहर आने के बाद राज्य की राजनीति में सियासी समीकरण तेजी से बदल सकते हैं। हेमंत सोरेन मतदाताओं की सहानुभूति लेने की हर सम्भव कोशिश करेंगे।

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का असर आदिवासी क्षेत्रों में पड़ता दिखाई दे रहा है। मौजूदा मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने भी हेमंत सोरेन को जमानत देने के आदेश को सत्य की जीत बताया और यहां तक कह दिया कि उनके मुख्यमंत्री पद को लेकर संगठन जो भी फैसला करेगा वह उन्हें स्वीकार्य होगा, क्योंकि व्यक्ति से बड़ा संगठन होता है। इस तरह उन्होंने यह संकेत भी दे दिया है कि हेमंत सोरेन जब चाहे मुख्यमंत्री पद सम्भाल सकते हैं। चम्पई सोरेन को हेमंत सोरेन का अतिविश्वस्त माना जाता है। इस तरह की सम्भावनाएं भी व्यक्त की जा रही हैं कि हेमंत सोरेन सत्ता से दूर रहकर जनता के बीच विधानसभा चुनावों के लिए ज्यादा से ज्यादा समय गुजारने पर फोकस करेंगे। हेमंत सोरेन राजनीति के मंजे हुए खिलाड़ी हैं और वे पूरी ताकत विधानसभा चुनाव में लगाएंगे। हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन की जोड़ी अब एनडीए के सामने जबरदस्त चुनौती पेश करेगी।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## नरबलि और पशुबलि भला किस...

धार्मिकता की आड़ में यहां आज भी आंडबरों की भरमार है,
नरबलि और पशुबलि भला किस महजब के ईश्वर को स्वीकार है,
प्रत्येक समाज के धर्मगुरुओं से बस एक ही गुहार है,
सत्य, अहिंसा, प्रेम, धैर्य का बढ़-चढ़कर कीजिए प्रचार है...!!


गीता पाढा

# नायडू और भाजपा में कैसे बैठा सामंजस्य

**नई दिल्ली,** (एनटीआई): बड़े कयास लग रहे थे कि इस दफे के लोकसभा स्पीकर चुनाव में चंद्रबाबू नायडू भाजपा की नाक में दम कर देंगे, पर नायडू थे जो भाजपा के समक्ष नतमस्तक थे, न तो उन्होंने केंद्र में किसी भारी-भरकम मंत्रालय की मांग की और न ही अपनी पार्टी के लिए स्पीकर पद ही मांगा। सूत्रों की मानें तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा बिजनेस संचालित करने वाले गुजरात व तेलुगु बिजनेस लॉबी दोनों की एक राय थी कि नायडू को भाजपा के साथ सामंजस्य बिठा कर काम करना चाहिए। वैसे भी ओडिशा व आंध्र दोनों ही राज्यों में अंतर्राष्ट्रीय बिजनेस जिन महत्वपूर्ण पोर्ट से जुड़ा है उस पर देश के एक खास औद्योगिक घराने का वर्चस्व है, यह वही बड़े थैलीशाह हैं जो हमेशा से राहुल गांधी के निशाने पर रहे हैं। सनद रहे कि ओडिशा का धामरा, आंध्र का गंगावरम और कृष्णापट्टनम पोर्ट इसी समूह के पास है, वैसे भी ओडिशा के चुनावों को ईस्ट कोस्ट हमेशा से प्रभावित करता रहा है।

**● गुजरात व तेलुगु बिजनेस लॉबी चाहती थी कि नायडू को भाजपा के साथ ही सामंजस्य बिठा कर काम करना चाहिए**

# भाजपा के लिए क्यों अनुत्तरित है महाराष्ट्र का यक्ष प्रश्न


मिर्च मसाला
त्रिदीब रमण
gossipguru.in

*'अपना दिन बुझाकर अभी-अभी*
*तो लौटा हूं तेरे पहलू में*
*हसरत है कि ये रात जले धू-धू*
*और एक नया सवेरा हो'*

**हालिया** लोकसभा चुनाव में भगवा पार्टी को महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य से जो दंश मिला है भाजपा उससे उबरने की कोशिशों में जुट गई है। भगवा खेमे में एक नई आशा का सूत्रपात हो चुका है, जब से महाराष्ट्र के चुनाव की बागडोर भाजपा चाणक्य अमित शाह ने थाम ली है। राज्य में आने वाले इसी अक्टूबर को विधानसभा के चुनाव आहूत हैं, सो वक्त कम बचा है, शाह के नेतृत्व में मैराथन तरीके से नई चुनावी रणनीतियों को धार दी जा रही है। सियासी शह-मात की बिसात पर प्यादों को भी उनकी असली औकात बताने की तैयारी है। महाराष्ट्र की 288 सीटों वाली विधानसभा के लिए भाजपा चाणक्य के निर्देशन में सीट दर सीट जनमत सर्वेक्षण का काम चल रहा है, मुद्दों की फेहरिस्त तैयार की जा रही है, उन्हें लोकल, राज्यवर व नेशनल स्तर पर मार्क किया जा रहा है।



भाजपा से जुड़े भरोसेमंद सूत्रों का दावा है कि महाराष्ट्र में भी मध्य प्रदेश की तर्ज पर कल्याणकारी योजनाओं का मेगा स्वरूप बन कर तैयार है, जिसे विशेष कर युवा, महिला व कृषक वर्ग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसी शुक्रवार को पेश राज्य के बजट में भाजपा के इन्हीं इरादों की बानगी दिख जाती है। इस बजट में 21 से 60 वर्ष की महिलाओं को 1500 रुपए मासिक भत्ता, गरीब परिवारों को साल में तीन मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर, किसानों के बिजली बिल माफी, खेती के लिए 5 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस व युवाओं को 10 हजार रुपए मासिक भत्ता देने जैसी क्रांतिकारी घोषणाएं शामिल हैं। यह और बात है कि इन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने से राज्य के बजट पर 80 हजार करोड़ रुपयों का अतिरिक्त बोझ आएगा, भाजपा पूर्व में भी मध्य प्रदेश में भी ऐसी ही कल्याणकारी योजनाओं के भरोसे अपनी डूबती उतराती चुनावी नैया पार लगा चुकी है, अब इसी फार्मूले को महाराष्ट्र में भी आजमाने की तैयारी है।

**क्या महाराष्ट्र में अकेले चुनाव में जा सकती है भाजपा**

भाजपा से जुड़े बेहद भरोसेमंद सूत्रों का दावा है कि महाराष्ट्र को लेकर अब तक पार्टी ने जितने जनमत सर्वेक्षण करवाए हैं उसके नतीजे भगवा पार्टी के लिए किंचित उत्साहजनक नहीं हैं। माहौल लोकसभा चुनाव काल से भी धुंधला नज़र आ रहा है। ऐसे में भाजपा अपनी सहयोगी पार्टियों की अतिरिक्त डिमांड झेलने को तैयार नहीं दिखती। मसलन, अगर बात करें एकनाथ शिंदे की शिवसेना की तो लोकसभा में 7 सीटें जीतने के बाद पार्टी के हौंसले बम-बम हैं, सो अतिरेक उत्साह के घोड़े पर सवार शिंदे भाजपा से अपनी पार्टी के लिए 50 से ज्यादा सीटों की डिमांड कर रहे हैं, जबकि भाजपा के अपने सर्वेक्षण शिंदे की पार्टी की संभानाओं पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। भाजपा रणनीतिकारों का साफ तौर पर मानना है कि शिंदे की पार्टी ने जो 7 लोकसभा सीटें इस बार जीती हैं वह सिर्फ भाजपा कैडर की वजह से ही संभव हो पाया है, क्योंकि शिंदे के उम्मीदवार ज्यादातर उन सीटों से चुनाव जीत गए जो भाजपा के वर्चस्व वाली सीटें हैं या यूं कहें कि शिंदे ने बड़ी चतुराई से भाजपा से गठबंधन धर्म के तहत वैसे सीटें हासिल कर ली जहां भाजपा का 'स्ट्रांग होल्ड' था।



अजित पवार की राकांपा को लेकर भाजपा का अपना सर्वे हैरान करने वाला है, सूत्र बताते हैं कि इन सर्वेक्षण नतीजों में अजित पवार की पार्टी हर सीट पर पिछड़ती नज़र आ रही है। सो भाजपा रणनीतिकारों ने एक बीच का रास्ता निकाला है और वे अजित से कह रहे हैं कि अपने उम्मीदवारों को वे भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़ा दें। सूत्रों की मानें तो भाजपा सर्वेक्षणों के नतीजे व जनता के मूड को भांपते महाराष्ट्र में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला भी ले सकती है।

**राहुल को अपनों से दगा**

एक ओर जहां राहुल गांधी कांग्रेस का चेहरा-मोहरा बदलने की कवायदों में जुटे हैं वहीं उनके कई प्रादेशिक सिपहसालार ऐसे भी हैं जिनकी पार्टी के प्रति निष्ठा सवालों के घेरे में हैं। शायद इसीलिए अब यह संकेत मिलने लगे हैं कि आने वाले दिनों में कांग्रेस अपने कई प्रदेश अध्यक्षों को बदल सकती है। इस जनवरी माह में ही कांग्रेस शीर्ष को उनके ओडिशा के प्रदेश अध्यक्ष सरत पटनायक को लेकर कई शिकायतें मिली थीं कि वे कांग्रेस विरोधी दलों के हाथों में खेल रहे हैं। वैसे भी सरत पटनायक के बारे में चर्चा पूरे ओडिशा में आम थी कि उन्हें कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनवाने में वीके पांडियन की एक महती भूमिका थी।




कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी अपने प्रदेश अध्यक्ष को लेकर खासी नाराज़गी थी, खास कर उसके टिकट बंटवारे के तरीकों को लेकर। पर इतने के बावजूद कांग्रेस हाईकमान के कानों में जूं नहीं रेंगी, जिसका खामियाजा उसे ओडिशा विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ा। एक और प्रदेश अध्यक्ष हैं बिहार के अखिलेश प्रसाद सिंह, जिन्हें घोषित तौर पर लालू का 'नॉमिनी' कहा जाता है। इस लोकसभा चुनाव में कहते हैं दो प्रमुख कांग्रेस उम्मीदवारों का पर्चा रद्द होते-होते रह गया, जब आखिरी वक्त पर इन दोनों उम्मीदवारों को पता चला कि उनके फॉर्म 'बी' पर अध्यक्ष के गलत जगह दस्तखत हो गए हैं।



सूत्र बताते हैं कि आनन-फानन में फिर अगली सुबह हेलीकॉप्टर द्वारा सही 'बी' फॉर्म अध्यक्ष के सही जगह दस्तखत के साथ इन्हें भेजा गया, तब जाकर इनका नॉमिनेशन संभव हो पाया। आज ये दोनों कांग्रेस के टिकट पर विजयी सांसद हैं, एक हैं कटिहार से जीत दर्ज कराने वाले तारिक अनवर और दूसरे हैं किशनगंज से कांग्रेस की विजयी पताका लहराने वाले डॉ. जावेद।

**हरियाणा में कांग्रेस के हौंसले बुलंद**

हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव भी महाराष्ट्र इलेक्शन के साथ अक्टूबर माह में कराए जा सकते हैं। सनद रहे कि हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर 2024 को समाप्त हो रहा है। लोकसभा चुनाव के चुनावी नतीजों से हरियाणा में कांग्रेस के हौंसले बम-बम हैं। कांग्रेस द्वारा कराए गए हालिया चुनावी सर्वेक्षणों के नतीजे इस बात की चुगली खाते हैं कि 'अगर आज की तारीख में हरियाणा में विधानसभा के चुनाव हो गए तो कांग्रेस पार्टी यहां अकेले अपने दम पर 55 से 60 सीटें जीत सकती है।' कांग्रेस अपने सर्वे में इतनी बड़ी जीत का दावा महज़ इसीलिए कर रही है कि उसके सर्वे में खुलासा हुआ है कि राज्य के जाट, दलित व मुस्लिम वोट उसके पक्ष में गोलबंद हुए हैं।



वहीं राज्य में 'भाजपा हटाओ' वोटरों की भी एक बड़ी तादाद है जो जाति-संप्रदाय से बाहर निकल कर भाजपा को हराने वाले प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कर सकते हैं। हरियाणा में कांग्रेस बहुत पहले से कई गुटों में बंटी नज़र आती है। हाल के दिनों तक इसे 'एसआरके' यानी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला व किरण चौधरी के गुटों में बंटी कांग्रेस के तौर पर जाना जाता था। पर बीते दिनों किरण चौधरी ने अपनी बेटी श्रुति के साथ कांग्रेस का हाथ छोड़ भगवा दामन थाम लिया है।

कांग्रेस का अपना आकलन है कि किरण के जाने से उसे भिवानी-महेंद्रगढ़ की कुछ सीटों पर नुकसान उठाना पड़ सकता है, खास कर तोशाम सीट पर इसका असर देखने को मिल सकता है। कांग्रेस में व्याप्त गुटबाजी पर लगाम लगाने के लिए इस बार सोनिया व राहुल दोनों व्यक्तिगत तौर पर सक्रिय हैं, समझा जाता है कि सोनिया ने सैलजा को तलब कर उन्हें समझाया है। वहीं राहुल व प्रियंका इस दफे हरियाणा चुनाव में भूपेंद्र सिंह हुड्डा को 'फ्री-हेंड' देने की पहल कर चुके हैं।

# संसद को कटुता भरे आचरण में लौटने में ज्यादा देर नहीं लगी


खरी-खरी बात
-वीरेन्द्र कपूर

**नवगठित** 18वीं संसद को कटुता, संघर्ष और सरासर बुरे आचरण की 'सामान्य' स्थिति में वापस आने में देर नहीं लगी। सत्तारूढ़ दल द्वारा बिना किसी परेशानी के राजस्थान के कोटा से सांसद ओम बिरला को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए अध्यक्ष के रूप में चुनने के बाद लोकसभा शोर-शराबे और अव्यवस्थित दृश्यों की अपनी पुरानी स्थिति में लौट आई।

इस बार संख्या में अपेक्षाकृत बड़े विपक्षी दल ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ मनाने के सवाल पर खुद को विभाजित पाया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 26 जून, 1975 के संदर्भ में स्वत: संज्ञान लेते हुए एक बयान दिया, यह वही दिन था जिस दिन देश विपक्षी नेताओं की राष्ट्रव्यापी गिरफ्तारियों और मीडिया पर व्यापक सेंसरशिप की खबरों से जगा था। उन्होंने देश के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले कृत्य की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, यह संविधान पर खुला हमला था। लोगों की स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों को रातों-रात ख़त्म कर दिया गया था और एक निरंकुश शासन स्थापित कर दिया गया था।

ओम बिरला ने सदन को हजारों भारतीयों के बलिदान की याद दिलाई, जिन्होंने आपातकाल का बहादुरी से विरोध किया और 19 महीने तक जेल में रहे, जिसके दौरान बड़ी संख्या में लोगों को अपमान और यातना का सामना करना पड़ा। जब बिरला आपातकाल के निंदात्मक संदर्भ को पढ़ रहे थे तब बड़ी संख्या में विपक्षी सदस्य सहमति में सिर हिला रहे थे, जबकि कांग्रेस के सदस्यों ने पचास साल पहले की घटनाओं के संदर्भ में कुछ विरोध के साथ खुद को अलग-थलग पाया। इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के जिक्र पर कांग्रेस की बेचैनी समझ में आ सकती थी। आखिर वो राहुल गांधी की दादी थीं। बिरला के आपातकाल के लंबे संदर्भ के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने युवा पीढ़ी को तत्कालीन विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए वीरतापूर्ण संघर्ष की याद दिलाई। आख़िरकार इंदिरा गांधी को इस ग़लत धारणा के साथ संसदीय चुनाव कराने के लिए मजबूर होना पड़ा कि देश में अपेक्षाकृत शांति आपातकाल शासन से खुशी का सुझाव देती है। वह हार गईं और लोकतंत्र बहाल हो गया।

राहुल ने खुद को तब और अधिक उजागर कर दिया जब उन्होंने आपातकाल के मुद्दे पर लोकसभा अध्यक्ष से मिलकर उनके सामने इमरजेंसी के प्रस्ताव पर अपनी नाखुशी जाहिर की। उन्होंने कहा था कि ऐसे राजनीतिक प्रस्तावों से हमें बचना चाहिए लेकिन यह कैसे एक राजनीतिक कृत्य था जबकि पूरा देश एक व्यक्ति के रूप में इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमले की निंदा करता है। ऐसे में यह किसी भी सच्चे लोकतंत्रवादी की समझ से परे है। इस बीच नए 'इंडिया' गठबंधन की विपक्षी एकता का दावा भी पूरी तरह से उस वक्त उजगार हो गया जब विपक्ष स्पीकर के चुनाव पर मत विभाजन कराने में विफल रहा। साथ ही कांग्रेस ने अपने सदस्य के. सुरेश के नामांकन दाखिल करने के बाद सांसद ओम बिरला को बिना किसी मतविभाजन के लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए लोकसभा अध्यक्ष बनने की अनुमति दी। क्योंकि विपक्ष को डर था कि चुनाव से विपक्षी एकता कि खटास सबके सामने आ जाएगी। इससे पहले ममता बनर्जी ने कांग्रेस पार्टी द्वारा उनसे सलाह लिए बिना के. सुरेश को मैदान में उतारने के एक तरफा फैसले का विरोध किया था। वह इस मामले को हल्के में लेने को तैयार नहीं थी और उन्होंने जोर देकर कहा कि विपक्ष की ओर से कांग्रेस कोई भी निर्णय लेने से पहले उनसे सलाह जरूर लें। इसके आगे विपक्ष में चल रहे और भी मतभेद जल्द ही जनता के सामने आ जाएंगे इसका मुख्य कारण यह है कि राहुल गांधी और ममता बनर्जी दोनों की ही प्रधानमंत्री पद के महत्वाकांक्षी हैं।



मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा राज्यसभा के स्थगन की मांग करने से लगता है कि उन्होंने लंबे समय तक एक विधायक व संसद सदस्य के रूप में अपने अनुभव से जनता को धोखा दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने गांधी परिवार के प्रति वफादारी को दिखाते हुए केवल नीट पर अपना पक्ष रखने के लिए सभापति की अवहेलना की और राज्यसभा सदन के वेल में आकर हंगामा किया। जब भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोल रहे थे तो उस वक्त उद्धव ठाकरे गुट की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी की ओर से खड़गे का हस्तक्षेप भी मुद्दा विहिन था, क्योंकि प्रियंका चतुर्वेदी के बयान भी औचित्यहीन थे जिस कारण सभापति ने उन्हें जोर देकर बैठने को कहा था। हमें आने वाले हफ्तों में आगामी बजट सत्र के दौरान इस तरह का अप्रिय माहौल और भी देखने को मिल सकता है।

# पहली बारिश और....


**श्रीमती किरण चोपड़ा**
डायरेक्टर- पंजाब केसरी दैनिक समाचार लि.
चेयरपर्सन- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब
मुख्य संरक्षिका- चौपाल
सदस्या- राष्ट्रीय सलाहकार मण्डल, एकल
संरक्षिका- भारतीय लोक विकास परिषद
/kiranchopra01
kiranchopra@punjabkesari.com
kiranchopradesk@gmail.com

50 डिग्री की गर्मी झेलने के बाद जब मानसून का इंतजार कर रहे थे और जिस तरीके से उसका दिल्ली में प्रवेश हुआ वह काफी हद तक घातक रहा। हमारे यहां सबसे बड़ी दिक्कत इस बात की है कि गर्मी में जब हम झुलसते हैं तो इसी मानसून का बेसबरी से इंजतार होता है लेकिन मानसून का पानी जब दिल्ली में विशेष रूप से आसपास के इलाकों में जमा होने लगता है तो फिर व्यवस्था पर सवाल भी उठने लगते हैं। महज 48 घंटे पहले की बारिश ने इंदिरा गांधी हवाई अड्डे की छत को ध्वस्त किया और एक कैब चालक की जान चली गई। इसके अलावा जिस तरह से दिल्ली, गुरुग्राम, सोनीपत, गाजियाबाद, नोएडा तक जिस तरह सड़कों पर पानी रहा और लोगों को चार-चार घंटे जाम का सामना करना पड़ा उससे व्यवस्था पर सवाल तो उठते ही हैं। दिल्ली एयरपोर्ट हादसे में छह-सात लोग घायल हुए हैं। जिस छत के नीचे आम टैक्सी वाले रोजी-रोटी की तलाश में यात्रियों की एक कॉल की प्रतिक्षा कर रहे होते हैं वहीं अगर उन पर ऐसी जानलेवा छत गिर जाए तो इसे क्या कहेंगे।

मेरा व्यक्तिगत रूप से मानना है कि बदलते समय में इस बात का अहसास करना बहुत जरूरी है कि दिल्ली पर आबादी और वाहनों का बोझ बहुत बढ़ रहा है। शहर की सीवरेज व्यवस्था आज से नहीं कम से कम 30 साल पहले से ही लड़खड़ा चुकी है। यद्यपि इस बार मानसून ने पहले ही दिन जिस तरह से दिल्ली में एंट्री की उससे 88 साल पुराना रिकॉर्ड भी टूटा लेकिन व्यवस्था के मामले में हमारा प्रशासन आज भी वहीं है जहां वह कम से कम तीस साल पहले था। दिल्ली से गुरुग्राम या नोएडा या गाजियाबाद,मेरठ, सोनीपत जाना हो तो मामूली सी बरसात में ही हाइवे तक पानी के दरिया बन जाते हैं। शहर में पानी के भराव की हालत यह है कि कनाट प्लेस और वीआईपी क्षेत्रों में जहां नेताओं के बंगले हैं उनके वहां तक पानी जमा है। आम आदमी जो निचले क्षेत्रों और अन्य इलाकों में रहता है वहां पानी की हालत यह है कि सड़कों पर ही चाहे वह रिंग रोड हो या अन्य सड़कें वहां इसके निष्कासन की व्यवस्था नहीं है, ऐसा लगता है कि हर साल मानसून जिस तरह से दिल्ली पर बरसता है हमारे प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया।



जो लोग अपने घरों से कामकाज के लिए और व्यापार के लिए बस से या टैक्सी से या फिर अपने वाहन से एनसीआर इलाके में कहीं के लिए भी निकलते हों तो उनको दैनिक जीवन में भी सड़कों पर जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। दिल्ली के कनाट प्लेस, रिंग रोड, धोलाकुआं, आउटर रिंग रोड, रोहतक रोड या पंजाबी बाग हो, आजाद पुर हो आखिकार जाम से निपटने के लिए स्थायी व्यवस्था क्यों नहीं है। बारिश के दिनों में अभी चार साल पहले दिल्ली से गुरुग्राम और गुरुगाम से दिल्ली आने-जाने वालों को छह से सात घंटे लग गए थे। पूरा हाइवे जाम था। आखिकार अगर व्यवस्था नहीं होगी तो लोग सवाल उठाएंगे ही। पुराने वर्षों की तरह हर मानसून में व्यवस्था को लेकर चर्चा करना मैं जरूरी समझती हूं लेकिन लोगों को कोई दिक्कत ना हो यह व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। बेचारी महिलाएं जो कामकाज को निकलती हैं वे अपने दफ्तरों में तीन-चार घंटे देरी से पहुंची होंगी और रास्ते में उन्हें कितने भारी जाम का सामना करना पड़ता होगा। यह सचमुच मानसिक रूप से ही तकलीफ देता है लेकिन और भी दुखदायक बात यह है कि ठोस व्यवस्था नजर नहीं आती।

अब जबकि मानसून के आने के पहले ही दिन हम इसके रोद्र रूप को देख चुके हैं तो इसे एक चेतावनी मानकर ठोस व्यवस्था भी करनी होगी। दो दिन पहले जो कुछ बारिश की वजह से दिल्ली में घटित हुआ उम्मीद की जानी चाहिए कि वह दोबारा नहीं होगा। अगर हम अपने हाइवे, रिंग रोड या अन्य महत्वपूर्ण सड़कों पर जलभराव के मौके पर पानी निकासी की व्यवस्था नहीं कर पाएंगे तो फिर हमें दिल्ली को पैरिस बनाने के सब्जबाग दिखाने बंद करने होंगे। लोग अपने घरों में सुरक्षित रहें, सफर में सुरक्षित रहें यह व्यवस्था प्रशासन का काम है और सरकार के प्रतिनिधियों को इसकी व्यवस्था करनी होगी। देश सेवा का मतलब बड़े-बड़े वादे करना नहीं बल्कि ठोस व्यवस्था करना है ताकि नागरिकों को बाढ़ की सूरत में दिक्कतें न हों।

आरोपबाजी में कुछ नहीं रखा। किसी समस्या पर राजनीतिकरण की बजाए व्यवस्था को लेकर सत्तापक्ष हो या विपक्ष सबको मिलकर काम करना होगा। बाढ़ की विभिषीका का असर हम हर साल देखते हैं। प्रशासन कब जागेगा, कब आरोप-प्रत्यारोप की परंपरा तोड़कर ठोस व्यवस्था का इंतजार लोगों को है, यह सब हम सोशल मीडिया पर उनकी भावनाओं की अभिव्यक्ति के रूप में देख रहे हैं। मानसून ने चेतावनी दे दी है अब समय रहते इसकी व्यवस्था कर लेनी चाहिए। मुसीबत आने से पहले ही ठोस व्यवस्था करना आपके विवेक को दर्शाता है। विश्वास है कि दिल्ली सरकार, केन्द्र सरकार और प्रशासन मिलजुल कर लोगों को मानसून और बारिश के खतरे और इसके असर से बचाकर आगे बढ़ेगा।

# नये कानूनों का तमिल में अनुवाद जारी

**चेन्नई,** (पंजाब केसरी): नये आपराधिक कानूनों का तमिल में अनुवाद जारी है और इसके जल्द पूरा होने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि एक जुलाई 2024 से नये आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए पुलिसकर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया है। यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं कि पुलिसकर्मियों को विभिन्न अपराधों के लिए उपयुक्त धाराएं लगाने में कोई कठिनाई न हो। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि तीनों नये आपराधिक कानूनों का अनुवाद कार्य जारी है और जल्द ही इसके पूरा होने की संभावना है। इसके पूरा होने के बाद तमिल संस्करण को अंग्रेजी में कानूनों के प्रामाणिक अनुवाद के रूप में अनुमोदन और प्रमाणन के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

NEW LAYOUT-674X576 Pawan New

CMYK



# एनडीआरएफ जवानों को 40% की दर से मिलेगा जोखिम और कठिनाई भत्ता



● बल के सभी 16,000 कर्मियों को इसका लाभ मिलेगा,यह भत्ता वेतन के अतिरिक्त दिया जाएगा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को घोषणा की कि केंद्र सरकार ने एनडीआरएफ बचावकर्मियों द्वारा पूरे किये जाने वाले कठिन अभियानों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए 40 प्रतिशत जोखिम और कठिनाई भत्ते को मंजूरी दी है। उन्होंने एनडीआरएफ के 35 सदस्यीय अभियान दल का स्वागत करते हुए यह बात कही। इस दल ने हाल में हिमाचल प्रदेश में 21,625 फुट ऊंची मणिरंग चोटी पर चढ़ाई की थी। मणिरंग चोटी हिमाचल प्रदेश के किन्नौर और स्पीति जिलों की सीमा पर स्थित है।

शाह ने 'विजय' नामक अभियान दल का स्वागत करने के बाद कहा कि सरकार ने शुक्रवार को ही एनडीआरएफ कर्मियों के लिए 40 प्रतिशत जोखिम और कठिनाई भत्ते को मंजूरी दी है। यह लंबे समय से लंबित मांग थी... बल के सभी 16,000 कर्मियों को इसका लाभ मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि यह भत्ता वेतन के अतिरिक्त दिया जाएगा। शाह ने कहा कि सरकार ने विभिन्न सीएपीएफ और एनडीआरएफ जैसे विशेष संगठनों के लिए खेलों को जरूरी बनाने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि इन सुरक्षा बलों की कम से कम एक टीम अनिवार्य रूप से अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेगी। मंत्री ने कहा, खुफिया ब्यूरो के निदेशक की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है और एक खाका तैयार किया गया है। हम जल्द ही एक नया मॉडल पेश करेंगे। शाह ने कहा कि उनकी सरकार ने एनडीआरएफ और राज्य आपदा मोचन बलों की क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के लिए 2004-14 के दौरान 66,000 करोड़ रुपये की तुलना में 2014-24 के दौरान दो लाख करोड़ रुपये आवंटित करके अधिक धनराशि आवंटित की है। उन्होंने सफल अभियान के लिए एनडीआरएफ टीम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की कवायद से बल की क्षमता और मनोबल बढ़ेगा तथा आपदाओं और दुर्घटनाओं के दौरान वे बेहतर कार्य कर सकेंगे। शाह ने बचावकर्मियों को आगाह किया कि उन्हें अपनी उपलब्धियों से संतुष्ट नहीं होना चाहिए बल्कि सुधार करते रहना चाहिए।

## राजस्थान में 22 करोड़ की हेरोइन जब्त

**जयपुर,**(पंजाब केसरी):राजस्थान के गंगानगर जिले में पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 5.10 किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की है। अधिकारियों के अनुसार इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 22 करोड़ रुपये है।

पुलिस के अनुसार उसने संदेह के आधार पर युवक सद्दाम हुसैन को पकड़ा और उसके पास से 4.80 किलो हेरोइन बरामद की।

पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया कि पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए खेप गिराए जाने के बाद वह उसे लेकर आया था। सदर थानाक्षेत्र में एक अन्य कार्रवाई में दो युवकों-- पुनीत बेनीवाल और बलकार सिंह को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 330 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उन्हें यह हेरोइन सद्दाम हुसैन से मिली है। गंगानगर के पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया, जिले में पुलिस टीम ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

# आतंकियों को जवाब देने को इजराइल, जर्मनी से हथियारों की खरीद

● पुलिस विदेशी आतंकवादियों से निपटने के लिए पहली गोली चलाने से नहीं कतराएगीः डीजीपी

**जम्मू,**(पंजाब केसरी):जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर आर स्वैन ने कहा है कि आधुनिक हथियार रखने वाले आतंकवादियों का मुकाबला करने के लिए पुलिस इजरायल और जर्मनी से नवीनतम हथियार खरीद रही है।

श्री स्वैन ने एक समारोह के इतर पत्रकारों से बात करते हुए ने कहा कि आतंकवादियों को करारा जवाब देने के लिए पुलिस अपनी क्षमता बढ़ने के वास्ते इजरायल और जर्मनी से हथियार खरीद रही है। डोडा मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों के पास अमेरिका निर्मित एम -4 कार्बाइन होने के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा,''हमारे पास अपने दुश्मन का मुकाबला करने के लिए नवीनतम हथियार प्रणाली होगी।'' डीजीपी ने कहा कि इजरायल और जर्मनी से हथियारों की नई खरीद से पुलिस बलों की क्षमता को बढ़वा मिलेगा और दुश्मन से बेहतर तरीके से निपटने में भी मदद मिलेगी। आतंकवादी हमें कभी भी हरा नहीं सकते।'उल्लेखनीय है कि नौ से 12 जून के बीच पहाड़ जम्मू के रियासी, डोडा और कठुआ जिलों में चार आतंकवाद संबंधी घटनाओं में दस लोगों की जान चली गई, जिनमें शिव खोरी मंदिर से लौट रहे सात तीर्थयात्री और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान और कई अन्य घायल हो गए।

श्री स्वैन ने हाल ही में कहा था कि पुलिस जम्मू में विदेशी आतंकवादियों से निपटने के लिए तैयार है और पहली गोली चलाने से नहीं कतराएगी। कठुआ और डोडा में हाल की दो मुठभेड़ में पांच विदेशी आतंकवादी मारे गए और उनके पास से अन्य हथियारों के अलावा तीन अमेरिका निर्मित एम-4 कार्बाइन भी बरामद किए गए।

डीजीपी ने कठुआ के लोगों के साहस और वीरता की सराहना करते हुए कहा कि जब वह जिले में एसएसपी के रूप में कार्यरत थे तो बुजुर्ग लोग अक्सर उन्हें कहानियां सुनाते थे कि कैसे कठुआ के स्थानीय लोगों ने 1965 के युद्ध सहित दुश्मन के खिलाफ युद्ध में सेना का समर्थन किया था। उन्होंने कहा,''कठुआ के लोगों के दिलों में देशभक्ति कूट-कूटकर भरी है। हमने कठुआ जिले के ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) को मजबूत करने का फैसला किया है।'' श्री स्वैन ने कहा कि कठुआ मुठभेड़ में बहादुर भूमिका के लिए नौ विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को नियमित किया गया।

# नगालैंड में एनडीपीपी की बड़ी जीत

● सभी तीन नगरपालिका परिषदों और ज्यादातर नगर परिषदों में हासिल की विजय

**कोहिमा,**(पंजाब केसरी):नगालैंड में सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) ने शनिवार को राज्य में नगर निकाय चुनाव में सभी तीन नगरपालिका परिषदों और ज्यादातर नगर परिषदों में जीत हासिल की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 जिलों में 24 शहरी स्थानीय निकायों (तीन नगर परिषदों और 21 नगर परिषदों) के लिए बुधवार को मतदान हुआ था। उन्होंने बताया कि 2.23 लाख से अधिक मतदाताओं में से लगभग 82 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने बताया कि मतगणना सुबह आठ बजे 16 केंद्रों पर शुरू हुई थी। उन्होंने बताया कि एनडीपीपी ने तीनों नगर परिषदों कोहिमा, मोकोकचुंग और दीमापुर में जीत हासिल की। उन्होंने बताया कि 21 नगर परिषदों में से वोखा, भंडारी और फेक को छोड़कर सभी में इसे बहुमत प्राप्त हुआ। अधिकारियों ने बताया कि वोखा नगर परिषद में एनडीपीपी ने 15 में से सात सीट पर जीत दर्ज की जबकि राकांपा ने पांच और भाजपा ने तीन सीट जीतीं।

## पुंछ में एलओसी पर गोलीबारी

**मेंढर/जम्मू,**(पंजाब केसरी):जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास गोलीबारी की सूचना है। सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार देर रात कृष्णा घाटी सेक्टर में एक अग्रिम भारतीय चौकी पर सीमा पार से गोलीबारी हुई, जिसके बाद नियंत्रण रेखा की सुरक्षा में तैनात सेना के जवानों ने जवाबी कार्रवाई की।

उन्होंने बताया कि गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ। गोलीबारी कुछ देर तक जारी रही।

सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों की घुसपैठ न हो यह सुनिश्चित करने के लिए चौकसी बढ़ा दी गई है।

REQUIRED MARKETING EXECUTIVES

A Leading **Hindi Daily Newspaper** Published from Delhi Requires Executives for Marketing Space for Advertisements relating to Retail, Education, Tours Travel, life style and such other areas. Interested Males/ Females, Freshers Experienced Graduates may apply within 7 days.
E-mail : careerds2250@gmail.com

सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में)
15-ए, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली 110075
विज्ञापन संख्याः सी.सी.आर.टी/11011/04/2024/03
विषयः सीसीआरटी में ग्रुप-ए पदों की भर्ती - संबंधी।

सीसीआरटी के भर्ती नियमों के अनुसार सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र, नई दिल्ली में निम्नलिखित पदों के लिए इच्छुक और योग्य अभ्यर्थियों से प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। रिक्ति विवरण इस प्रकार है:

| क्रम संख्या | पद का नाम | पद की संख्या | वेतन स्तर | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निदेशक | 01 | वेतन स्तर - 12 (रु. 78,800-2,09,200) 7वें सीपीसी के अनुसार | प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) |
| 2. | उपनिदेशक (वित्त) | 01 | वेतन स्तर - 11 (रु. 67,700-2,08,700) 7वें सीपीसी के अनुसार | |

**नोट :** जिन अभ्यर्थियों ने 23-29 दिसंबर, 2023 के रोजगार समाचार में इस कार्यालय के विज्ञापन के जवाब में निदेशक के पद के लिए पहले ही आवेदन कर दिया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

विस्तृत विज्ञापन, निर्धारित आवेदन प्रारूप एवं सामान्य निर्देश सीसीआरटी वेबसाइट https://ccrtindia.gov.in/ पर उपलब्ध है और इच्छुक/योग्य अभ्यर्थी सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा कर सकते हैं। विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र की प्राप्ति की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिन है। रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन के लिए सप्ताह की अंतिम तिथि लागू होगी।

उप-निदेशक (प्रशासन)
सीसीआरटी, नई दिल्ली
CBC 09127/12/0003/2425

उत्तर मध्य रेलवे
ई-टेण्डर नोटिस नं0 02/2024 दिनांकः 28.06.2024
ई-टेण्डर नोटिस
उप.मु. सि.एवं दूर.सं.इंजी / जी.एस., उत्तर मध्य रेलवे, आगरा भारत द्वारा राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली निविदा" केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा (ई-टेन्डरिंग) आमंत्रित की जाती हैः
ई-निविदा सं.: आगरा-एसटी-जीएस-2024-03 | कार्य की लागतः Rs. 7,15,24,067.65
कार्य का नामः भदरौली 'डी' श्रेणी स्टेशन को 'बी' श्रेणी स्टेशन में परिवर्तित करके 41 किलोमीटर लंबे ब्लॉक खंड (फतेहाबाद-बाह) के विभाजन के संबंध में एसएंडटी कार्य।
निविदा बंद दिनांकः- 23.07.2024, निविदा की पूर्ण जानकारी एवं ऑनलाइन जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करे। निविदाकार अपनी निविदा उपरोक्त वर्णित दिनांक को 15:00 बजे तक भारतीय रेलवे की वेबपोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा कर सकते है। इस निविदा के अन्तर्गत मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी एवं प्राप्त मैनुअल निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। 1133/24 (ADM)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कुलदीप उर्फ बुड्डा, पिताः** भूरा सिंह, **पताः** मकान नं. बी–72, बलबीर विहार, किरारी सुलेमान, दिल्ली, ने **CC No. 3235/18 U/s 379/411 IPC थानाः साउथ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुलदीप उर्फ बुड्डा,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुलदीप उर्फ बुड्डा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 3235/18 U/s 379/411 IPC थानाः साउथ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कुलदीप उर्फ बुड्डा,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.08.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री रितिका कंसल,
एमएम 07, रूम नं 208, दुसरी मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/8397/RD/2024
(Court Matter)

पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल
संख्या-W/623/5/1/NIT ई-निविदा सूचना दिनांक 25.06.2024
मंडल रेल प्रबंधक/मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की और से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इसप्रकार है।

| क्र | ई-टेंडरिंग संख्या कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बयाना राशी | कार्य की समापन अवधि | Similar type of work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RTM-2024-25-57 | Rs. 1,92,22,000.00 | Rs. 2,46,200.00 | 24 Months | Any civil Engineering work |
| | Nagda -Maksi, Maksi - Dewas and Indore -Dewas -Ujjain Section - Annual repair and Maintenance of bridges in ADEN (West) Ujjain Section. (For Two Year) | | | | |
| 2 | RTM-2024-25-58 | Rs. 3,92,46,137.19 | Rs. 3,46,300.00 | 24 Months | Construction of RCC overhead tank |
| | Nagda-Bhopal, Indore-Dewas-Ujjain & Dewas- Maksi Section- Providing 1.0 lakhs litre capacity Overhead Tank & 50000 litre capacity under ground sump, with connecting pipe ine for Different colonies at Piploda Bagla, Unhel, Pasoda Makdawan, Aslaoda, Ranayala Jasmia, Matana Buzurg, Binjana, Undasa Madhawpur & Mangliya Gaon Total-9 stations including with electrical work. | | | | |
| 3 | RTM-2024-25-59 | Rs. 15,14,15,758.57 | Rs. 9,07,100.00 | 18 Months | Any Steel Fabrication Work |
| | Vikram Nagar Station - Providing Goods office, Trader Room, Ladies rest room, Extension Width of Goods Platform, Covering Shed on Goods Platform and Improvement to approach road, circulating area etc. work including with electrical work in connection with Development of goods shed with various amenities work at. | | | | |
| 4 | RTM-2024-25-60 | Rs. 10,42,76,590.02 | Rs. 6,71,400.00 | 12 Months | Any civil Engineering work |
| | Shujalpur Station - Providing approach road, circulating area, extension rail level Goods platform, Labour rest room, trader room and ladies rest room etc. including with electrical work in connection with development of Goods shed with various amenities at. | | | | |

वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि: 25/06/2024 निविदा खुलने की तिथि: 26/07/2024
विस्तृत निविदा सूचना, अर्हता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
मंडल रेल प्रबंधक (कार्यलेखा) रतलाम
पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल
Apex/5/1/112
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

उत्तर मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना सं0 JHS-N-W-38-24 दिनांकः 27.06.2024
ई-निविदा सूचना
वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झाँसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

| ई-निविदा सूचना संख्या | कार्य लागत लगभग | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| JHS-N-W-38-24 | Rs. 17766179.60 | Rs. 238800/- |

कार्य का नामः अपग्रेडेशन ऑफ़ डीआरएम कांफ्रेंस रूम इन्सटाल्ड एट डीआरएम ऑफिस ऑफ़ झाँसी डिवीज़न।
निविदा प्रपत्र का मूल्यः Nil, निविदा खुलने की तिथिः 22.07.2024 Time 15.00, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः 06 माह ● निविदा दिनांक 22.07.2024 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साईट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 1130/24(K)
@CPRONCR @northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दयाल पुत्र** किशन लाल **पताः** शकील की झुग्गी, भूमिया, चौक मदनगिरि अंबेडकर नगर, नई दिल्ली, ने **FIR No. 29/23 U/s 4/5 25/54/59 Arms Act थानाः कल्याणपुरी दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दयाल,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दयाल**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 29/23 U/s 4/5 25/54/59 Arms Act थानाः कल्याणपुरी दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दयाल**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.10.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री प्रीति अग्रवाल
एलडी एमएम.
कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली
DP/8365/ED/2024
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 CrPC देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शंकर थापा पुत्रः** जूनी बहादुर थापा, **निवासीः** मकान नं. आरजेड–बी–1/14बी, रघु नगर, नई दिल्ली ने **Case FIR No. 82/2013, U/s 380/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन सागरपुर, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शंकर थापा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शंकर थापा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case FIR No. 82/2013, U/s 380/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन सागरपुर, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **शंकर थापा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.08.2024** को या इससे पहले हाज़िर हो।
आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट–03,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली
DP/8323/SW/2024
(Court Matter)

# छत्तीसगढ़ में मजदूरों के बच्चे भी अफसर बनने की राह पर



● सीएम विष्णुदेव की पहल पर निशुल्क कोचिंग योजना की शुरुआत

● श्रम विभाग देगा श्रमिको के बच्चों को यह सुविधा

**रायपुर,** आनंद खरे/ (पंजाब केसरी): छत्तीसगढ़ की विष्णु सरकार प्रदेश के श्रमिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा और उनके बच्चों की शिक्षा को लेकर कितनी संवेदनशील और गंभीर है इस बात का पता श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग दिए जाने के निर्णय से साफ दिखाई दे रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और विष्णु देव सरकार के सुशासन के चरितार्थ को प्रमाणित करती श्रमिक हितैषी सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के निर्देश पर जुलाई से मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निशुल्क कोचिंग शुरू होने जा रही है। इस योजना के तहत पीएससी, व्यापम, बैंकिंग प्रतियोगी परीक्षा के लिए निशुल्क कोचिंग की सुविधा श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी प्रदेश के 10 जिलों में इस योजना के तहत निशुल्क कोचिंग शुरू होने जा रही है। इस बारे में श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत हितग्राहियों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की मंशा है की श्रमिक परिवार के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए ठोस कदम उठाएं जाएं। श्रमिक परिवार के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर सुविधाओं की जरूरत है। इसी तारतम्य में पंजीकृत श्रमिक व पंजीकृत श्रमिक के संतानों को शैक्षणिक योग्यता अनुसार लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, कर्मचारी चयन आयोग, बैंकिंग, रेल्वे, पुलिस भर्ती एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए 4 से 10 माह तक की निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी।

यह कोचिंग ऑनलाइन के साथ साथ ऑफलाइन भी मिलेगी। प्रारंभिक तौर पर रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, धमतरी, राजनांदगाव, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, महासमुंद जिले में इस योजना की शुरुवात की जा रही है।

## सीएम विजयन की बेटी की कंपनी को बेवजह दिए गए 1.72 करोड़

**कोच्चि,**(पंजाब केसरी): ईडी ने दोहराया कि कोच्चि स्थित खनन कंपनी कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) ने वीणा विजयन की आईटी कंपनी एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस को बिना कोई सर्विस दिए सॉफ्टवेयर सेवाओं के नाम पर 1.72 करोड़ रुपये का भुगतान किया था।

ईडी ने हाल ही में केरल हाईकोर्ट में सीएमआरएल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत संज्ञेय अपराध करने के आरोप में दायर एक बयान में यह खुलासा किया। वीणा विजयन की आईटी फर्म को मोटी रकम मिलने का मामला पहली बार पिछले साल एक मीडिया रिपोर्ट में सामने आया था। इसके बाद कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालनदान ने मामले को आक्रामकता से उठाया।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के शीर्ष नेताओं ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए पूरे मामले को 'दो पेशेवर कंपनियों के बीच व्यापारिक सौदा' करार दिया। हालांकि, मैथ्यू कुझालनदान अपने रुख पर अड़े रहे।

## पटाखा इकाई में विस्फोट, चार की मौत

**विरुधुनगर** (तमिलनाडु), (पंजाब केसरी): यहां एक पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट होने से चार श्रमिकों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई।

उन्होंने कहा कि विस्फोट तथा आग लगने का कारण पटाखा बनाने में रासायनिक पदार्थों का गलत तरीके से इस्तेमाल किया जाना बताया जा रहा है।

विस्फोट 29 जून की सुबह विरुधुनगर जिले के सत्तूर तालुक के पंथुवरपट्टी गांव स्थित एक आतिशबाजी इकाई में हुआ था।

# ईडी ने धनशोधन मामले में माकपा के भूखंड और बैंक जमाराशि को कुर्क किया

● करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक 'घोटाला' से जुड़ी है जांच

**कोच्चि,** (पंजाब केसरी): प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक 'घोटाला' से जुड़ी मौजूदा धनशोधन जांच के तहत केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कथित एक भूखंड और 73 लाख रुपये की बैंक जमाराशि को कुर्क किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

माकपा ने गड़बड़ी और धनशोधन के आरोपों से इनकार किया है। सूत्रों ने बताया कि इन संपत्तियों को कुर्क करने के लिए धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत अंतरिम आदेश जारी किया गया।

उन्होंने बताया कि कुर्क की गयी संपत्तियों में केरल के त्रिशूर जिले में 10 लाख रुपये मूल्य का भूखंड और राजनीतिक दल के 'अघोषित' बैंक खातों में रखी 63 लाख रुपये की जमाराशि शामिल हैं। माकपा ने ईडी के आरोपों का खंडन किया है और कहा है कि वह करोड़ों रुपये के कथित करुवन्नूर बैंक घोटाले से संबंधित मामले में उसे आरोपी बनाने की जांच एजेंसी के किसी भी कदम का कानूनी और राजनीतिक रूप से डटकर मुकाबला करेगी। पार्टी के प्रदेश सचिव एम वी गोविंदन ने आरोप लगाया कि ईडी राजनीतिक कारणों से विभिन्न मामलों में विपक्षी दलों एवं उनके नेताओं को आरोपी बनाने का प्रयास कर रही है। ईडी का मानना है कि उसने जो भूखंड कुर्क किया है वह माकपा के पार्टी कार्यालय के लिए था और उसे ऋणधारकों या करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक द्वारा मंजूर किये गये ऋण के लाभार्थियों से मिली कथित रिश्वत से खरीदा गया था।

# नकली शराब से मौतों के बाद जागी स्टालिन सरकार

## नियम और कड़े करने के लिए तमिलनाडु विधानसभा में संशोधन विधेयक पारित



**चेन्नई,** (पंजाब केसरी): सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने अवैध शराब के विनिर्माण, इसके भंडारण और बिक्री जैसे अपराधों को लेकर सजा तथा जुर्माने में वृद्धि के लिए तमिलनाडु मद्यनिषेध अधिनियम 1937 में शनिवार को संशोधन किया। दरअसल तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में हाल ही में अवैध देशी शराब पीने से कम से कम 34 से ज्यादा लोगों की मौत गई थी। नकली शराब से मौतों के बाद आखिरकार स्टालिन सरकार जाग ही गई। स्टालिन सरकार ने इसके लिए कड़े प्रावधान किए हैं। विधेयक में अवैध शराब के आयात, निर्यात, परिवहन, कब्जे, निर्माण, बोतलबंद और उपभोग जैसे अपराधों के लिए विभिन्न दंडों का प्रावधान है। तमिलनाडु मद्यनिषेध (संशोधन) अधिनियम सरकार द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद प्रभाव में आएगा और इसका लक्ष्य राज्य से अवैध शराब की बुराई को पूरी तरह दूर करना है। कल्लाकुरिचि अवैध शराब त्रासदी के बाद इस कानून में यह संशोधन किया गया है तथा अधिनियम की धाराओं-चार, पांच, छह, सात और 11 के तहत विभिन्न अपराधों में कैद की सजा और जुर्माने की राशि बढ़ा दी गई है। इस संशोधन में अधिकतम 10 साल के सश्रम कारावास तथा पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। संशोधन के अनुसार, अवैध शराब पीने पर किसी की मौत होने की स्थिति में शराब तस्करों को कठोर उम्रकैद होगी तथा उन पर 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगेगा। कांग्रेस विधायक दल के नेता के. सेल्वापेरुनथगाई ने इस विधेयक का समर्थन किया।

Wanted
ACCOUNTANT
Leading Hindi daily urgently Requires Accountant (Minimum exp. 5 years in a CA Firm) with complete knowledge of Excel at its office **Near NSP Metro Station, Delhi.**
Apply with details within 7 days.
Email:
careerds2250@gmail.com
Mobile : 9310206323 | 9310739099

# असम में बाढ़ से फिर बिगड़े हालात



**गुवाहाटी,** (पंजाब केसरी): असम में पिछले कुछ दिनों से सुधर रही बाढ़ की स्थिति शनिवार को फिर खराब हो गई, जिससे बाढ़ प्रभावितों की संख्या में वृद्धि हुई। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) ने एक बुलेटिन में कहा कि बाढ़ के कारण राज्य के सात जिलों में 1,33,945 लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं, शुक्रवार को पांच जिलों में प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 1,07,385 रह गई। असम में बाढ़ के कारण पिछले 24 घंटों में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। साथ ही इस साल बाढ़, तूफान और भूस्खलन की चपेट में आ जाने से 42 लोगों की मौत हुई है। राज्य का कछार जिला बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां बाढ़ से 67,030 लोग प्रभावित हुए हैं। इसके बाद करीमगंज जिले में 27,235 लोग व धेमाजी में 25,947 लोग प्राकृतिक आपदा से संकट का सामना कर रहे हैं। बाढ़ के कारण कामरूप, करीमगंज, धेमाजी, डिब्रूगढ़, कछार, तिनसुकिया और लखीमपुर जिले जलमग्न हैं। राज्य के 8,484 लोगों ने 66 राहत शिविरों में शरण ली है, जबकि पांच अन्य राहत वितरण केंद्र भी चालू हैं। धेमाजी जिले में लगभग 100 लोगों को नाव के जरिये बचाया गया है। एएसडीएमए बुलेटिन में कहा गया है कि विभिन्न भागों में सड़कें, पुल, तटबंध और पुलिया जैसे बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है।

CMYK

# वस्तुओं, सेवाओं का निर्यात में 800 अरब डॉलर से अधिक होने का भरोसा : गोयल

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है। इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 में निर्यात 778.2 अरब डॉलर (वस्तुएं 437.1 अरब डॉलर और सेवाएं 341 अरब डॉलर) रहा था।



उन्होंने कहा कि वैश्विक स्थिति गंभीर है, क्योंकि यूक्रेन-रूस और इजरायल-हमास के बीच युद्ध और लाल सागर संकट अभी भी जारी है। मंत्री ने कहा कि यूरोप जैसे कुछ प्रमुख लोकतांत्रिक देशों में चुनाव भी

● दुनिया भारत के साथ व्यापार और निवेश करना चाहती है

हो रहे हैं। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'ऐसी स्थिति में यह सकारात्मक संकेत है कि हमारा निर्यात बढ़ रहा है (मई में नौ प्रतिशत की वृद्धि) और इससे यह पता भी चलता है कि दुनिया भारत के साथ व्यापार और निवेश करना चाहती है। हमें भरोसा है कि इस साल हमारा निर्यात 800 अरब डॉलर से अधिक होगा और यह एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड होगा।'

वह रत्न एवं आभूषण निर्यातकों के एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए यहां आए थे। गोयल ने कहा कि 800 अरब डॉलर के निर्यात के लिए मंत्रालय विदेश स्थित भारतीय मिशनों और निर्यात संवर्धन परिषदों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष चालू खाता घाटा (सीएडी) भी कम हुआ है। ऐसे में निर्यात बढ़ेगा, विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। भारत ने मार्च तिमाही में 5.7 अरब डॉलर या जीडीपी के 0.6 प्रतिशत के बराबर चालू खाता अधिशेष दर्ज किया।

उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों पर ध्यान केंद्रित करने से तेल आयात को कम करने में मदद मिलेगी। मंत्रालय विशेष रूप से मूल्य वर्धित वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मसालों, रबर, तंबाकू, चाय और कॉफी सहित बागान बोर्डों के साथ चर्चा कर रहा है।

## मलेनिया ने ट्रम्प के साथ किया समझौता

वाशिंगटन (एजेंसी) अमेरिका में राष्ट्रपति के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पत्नी मेलानिया ने समझौता किया है। समझौता यह है कि यदि ट्रम्प राष्ट्रपति का चुनाव जीतते हैं तो वह व्हाईट हाउस में प्रथम महिला के रूप में वह वापसी करेंगी। मलेनिया ने कहा कि समझौता मुख्य कारण उनका बेटा बैरन है।

वह पहले ही यह प्लान कर चुकीं है कि प्रत्येक माह न्यूयार्क व्यतित करेंगी। पिछले कुछ समय से मेलनिया ट्रम्प के साथ नजर नही आ रही है।

दोनों के रिश्ते में दूरी बन चुकी है। अभी कोर्ट के सुनावई के दौरान भी वह पूर्व राष्ट्रपति के साथ नही दिखी। इसका मुख्य कारण पोर्न स्टार के साथ ट्रम्प का नाम जुड़ना है।

## गिफ्ट सिटी में एआई क्लस्टर स्थापित करने के लिए आईबीएम, गुजरात सरकार में समझौता

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आईबीएम और गुजरात सरकार ने शनिवार को गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक (गिफ्ट) सिटी में आईबीएम के 'वाटसनएक्स' का लाभ उठाते हुए एआई क्लस्टर की स्थापना करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। एआई क्लस्टर की स्थापना से वित्तीय संस्थानों के बीच नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। एक बयान के अनुसार, इस साझेदारी के तहत वित्तीय संस्थानों को कृत्रिम मेधा (एआई) सैंडबॉक्स तक पहुंच, अवधारणा का प्रमाण प्रदान करने में सहायता, एआई साक्षरता कार्यक्रम और डिजिटल सहायक समाधान प्राप्त होंगे।

## उन लोगों और प्रवृत्तियों को याद रखने की जरूरत है जिनके कारण आपातकाल लागू हुआ: आंबेकर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ पदाधिकारी सुनील आंबेकर ने 1975 में लगाये गये आपातकाल के दिनों को याद करते हुए शनिवार को कहा कि यह समझना जरूरी है कि ''किस तरह के लोगों, प्रवृत्तियों और कारणों की वजह से ऐसी स्थिति पैदा होती है, जब लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिकार खतरे में पड़ जाते हैं''। उस समय सत्ता में रही कांग्रेस पार्टी का नाम लिए बिना आंबेकर ने कहा कि भारत के संप्रभु गणराज्य बनने के 25 साल के भीतर लगाए गए आपातकाल के कारण देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और लोगों के लोकतांत्रिक अधिकार खतरे में पड़ गये थे। उन्होंने कहा, ''हमें

● आपातकाल के कारण देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और लोगों के लोकतांत्रिक अधिकार खतरे में पड़ गये थे

आपातकाल के दिनों को अवश्य याद रखना चाहिए, क्योंकि ये हमें बार-बार याद दिलाते रहेंगे कि किस तरह के लोगों, प्रवृत्तियों और कारणों की वजह से ऐसी स्थिति पैदा होती है, जब लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिकार खतरे में पड़ जाते हैं''।

आंबेकर ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक प्रणाली और लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को ऐसा खतरा विदेश से नहीं बल्कि आपातकाल लागू कर ''हमारी अपनी राजनीतिक प्रणाली'' से पैदा हुआ था।

वह यहां आरएसएस से संबद्ध इंद्रप्रस्थ विश्व संवाद केंद्र (आईवीएसके) द्वारा आयोजित एक वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य के लिए मीडियाकर्मियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

आंबेकर ने कहा, ''आपातकाल के समय मैं बहुत छोटा था। कई वर्षों तक विद्यार्थी परिषद से जुड़ा रहा। देश के विद्यार्थी, संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक और समाज के लोग, सभी ने मिलकर आपातकाल का विरोध किया था।''

## ग्रेटर नोएडा में मकान गिरने से तीन बच्चों की मौत

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : ग्रेटर नोएडा वेस्ट के ग्राम खोदना कलां सूरजपुर में शुक्रवार रात एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने आठ बच्चे मलवे में दबे थे। इस दर्दनाक घटना में तीन बच्चों की मौत हो गयी थी। घायल हुए बच्चों का हाल जानने के लिए आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा शारदा हॉस्पिटल पहुंचे। डीएम ने क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती बच्चों से मुलाकात की और उनके इलाज की जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों को निर्देश दिए कि बच्चों के इलाज में किसी प्रकार की कमी न हो और उनके खान-पान का विशेष ध्यान रखा जाए।

ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर क्षेत्र के खोदना गांव में यह हृदयविदारक घटना सगीर नाम के व्यक्ति के मकान में हुई। अपनी नानी के घर गर्मियों की छुट्टियां मनाने आए बच्चे लुकाछिपी खेल रहे थे, लेकिन तभी दीवार भरभराकर गिरने से तीन मासूमों को मौत ने अपने आगोश में ले लिया। यह बात क्षेत्र

● नानी के घर गर्मियों की छुट्टियां मनाने आए बच्चे लुकाछिपी खेल रहे थे

में आग की तरह फैल गई और पूरे गांव में मातम और चीख पुकार मच गई। मृतकों की पहचान आहद (4), आदिल (8) और अलफिजा (2 वर्ष) के रूप में की गई है। इन तीनों की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

**मां के सामने बच्ची को कार सवार ने कुचला**

सेक्टर-63ए के बी ब्लॉक में एक मां की आंखों के सामने उसकी 19 महीने की बच्ची को कार सवार ने कुचल दिया। हादसे में बच्ची की गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि मां को भी चोट आई है। दोनों को इलाज के लिए कैलाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां बच्ची जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है। बताया जा रहा है कि कार सवार पास का ही रहने वाला युवक है। भीड़ इकट्ठा पर आरोपी युवक ही दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचा।

## नाती निकला नानी का हत्यारा




**गाजियाबाद,** (पंजाब केसरी): साहिबाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अर्थला गांव में एक हत्या का अजीब मामला सामने आया है। जहां पर एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला का हत्यारा कोई और नहीं बल्कि उसका नाती ही निकला है। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया है और उसके द्वारा लूटे हुए वृद्धा के कानों के कुण्डल भी बरामद कर लिए है।

डीसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि बीते शुक्रवार को अशोक कुमार पुत्र राम चन्दर निवासी अर्थला शिव मंदिर के पास द्वारा थाना साहिबाबाद में आकर बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी माँ के कुण्डल, नाक की नथनी मंदिर में रखे रूपये गायब होना और माँ की हत्या कर दी गई।

जांच में पुलिस ने वृद्धा मृतक महिला के बीस वर्षीय नाती विनोद निवासी संभल को दोषी पाया। पूछताछ में विनोद ने बताया कि वह दो महीने पहले ही अपने मामा के घर आया था और यहां पर ही किराए पर दुकान लेकर समोसा चाउमीन बनाने का काम करता था। काम सही से न चले और ऑनलाइन गेम खेलने में नुकसान के चलते वह परेशान रहने लगा था। शुक्रवार को वह अपने मामा के घर गया, घर पर मामा और नानी मौजूद थे। उसने बताया कि दोपहर को मामा काम के लिए बाहर चले गए। तभी उसने अपने नानी से रूपये उधार मांगे। नानी द्वारा रूपये न देने के चलते उसका नानी से झगड़ा हो गया। उसने नानी को गिरा दिया और पीठ पर बैठकर गला दबा दिया।

## 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 30 June, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026




**मेष ARIES** (21 मार्च- 20 अप्रैल) पुरानी बीमारी होम रेमेडी से ठीक होगी। वित्तीय स्तर पर चीजें अनुकूल होने लगेंगी। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाना शानदार रहेगा। घरेलू स्तर पर आपके प्रयास सफल होंगे। सामाजिक आयोजन में शामिल होने वाले हैं।
**लकी नंबर : 17, लकी कलर : ग्रीन**

**वृषभ TAURUS** (21 अप्रैल- 20 मई) नियमित व्यायाम करने वाले ब्रेक ले सकते हैं। बचत के लिए कुछ कटौती करनी पड़ सकती है। घर में शांति का माहौल रहेगा, सुकून से रहेंगे। वेकेशन का प्लान बनाएंगे, समय अनुकूल है।
**लकी नंबर : 5, लकी कलर : पर्पल**

**मिथुन GEMINI** (21 मई- 21 जून) सेहत और फिटनेस प्रति कान्शसनेस बढ़ेगा। वित्तीय क्षेत्र में गड़बड़ी की आशंका है। व्यावसायिक काम से यात्रा करनी पड़ेगी। फैमिली के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं।
**लकी नंबर : 7, लकी कलर : ब्लू**

**कर्क CANCER** (22 जून- 22 जुलाई) बेवजह सेहत की चिंता करना तनाव बढ़ाएगा। वर्तमान स्थिति में बचत पर ध्यान देना होगा। संतान की उपलब्धि गर्व का अवसर देगी। लंबे वेकेशन पर जाएंगे, समय अनुकूल रहेगा।
**लकी नंबर : 4, लकी कलर : डार्क ग्रे**

**सिंह LEO** (23 जुलाई- 23 अगस्त) वेट से चिंतित लोग डाइट पर नजर रखेंगे। अपने खर्च पर नियंत्रण रखना जरुरी है। फैमिली को वक्त देंगे, बंधन मजबूत होगा। ट्रैफिक संबंधी परेशानी झेलना पड़ सकता है।
**लकी नंबर : 6, लकी कलर : मैरून**

**कन्या VIRGO** (24 अगस्त- 23 सितंबर) पॉजिटिव सोच अवसाद से मुक्ति दिलवाएगी। बचत बढ़ाने के लिए कटौती करनी पड़ेगी। रुटीन लाइफ की बोरियत दूर कर सकते हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में मजबूती आने वाली है। घरेलू मुद्दे पर तत्काल ध्यान देना होगा।
**लकी नंबर : 8, लकी कलर : सैफ्रॉन**

**तुला LIBRA** (24 सितंबर- 23 अक्टूबर) अस्वस्थ लोगों की सेहत में सुधार होगा। खर्च में कटौती करना आसान नहीं होगा। घर के माहौल में सकारात्मक चेंज लाएंगे। एडवेंचर ट्रिप पर जाने का मौका मिलेगा। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात संभव है। आपका सोशल नेटवर्क बढ़ने वाला है। **लकी नंबर : 11, लकी कलर : सिल्वर**

**वृश्चिक SCORPIO** (24 अक्टूबर-22 नवंबर) सेहत संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आर्थिक समस्याओं को दूर कर सकते हैं। काम समय सीमा में पूरा कर पाएंगे। करीबी लोगों से मुलाकात की उम्मीद है। फैमिली ट्रिप पर जाना यादगार रहेगा।
**लकी नंबर : 8, लकी कलर : ब्राउन**

**धनु SAGITTARIUS** (23 नवंबर- 21 दिसंबर) पूर्ण स्वस्थ होने में थोड़ा और वक्त लगेगा। नवविवाहित अपनी लाइफ से संतुष्ट रहेंगे। फैमिली के साथ वेकेशन पर जाने वाले हैं। किसी से आपका मनमुटाव खत्म होगा।
**लकी नंबर :17, लकी कलर : व्हाइट**

**मकर CAPRICORN** (22 दिसंबर-21 जनवरी) बुजुर्गों को रिकवर होने में वक्त लगेगा। पुराने सामाजिक संपर्क ताजा कर सकते हैं। आमदनी का जरिया बढ़ने की संभावना है। वेकेशन पर जाने का इंतजार खत्म होगा।
**लकी नंबर : 18, लकी कलर : मैजेंटा**

**कुंभ AQUARIUS** (22 जनवरी- 19 फरवरी) खान पान पर नियंत्रण का असर दिखेगा। आर्थिक सुरक्षा के लिए मैनेजमेंट जरुरी है। धैर्य और समझदारी से समाधान मिलेगा। फैमिली की बेहतरी के लिए बड़े फैसले लेंगे। घर का रेनोवेशन करवाने के संकेत हैं। मैच मेकिंग की प्रक्रिया में शामिल होंगे। **लकी नंबर :1, लकी कलर : रेड**

**मीन PISCES** (20 फरवरी- 20 मार्च) इलाज को लेकर सही मार्गदर्शन मिलेगा। आर्थिक स्तर पर मजबूती आने वाली है। आपका कोई बड़ा सपना पूरा हो सकता है। घरेलू स्तर पर कुछ बदलाव आने वाला है। लंबी यात्रा के लिए अनुकूल समय रहेगा।
**लकी नंबर : 8, लकी कलर : ऑरेंज**

## एसीईओ ने शहर का लिया जायजा, बड़ी मशीनों से होगी नालों की सफाई

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : जल भराव की समस्या को निपटारा करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। सीईओ लोकेश एम. ने अगले 48 घंटे के अंदर बड़े स्तर पर नालों की साफ-सफाई करने पर जोर दिया है। इसी क्रम में नोएडा प्राधिकरण एसीईओ संजय खत्री ने शनिवार को सेक्टर-34, 51, 71, 62, 63 और मामूरा सहित कई स्थानों का दौरा किया और वहां की स्थिति का जायजा लिया। एसीईओ संजय खत्री ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी कल्वर्ट्स की गहन सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि जहां कहीं भी कल्वर्ट जाम हैं, वहां सुपर सकर मशीन का उपयोग करके नियमित रूप से सफाई की जाए। एसीईओ ने जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अधिक संख्या में सुपर सकर मशीनें मंगवाने का भी निर्देश दिया हैं।

## फर्जी कॉल सेंटर के जरिए अमेरिका के नागरिकों को बना रहे थे शिकार

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : थाना सेक्टर 142 पुलिस ने सेक्टर 90 स्थित भूटानी अल्फाथम में चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके 40 पुरुष और 33 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि पकड़े गए आरोपी नोएडा में बैठकर अमेरिका के नागरिकों के साथ ठगी करते हैं। आरोपी काफी समय से ठगी की वारदात कर रहे थे। इस गिरोह के चार सदस्य फरार चल रहे हैं। जिसमें सरगना भी शामिल है। डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा श्री हृदेश कठेरिया ने बताया कि शनिवार को सेक्टर 90 स्थित भूटानी अल्फाथम में चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर पर छापेमारी कर 73 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से 73 कम्प्यूटर सैट, 14 मोबाइल, 03 राउटर, 48,000 रुपये नकदी आदि बरामद किये गये।

## अर्थजगत

# उड़द, अरहर, मूंग में मंदी, तेल-तिलहन में तेजी का रुख

**नई दिल्ली,** (एनएनएस): स्टॉकिस्टों की लिवाली कमजोर ही बनी होने से उड़द रंगून एफएक्यू, एसक्यू, मूंग राजस्थान, यूपी-बिहार, अरहर रंगून तथा देशी महाराष्ट्र में 50-115 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी आई। चना खड़ी मोटर राजस्थान तथा एमपी 25-30 रुपए प्रति क्विंटल घटाकर बोला गया। तिलहन बाजार में, स्टॉकिस्टों की लिवाली मजबूत ही बनी होने सरसों एक्सपैलर में 100 रुपए प्रति क्विंटल की और तेजी आई। इसके समर्थन में सरसों भी 50 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी बाजार में, लिवाली कमजोर ही बनी होने से विभिन्न मिलों की चीनी में 4-30 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी आई।

**कल क्या होगा?**



**सोमवार** अषाढ़ बदी दशमी को बासमती एवं गैर बासमती चावल, लोबिया, तुअर, मसूर, चना, उड़द, मोठ, राजमा चित्रा, कालीमिर्च, सितावर, हींग, बादाम, पिस्ता, मेथी, अजवायन, सौफ, सरसों, सोया, बिनौला, चावल एवं इनके तेल तथा डीओसी, ग्वार, ग्वार गम, लौंग, जीरा, सोना-चांदी में लाभ एवं मक्की, बाजरा, काबुली चना, मूंग, साबुदाना, छुआरा, पिस्ता असगंध, आबजोश, बेलगिरी, धनिया, आंवला, लोहा-इस्पात में हानि की संभावना है। भाग्यांक 4-5-6-9 है। यात्रा विचार- पश्चिम दिशा की ओर 7.23 बजे प्रातः के बाद यात्रा करना लाभप्रद होगा।

**अनाज-दाल :** गेहूं एमपी देशी 3650/3850, दड़ा (मिल पहुंच) 2700/2705, चक्की (पहुंच) 2708/2710, आटा चक्की (10 किलो) (जीएसटी सहित) 300/ 310, रोलर फ्लोर मिल आटा (50 किलो) 1470/1480, मैदा (50 किलो) 1510/1530, सूजी (50 किलो) 1520/1540, चोकर (48 किलो) 1140/1150, चावल: बासमती लालकिला 14400, स्वाद 10000, शरबती सेला 4500/ 4600, स्टीम 5100/5300, (1121 नं.) चावल सेला 7300/7400, मक्की: यूपी 2400/2425, बिहार 2525/2575, जौ : 2175/2200, उड़द कच्चा: देशी 9450/9750, दाल उड़द: छिलका (लोकल) 9800/11300, बढ़िया 11600/ 12200, दाल मूंग: छिलका 9500/ 9800, बढ़िया 10300/ 11600, दाल मसूर: लोकल 8100/ 8200, बढ़िया 8300/8500, मलका: लोकल 7700/7900, दाल अरहर: दड़ा 15200/15600, पटका 16000/16400, चना (खड़ी मोटर) राजस्थान 7025/7050, एमपी 7000/7020, चनादाल: लोकल 7950/8000, बढ़िया 8100/8300, बेसन (35 किलो) (जीएसटी अतिरिक्त): एग्रोप्योर 3220, राजमा चित्रा: चीन 11600/13400, ब्राजील 12800/13200, पुणे 10800/14300, राजमा भूटान 10800/11100, काबली चना: छोटा 7500/7700, लोबिया: ब्राजील 8900/9000, लाल 7200/ 7300

**चीनी मिल डिलीवरी :** अफजलगढ़ 3830, सिंभावली 3840, शामली &, मोदी 3840, देवबंद 3850, किनौनी 3890, बुढ़ाना 3840, खतौली 3850, मवाना 3841

**गुड़-शक्कर :** गुड़ पेड़ी 4500/4600, चाकू 4600/4700, ढैया 4600/4700, शक्कर 4900/ 5000, खांडसारी 5300/5400

**तिलहन और तेल :** सरसों 5900/5950, खली एक्सपेलर: सरसों 2800/2950, बिनौला 3400/3550, डिऑयल्ड एक्सटेरक्शन (टन): राइसब्रान कंटीन्यूस 15900/16000, सरसों 26000/26300, सोयाबीन पीला 41000/42000, सूरजमुखी 25500/25700, मूंगफली (40-45 प्रश.) 34000/34500, राईसब्रान (प्रति यूनिट) 144/145, खाद्य तेल (जीएसटी अतिरिक्त): मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड (टीन) 2700/2800, सरसों तेल (टीन) 1800/2000, सरसों एक्सपेलर 11600, तिल तेल 15000, सोयाबीन रिफाइंड मिल डिलीवरी 10400, सोया तेल डिगम्ड 9450, (टीन) 1600/1700, सनफ्लावर 1650/1700, गोला तेल (टीन) 2600/2700

**लोहा व इस्पात :** सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 68000, (10 एमएम) 66800, (12 एमएम) 64400, (16-25 एमएम) 65600, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस): (8 एमएम) 380, (10) 583, (12) 823, (16) 1465, ( 20 एमएम) 2290, (25 एमएम ) 3575, अम्बा शक्ति -500 एसडी: (8 एमएम) 67800, (10 एमएम)66000, (12 एमएम) 65100, (16-25 एमएम) 64800, (32 एमएम) 64200, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 67600, (10) 65500, (12) 65000, (16-25) 65000, (32) 65000, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 67900, (10) 66100, (12) 65100, (16-25) 64200, (28-32) 64300, बिरला (8 एमएम) 67400, (10 एमएम) 64300, (12 एमएम) 64800, (16-25 एमएम) 64300, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 67400, (10 एमएम) 66200, (12 एमएम) 64800, (16-25 एमएम) 64500, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 66800, (10 एमएम) 66200, (12 एमएम) 64900, (16-25 एमएम)65000, चैनल: राना (जीएसटी अतिरिक्त) 53000, एमएस (केवीएस) (75&40) (100&50) 64200, जयभारत 52000, अनमोल 52000, बिरला 54300, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 53000, अनमोल 53000, टी-आयरन: राना 53000, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 43400, (साढ़े तीन इंच) 44400, (चार इंच) 44800, (पांच इंच) 44700, (छः इंच) 44700, स्क्रैप: पुरानी 38000, मैल्टिंग स्क्रैप 39000, इंगट 43500, राउंड 49000.

**अलौह धातु :** एंटीमनी: चीन &, कैडमियम: रॉड &, मैक्सिको &, प्लेट &, लैड (सीसा): बैट्री सफेद &, बैट्री काला 101.50, देशी मुलायम 189/208, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 189/208, चार प्रतिशत 194/212, पी.पी.&, गन मैटल स्क्रैप: लोकल &, मिक्स &, जालंधर &, स्टील बर्तन &, ब्रास (पीतल): हनी 540, रेडिएटर देशी 358, रेडिएटर विदेशी 358, चादरी देशी 510, पुर्जे स्क्रैप 498, टिन (रांग): इंगट मलेशिया &, इंडोनेशिया 2890, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 276, एजेड 280, आईजेड 273, आईजे 275,पीएमआई 226, ड्रास (ढीमा) 204, निकिल कैथोड: रसियन- (4&4) 1540, (8&8) 1545, (4&24) 1550, नार्वे (4&4) 1560, (4&24) 1570, कॉपर (तांबा): आरमेचर प्लांट 759, भट्ठी 757, सीसी 845, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 233, शीट कटिंग 214, वायर स्क्रैप 218, बर्तनफूट 185, पुर्जाफूट 181, रॉड: लोकल 238, कम्पनी 250.

## जेल से उपचुनाव लड़ेगा अमृतपाल का साथी कुलवंत

**मोगा/पंजाब,** (पंजाब केसरी): एनएसए के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद कुलवंत सिंह पंजाब में विधानसभा उपचुनाव लड़ेगा। कुलवंत ने बरनाला विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ने का फैसला किया है। उसके चचेरे भाई महा सिंह ने ये जानकारी दी है। बरनाला विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के गुरमीत सिंह मीत हेयर विधायक थे। वह संगरूर से सांसद चुने जा चुके हैं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार।**
**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या 01/2024-25/EE/RWD/LATEHAR जिसका PR No. – 326926 REO (24-25):D है, में निविदा खोलने की तिथि 14.07.2024 के स्थान पर 15.07.2024 पढ़ा जाय, एवं क्रमांक 02 पर अंकित योजना मेन रोड से भीतर चेतमा तक पथ निर्माण कार्य (आईडेंटीफिकेशन सं0 RWD/LATEHAR2/ 2024-25) का निविदा को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

निविदा के शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।

PR 328167
REO(24-25)D

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार।

**HIMACHAL PRADESH, PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**(INVITATION FOR BIDS (IFB)**
**(e-Procurement Module)**

TheExecutive Engineer, Chamba Division, HPPWD Chamba H.P. on behalf of Governor of H.P. invites the item rate bids, in electronic tendering system, from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in the table.

| Sr. No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of tender form (Rs.) | Class | Completion period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Link road from Rajindu to Gal Km. 0/0 to 1/500 (SH:- Formation cutting at Km. 0/750 to 1/500) | 24,43,852/- | 48,877/- | 500/- | D & C | Two Months |
| 2 | Construction of Link road to village Chanjuin Km. 0/0 to 1/750 (SH:- Construction of 3.00 Mtrs Span RCC culvert at Rd 0/080) | 8,54,876/- | 17,500/- | 350/- | D & C | Two Months |

2.KEY DATES:
1. Starting Date for downloading 29/06/2024 at 10.00 AM
2. Deadline for submission of Bid 08/07/2024at 11.00AM
3. Date of Technical bid opening 08/07/2024at 11.30 AM

The undersigned has right to extend or cancel the bids without declaring any reasons there-of.
The Bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in

Executive Engineer, Chamba Division,
HPPWD Chamba, Pin-176310, Tel.01899-222229, Email:-ee-cha-hp@nic.in
On behalf of Governor of Himachal Pradesh

Ro. No. 0462/2024-2025

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय**
**मुनि माया राम मार्ग, पीतमपुरा, दिल्ली-110034**
**वेबसाइट: https://tte.delhl.gov.in**

**पूर्णकालिक डिप्लोमा प्रवेश 2024-25**

शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए तकनीकी शिक्षा बोर्ड, दिल्ली के तहत सरकारी सहायता प्राप्त/निजी रूप से प्रबंधित स्व-वित्तपोषित संस्थानों में चल रहे एआईसीटीई/पीसीआई/सीओए अनुमोदित पूर्णकालिक डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

संस्थान का विवरण, प्रस्तावित पाठ्यक्रम और अन्य जानकारी वेबसाइट https://tte.delhi.gov.in पर उपलब्ध सूचना बुलेटिन में देखी जा सकती है और ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल https://dtte.ucanapply.com है।

**महत्वपूर्ण तिथियां**

| | |
|---|---|
| पंजीकरण शुरू होने की तिथि : | 19.06.2024 |
| पंजीकरण और शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि : | 16.07.2024 |
| संभावित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस टेस्ट : | 27.07.24 और 28.07.2024 |

*कृपया शेड्यूल में किसी भी अपडेट के लिए एडमिशन पोर्टल देखें
**ऑनलाइन पंजीकरण के समय 500/-रुपये (गैर-वापसी योग्य) पंजीकरण शुल्क देय है।

**किसी भी जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:**
**प्रवेश कक्ष, कमरा नंबर 5, तकनीकी शिक्षा बोर्ड,**
**मुनि माया राम मार्ग, पीतमपुरा, दिल्ली-110034**
**ई-मेल: dtteonline@gmail.com फ़ोन: 011-27323161**

**निदेशक**
**प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय, दिल्ली**

DIP/shabdarth/classified/0094/24-25

Price Rs. 5.00 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom पंजाब केसरी DELHI
R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6




# भारत बना टी-20 वर्ल्ड कप का विजेता

- टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका के हाथों से जीत छीनी
- कोहली की 76 और अक्षर पटेल की 47 रन की पारी के बाद भारतीय गेंदबाजों ने भी दिखाए जलवे

**ब्रिजटाउन, (एजेंसी):** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा की टीम ने वो सपना पूरा कर दिया, जिसका 17 साल से पूरा होने का इंतजार था। साउथ अफ्रीका 177 का टारगेट आसानी से पूरा कर रही थी। लेकिन, गेंदबाजों को ये मंजूर नहीं था। साउथ अफ्रीका के हाथों से जीत छीन ली। टी-20 वर्ल्ड कप इंडिया का है।

जीत का हीरो कोई एक नहीं पूरी इंडियन टीम है। सूर्यकुमार का वो कैच तो शायद दशकों तक याद रखा जाएगा, जिसकी बदौलत मिलर पवेलियन लौटे। टीम इंडिया ने 17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। टीम ने 2007 में पहला वर्ल्ड कप जीता था। इसी के साथ भारतीय टीम ने आईसीसी ट्रॉफी के 11 साल के सूखे को खत्म कर दिया। भारत ने आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में जीता था।

बारबडोस से स्टेडियम में इंडिया ने पहले बैटिंग चुनी थी। पावरप्ले में रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और सूर्यकुमार के विकेट गिर गए थे। कोहली ने 76 और अक्षर पटेल ने 47 रन की पारी खेली। शिवम दुबे ने तेज रफ्तार से 27 रन बनाकर स्कोर 176 तक पहुंचाया। साउथ अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज और एनरिक नॉर्त्या ने 2-2 विकेट लिए। कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने एक-एक विकेट लिया।



## स्कोर बोर्ड

| भारत पारी | |
|---|---|
| रोहित का क्लासेन बो महाराज | 9 |
| कोहली का रबाडा बो जेनसन | 76 |
| ऋषभ पंत का डिकॉक बो महाराज | 0 |
| सूर्यकुमार का क्लासेन बो रबाडा | 3 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 47 |
| शिवम दुबे का मिलर बो नॉर्किया | 27 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 5 |
| जडेजा का महाराज बो नॉर्किया | 2 |
| अतिरिक्त : | 6 |
| **कुल** : 20 ओवर में | **7/176** |

विकेट पतन : 1/23, 2/23, 3/34, 4/106, 5/163, 6/174, 7/176.

**गेंदबाजी :** जेनसन 4-0-49-1, महाराज 3-0-23-2, रबाडा 4-0-36-1, माक्रम 2-0-16-0, नॉर्किया 4-0-26-2, शम्सी 3-0-26-0.

| दक्षिण अफ्रीका पारी | |
|---|---|
| रीजा हेंडरिक्स बो बुमराह | 4 |
| डिकॉक का कुलदीप बो अर्शदीप | 39 |
| माक्रम का पंत बो अर्शदीप | 4 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो पटेल | 31 |
| क्लासेन का पंत बो पंड्या | 52 |
| मिलर का यादव बो पंड्या | 21 |
| मार्को जेनसन बो बुमराह | 2 |
| केशव महाराज नाबाद | 2 |
| रबाडा का यादव बो पंड्या | 4 |
| एनरिच नॉर्किया नाबाद | 1 |
| अतिरिक्त : | 9 |
| **कुल** : 20 ओवर में | **8/169** |

**विकेट पतन :** 1/7, 2/12, 3/70, 4/106, 5/151, 6/156, 7/161, 8/168.

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-20-2, बुमराह 4-0-18-2, पटेल 4-0-49-1, कुलदीप 4-0-45-0, पंड्या 3-0-20-3, जडेजा 1-0-12-0.

## टी-20 वर्ल्डकप की प्राइज मनी

- विजेता (भारत): लगभग 20.36 करोड़ रुपये
- उप-विजेता (साउथ अफ्रीका): 10.64 करोड़ रुपये
- सेमीफाइनलिस्ट: 6.54 करोड़ रुपये
- दूसरे राउंड से बाहर होने पर: 3.17 करोड़ रुपये
- 9वें से 12वें स्थान वाली टीम: 2.05 करोड़ रुपये
- 13वें से 20वें स्थान वाली टीम: 1.87 करोड़
- पहले और दूसरे राउंड में जीत: 25.89 लाख रुपये

## विनिसियस जूनियर के दो गोल से ब्राजील ने पराग्वे को रौंदा

**लास वेगास, (एपी):** विनिसियस जूनियर के पहले हाफ में किये गये दो गोल की मदद से ब्राजील ने कोपा अमेरिका कप ग्रुप डी के फुटबॉल मैच में पराग्वे को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने का अपना दावा मजबूत किया। ब्राजील के लिए साविन्हो ने पहले हाफ में गोल भी किया और लुकास पाक्वेटा ने दूसरे हाफ में पेनल्टी किक पर गोल किया। पराग्वे के लिए उमर एल्डेरेटे ने गोल किया। विनिसियस ने मैच के 35वें मिनट में गोल कर टीम का खाता खोला।

# भारतीय महिला टीम ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में रिकॉर्ड स्कोर बनाया

**चेन्नई,(भाषा):** भारतीय टीम ने शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाते हुए छह विकेट पर 603 रन पर पहली पारी घोषित की। इसके बाद मारिजाने काप और सुने लुस की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने इसके जवाब में स्टंप तक चार विकेट पर 236 रन बना लिये थे।

मेजबान टीम ने बीती रात के चार विकेट पर 525 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। अपना पांचवां टेस्ट खेल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर ने लंबे प्रारूप में अपना पहला अर्धशतक बनाया और 115 गेंद में 69 रन की पारी खेली जबकि ऋचा घोष ने भी भारत का दबदबा जारी रखते हुए करियर की सर्वश्रेष्ठ 86 रन की पारी खेली। इन दोनों ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 143 रन की साझेदारी निभायी।

भारत ने 576 रन बनाते ही महिला टेस्ट क्रिकेट में आस्ट्रेलिया द्वारा बनाया पिछला नौ विकेट पर 575 रन का सर्वोच्च टीम स्कोर का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। हरमनप्रीत के टुमी सेखुखुने की गेंद पर पगबाधा आउट होते ही 593 रन पर यह साझेदारी टूट गयी। इसके 10 रन बाद ही ऋचा भी नोनकुलुलेको मलाबा की गेंद पर पगबाधा आउट हो गयी और भारतीय कप्तान ने पारी घोषित कर दी। दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम ने भी शानदार जज्बा दिखाते हुए पारी की शुरूआत की जिसमें सुने लुस (65 रन) और मारिजाने (नाबाद 69 रन) की अर्धशतकीय पारियों से स्टंप तक चार विकेट पर 236 बनाने में मदद की। अब टीम भारत से 367 रन से पिछड़ रही है।

दक्षिण अफ्रीका के लिए डेल्मी टकर सबसे सफल गेंदबाज रही जिन्होंने 141 रन देकर दो विकेट झटके जबकि मसाबाटा क्लास सबसे फिकायती रहीं। दक्षिण अफ्रीका ने बल्ले से अच्छी शुरूआत करते हुए लंच ब्रेक तक बिना विकेट गंवाये 29 रन बना लिये थे। लेकिन स्नेह राणा ने दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लौरा वुलवार्ट (20) को पगबाधा आउट कर 33 रन पर पहला झटका दिया। फिर एनेके बॉश का साथ निभाने लुस उतरीं। इस जोड़ी ने बल्लेबाजों के मुफीद विकेट का पूरा फायदा उठाया और दूसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी निभायी।

राणा ने ही इस भागीदारी का अंत किया जब बॉश उनकी गेंद पर दीप्ति शर्मा को कैच दे बैठीं। अब काप और लुस क्रीज पर थीं। दक्षिण अफ्रीका ने चाय ब्रेक तक दो विकेट गंवाकर 106 रन बनाये।



छह विकेट पर 603 रन बनाकर पारी घोषित की

## ग्लोबल Window

## बिग बी की मुरीद हुई श्रद्धा कपूर


**मुंबई, (एजेंसी):** फिल्म कल्कि 2898 एडी में बेहतरीन अभिनय के लिए जहां अभिनेता प्रभास की जमकर तारीफ हो रही है। वहीं, कुछ ऐसे लोग भी हैं जो प्रभास से ज्यादा अमिताभ बच्चन की तारीफ कर रहे हैं। इस लिस्ट में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री श्रद्धा कपूर भी शामिल हैं। फिल्म में अमिताभ बच्चन के अभिनय को लेकर श्रद्धा कपूर ने जो कुछ भी लिखा है वो बताता है कि वो बिग बी की कितनी बड़ी फैन हैं। श्रद्धा ने फिल्म देखने के बाद अमिताभ बच्चन के लिए पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, क्या नॉर्थ, क्या साउथ, क्या ईस्ट, क्या वेस्ट, सारा सिनेमा एक तरफ और अमिताभ बच्चन एक तरफ। आप अपने आप में ही एक सिनेमैटिक यूनिवर्स हैं। इस पोस्ट पर एक यूजर का कहना है, 'वह 81 साल की उम्र में ऐसा कर रहे हैं, यह कितनी महान किंवदंती है।'



# ईरान के राष्ट्रपति चुनाव में किसी को बहुमत नहीं

- अब दो शीर्ष उम्मीदवारों के बीच शुक्रवार को सीधा मुकाबला

**दुबई, (एपी):** ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए हुए मतदान में किसी भी प्रत्याशी को जीत के लिए पर्याप्त मत नहीं मिले, जिसके बाद सुधारवादी उम्मीदवार मसूद पेजेशकियन और कट्टरपंथी सईद जलीली के बीच अब सीधा मुकाबला होगा। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। चुनाव प्रवक्ता मोहसिन इस्लामी ने बताया कि पेजेशकियन और जलीली के बीच सीधा मुकाबला शुक्रवार को होगा। इस्लामी ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान चुनाव परिणाम की घोषणा की, जिसका ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने सीधा प्रसारण किया। उन्होंने बताया कि कुल दो करोड़ 45 लाख मतों में से पेजेशकियन को एक करोड़ चार लाख और जलीली को 94 लाख वोट मिले। संसद के कट्टरपंथी स्पीकर मोहम्मद बाघेर कलीबाफ को 33 लाख वोट मिले और शिया धर्मगुरु मुस्तफा पूरमोहम्मदी को करीब 2,06,000 वोट मिले हैं। ईरान के कानून के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक मत हासिल करने पर ही कोई उम्मीदवार विजेता घोषित किया जा सकता हैं और यदि ऐसा नहीं होता है, तो शीर्ष दो उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला होगा।



## निखिल गुप्ता की जज के सामने पेशी

**न्यूयॉर्क, (आईएएनएस) :** अमेरिका में एक खालिस्तानी अलगाववादी की कथित हत्या के लिए सुपारी देने की साजिश में आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को पहली बार ट्रायल जज के सामने पेश किया गया। फेडरल सीनियर जज विक्टर मारेरो ने शुक्रवार को सुनवाई के बाद अगली तारीख 13 सितंबर तय की है। कोर्ट ने कहा है कि अभियोजन पक्ष उस दिन सबूत लेकर आए। खाकी शर्ट और पैंट पहने गुप्ता को अमेरिकी मार्शल कोर्ट के अंदर ले गए और वो डिफेन्स टेबल पर बैठ गए, जहां उन्होंने कार्यवाही शुरू होने से पहले अपने वकील जेफरी चैब्रो के साथ बातचीत की। पिछले साल जून में अमेरिका के अनुरोध पर निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था और 14 जून को उन्हें अमेरिका लाया गया था। 17 जून को उन्हें मजिस्ट्रेट जज जेम्स कॉट की अदालत में पेश किया गया था।




पंजाब केसरी
Sunday mix up
Bollywood
रविवार 30 जून, 2024 दिल्ली
Website : punjabkesari.com

Page 03
बॉलीवुड की वो एक्ट्रेसेस जिन्हें डायरेक्टर से हो गया था प्यार










**Bollywood** News

## पति संग क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रही है प्रियंका

**अभिनेत्री** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों ऑस्ट्रेलिया में अपनी आने वाली फिल्म द ब्लफ की शूटिंग कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो शेयर किया था जिसमें वह अपनी बेटी मालती के साथ मस्ती करती नजर आईं और अपने पति निक जोनास को मिस कर रही थीं। चोपड़ा



ने अब सोशल मीडिया पर नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिससे पता चलता है कि वह शूटिंग से ब्रेक लेकर अपने परिवार के साथ समय बिता रही हैं। एक तस्वीर में अभिनेत्री ग्रीन ड्रेस में निक के साथ क्वालिटी टाइम एन्जॉय करती नजर आ रही हैं। दो अन्य तस्वीरों में मालती अपने पिता निक के साथ नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में प्रियंका की मां मधु चोपड़ा भी नजर आ रही हैं।

## रणवीर की होगी जिंदगी में मिस्ट्री गर्ल की एंट्री

**बिग** बॉस ओटीटी 3' में इन दिनों खूब मसाला देखने को मिल रहा है। इस बार शो में बॉलीवुड एक्टर रणवीर शौरी भी बतौर कंटेस्टेंट शामिल हुए हैं। एक्टर ने




पिछले एक हफ्ते में अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़े कई सीक्रेट रिवील किए हैं। इस बीच शो में कंटेस्टेंट बनकर शामिल हुई टैरो कार्ड रीड मुनीषा खटवानी ने रणवीर के फ्यूचर को लेकर भविष्यवाणी की है। इतना ही नहीं उन्होंने एक्टर की जिंदगी में आने वाली मिस्ट्री गर्ल की तरफ भी इशारा किया है। बता दें कि रणवीर शौरी और कोंकणा सेन शर्मा का तलाक हो चुका है। दोनों का एक बेटा है, जो अपनी मां के साथ रह रहा है। रणवीर अपने बेटे के बारे में शो में कई बार जिक्र कर चुके हैं। इस बीच मुनीषा खटवानी ने एक्टर के आने वाले फ्यूचर से जुड़े कई राज खोले। उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि एक्टर की जिंदगी में जल्द ही दूसरा रिश्ता या शादी हो सकती है।




# जान्हवी कपूर को किया लोगों ने जमकर ट्रोल

**अभिनेत्री** जान्हवी कपूर एक शानदार अदाकारा होने के साथ साथ बोल्ड भी हैं। इसकी झलक वो समय समय पर दिखाती रहती हैं। इस वक्त उनकी कुछ तस्वीरें सामने आ रही हैं जिसमें वो काफी बोल्ड कपड़ों के साथ कहर ढाती हुई दिख रही है। उन्होने मरमेड लुक लिया है और ऊपर सिर्फ डिजायनर बिकिनी पहनी हुई है। जान्हवी कपूर इस ब्लैक ड्रेस में बेहद सेक्सी लग रही है। जैसे ही तस्वीरें सामने आईं लोग इंटरनेट पर खुद को कमेंट्स करने से नहीं रोक पाए। हालांकि कुछ लोग इसपर भी उनको काफी बुरी तरह से ट्रोल कर रहे हैं।



## महाराज के साथ इंटीमेट सीन पर किशोरी ने किया रिएक्ट, बोली-मैंने कुछ गलत नहीं किया

**आमिर** खान के बेटे जुनैद खान, शालिनी पांडे, शारवरी और जयदीप अहलावत स्टारर फिल्म महाराज नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो चुकी है। फिल्म को लेकर सितारे जमकर तरीफें भी बटोर रहे हैं, लेकिन फिल्म को लेकर जमकर कॉन्ट्रोवर्सी भी देखने को मिल रही है। बता दें कि महाराज को Imdb ने 10 में से 6.3 रेटिंग दी है। महाराज फिल्म की लीड एक्ट्रेस शालिनी पांडे ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है जो सोशल



मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस इंटरव्यू में वह चरण सेवा के अपने एक्सपीरियंस को लेकर बात करती हैं। उन्होंने इंटरव्यू में बताया कि इस सीन को शूट करने के बाद उनके मन पर कैसा प्रभाव पड़ा था।

महाराज का चलता है राज महाराज फिल्म में जयदीप अहलावत जदुनाथ की भूमिका में हैं। जिनका मानना होता है कि महिलाओं को चरण सेवा की रस्म करनी चाहिए। इस रस्म के तहत उन्हें खुद को महाराज के लिए समर्पित करना होता है। महाराज ऐसा भ्रम फैलाते हैं कि युवतियों को उनके साथ बंद कमरे में समय बिताना चाहिए। समाज महाराज पर अधिक विश्वास करता है और हर कोई महाराज का कहना मानता है।

**बेचैन हो गई थीं शालिनी पांडे**

जब तक मैंने इस सीन को नहीं किया था तब तक मुझे नहीं पता था कि यह मेरे मन पर इस तरह से प्रभाव डालेगा। क्योंकि जैसे ही मैंने इस सीन को शूट किया मैं घबरा गई।



## शहनाज गिल कर रही हैं चोरी छिपे इस स्टार को डेट

**शहनाज** गिल अपने क्यूट अंदाज और अपने वन लाइनर्स के लिए काफी मशहूर हैं। पंजाब की कैटरीना की नाम से फेमस शहनाज गिल टीवी शो के अलावा बॉलीवुड में भी अपना अच्छा नाम बना चुकी हैं। बात दें कि शहनाज गिल अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रही हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि शहनाज गिल राघव जुयाल को डेट कर रही हैं, लेकिन इस बात को सिर्फ एक अफवाह कहकर टाल दिया गया था, लेकिन हाल ही में जानीमानी मीडिया की शेयर की गई रिपोर्ट में उन्होंने खुलासा किया है कि शहनाज गिल और राघव रिलेशनशिप में हैं। रिपोर्ट मुताबिक राघव और शहनाज कुछ महीनों पहले ही रिलेशन में आए थे। वह दोनों यह पूरी कोशिश करते थे कि दोनों साथ में स्पॉट ना किए जाएं। साथ ही में वह इस बात का भी ख्याल रखते थे कि दोनों पैप्स की नजरों से दूर रहे हैं। दोनों कभी भी साथ में मुंबई के पॉश एरिया वाले जगह पर जाने से बचते आए हैं। हालांकि कुछ समय पहले शहनाज गिल और रैपर गुरु रंधावा के रिलेशनशिप की खबरें काफी तेज थीं। फिलहाल तो फैन्स को अब शहनाज गिल और राघव के ऑफिशियल स्टेटमेंट का इंतजार है।



## पापा बनने के सवाल पर विक्की ने तोड़ी चुप्पी

**विक्की** कौशल, तृप्ति डिमरी और पंजाबी सिंगर एमी विर्क की फिल्म बैड न्यूज का काफी समय से फैंस के बीज बज बना हुआ है। एक लंबे वक्त के बाद विक्की कौशल का कॉमेडी अंदाज देखने को मिलने वाला है। ऐसे में इवेंट के दौरान पैपराजी ने विक्की कौशल से रियल फादर पर सवाल कर डाला, जिसे सुन एक्टर पहले तो शर्मा गए और फिर उन्होंने इसका मजेदार जवाब देते हुए बोले- जब वो आएगी जो सबसे पहले आपको बताऊंगा। आप पहले बैड न्यूज को एन्जॉय करें। जानकारी के लिए बता दें कि बीते दिनों सोशल मीडिया पर विक्की और कटरीना कैफ का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें ये कपल लंदन की सड़कों पर एक-दूसरे का हाथ थामे चलता नजर आया था। इस वीडियो को देख सोशल मीडिया पर कटरीना कैफ के प्रेग्नेंट होने की अफवाह उड़ने लगी थी। हालांकि, जब वह वापस लौटी तो एयरपोर्ट पर नजर आई, जिसके बाद से उनकी प्रेग्नेंसी की अफवाहें खारिज हो गई।

**कब रिलीज होगी बैड न्यूज**

तृप्ति डिमरी और विक्की कौशल पहली बार के साथ पर्दे पर फिल्म बैड न्यूज में नजर आएंगे। यह फिल्म 19 जुलाई को रिलीज होने वाली है। फिल्म के निर्देशक राज मेहता है। ये एक कॉमेडी फिल्म है। फिल्म को वास्तविक घटना से प्रेरित बताया जा रहा है।

## प्रतियोगिता रिश्तों की

1. मां-बेटा, बेटी का रिश्ता।
2. पिता-बेटा, बेटी का रिश्ता।
3. माता-पिता का रिश्ता।
4. पति-पत्नी का रिश्ता।
5. सास-बहू, दमाद का रिश्ता।
6. ससुर-बहू, दमाद का रिश्ता।
7. दोस्तों का रिश्ता।
8. दादा-पोते, पोतियों का रिश्ता।
9. नाना-नानी का नातिनों से रिश्ता।
10. पड़ोसियों का रिश्ता।
11. भाभी-देवर का रिश्ता।
12. जीजा-साली का रिश्ता।
13. गुरु-शिष्य का रिश्ता।
14. अपने पालतू प्राणी के साथ रिश्ता (कुत्ता, बिल्ली, तोता) कोई भी।
15. प्रभु से रिश्ता या ऐसा कोई जिसका आपकी जिंदगी में महत्व है या जिसने आपकी जिंदगी बदल दी।
16. भाई-भाई का रिश्ता।
17. भाई-बहन का रिश्ता।
18. बहनों को रिश्ता।

नाम .....................

पता .....................

फोन नम्बर .............

20 पंक्तियां ...........

फोटो

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : 9871598497, 9811030309**
**deskfeature@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

**हमारी वैबसाइट एवं लिंक**
**https://vnkc.org/**
**https://m.facebook.com/vnkclub**

नोट: सदस्यों के उत्साह को देखते हुए रविवार को भी प्रतियोगिता रिश्तों पर लेख प्रकाशित होंगे।

## आवश्यक सूचना

### प्रतियोगिता रिश्तों की!

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि अपना वीडियो दो मिनट से ज्यादा व लेख 20 लाईनों से अधिक न हो। इसके साथ ही कूपन भेजना न भूलें। कूपन के साथ ही प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। कूपन के बगैर आपका लेख आपकी भावनाओं को देखते हुए अवश्य छापेंगे पर आप प्रतियोगिता में शामिल नहीं हो सकते।
ये प्रतियोगिता पंजाब केसरी के पाठकों के लिए तथा वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के सदस्यों के लिए है। सबको बहुत-बहुत धन्यवाद!

# मंगल की ओर बढ़ते कदम

टेक्सास की रात में एक विशाल स्टील का टुकड़ा वातावरण में प्रवेश करता है, एक जलता हुआ उल्का। सदियों पहले, हमारे पूर्वजों ने कभी नहीं सोचा था कि 191 मीटर लंबी स्टेनलेस स्टील की ढ़ांचा उनके भविष्य के लिए इतना महत्वपूर्ण हो जाएगा। समय बदल गया है, और इसी के साथ मानवता की खुद को और अपने ग्रह को समझने की समझ भी बदल गई है। एलोन मस्क के उद्देश्य ने मानवता को एक दीर्घकालिक और बहुग्रहों वाली प्रजाति बनाने के लिए उनके तेज़ी से पुन: प्रयोज्य लॉन्च सिस्टम के निर्माण की ओर प्रेरित किया।

अब, एलोन यह सब क्यों कर रहे हैं? जब पृथ्वी पर पहले से ही इतने सारे समस्याएं हैं, तो इतना बड़ा रॉकेट बनाने पर इतना खर्च क्यों? ये ऐसे प्रश्न हैं जिनका संपूर्ण लेख के माध्यम से भी न्याय करना मुश्किल है, लेकिन संक्षेप में, एलोन का मानना है कि मानवता एक प्रजाति के रूप में बहुत नाजुक है। नासा का मानना है कि एक घातक उल्का प्रहार हर 600,000 वर्षों में होता है, जैसे कि डायनासोरों को मारने वाला प्रहार। महामारी और इसी तरह के खतरों ने पृथ्वी पर कभी भी मौजूद 99प्रतिशत प्रजातियों को विलुप्त कर दिया है। परमाणु युद्ध जैसे नए खतरों का भी उदय हुआ है, और मानवता के पृथ्वी के पिछले निवासियों की तरह समाप्त होने की संभावनाएं बहुत बढ़ गई हैं। इन समस्याओं को रोकने का एकमात्र तरीका यह है कि विभिन्न ग्रहों पर विस्तार किया जाए और मानवता को एक बहुग्रहों वाली प्रजाति बनाया जाए, जिससे विलुप्त होने की संभावना कम हो। स्पेसएक्स ने 2006 में अपना पहला रॉकेट लॉन्च किया, लेकिन पुन: प्रयोज्य रॉकेटों को लैंड करने और बनाने में उन्हें 10 और साल लगे, जिसे उन्होंने फाल्कन 9 के माध्यम से हासिल किया। एलोन मस्क ने पुन: प्रयोज्य रॉकेटों की आवश्यकता को पहचाना क्योंकि इससे लागत में भारी कमी आएगी; यह एक कारण था जिससे पिछले प्रमुख अमेरिकी लॉन्च वाहन - अंतरिक्ष शटल - का अंत हुआ। हालांकि, फाल्कन 9 मंगल तक बड़े पेलोड्स को ले जाने के लिए पर्याप्त मजबूत नहीं था; इसलिए, एलोन ने एक मजबूत लॉन्च वाहन विकसित करने की दिशा में देखा।


'द् दून स्कूल' 11वीं का छात्र तारक हरजाई

स्टारशिप एक दो चरण वाला रॉकेट है; पहला चरण जिसे बूस्टर या सुपर हेवी कहा जाता है, पृथ्वी पर वापस लैंड करता है जबकि दूसरा चरण जिसे स्टारशिप या शिप कहा जाता है, पेलोड को लेकर गंतव्य की ओर यात्रा करता है। दोनों चरणों में रैप्टर इंजन का उपयोग होता है, जो तरल मीथेन और ऑक्सीजन को अपने ईंधन के रूप में उपयोग करते हैं। रैप्टर इंजन अन्य इंजनों की तुलना में उच्चतम विशिष्ट आवेगों में से एक के लिए जाने जाते हैं, जो स्टारशिप के प्रदर्शन में सुधार करते हैं। प्रारंभिक प्रोटोटाइप कार्बन फाइबर से बने थे, जो वर्तमान में उपयोग किए जा रहे स्टेनलेस स्टील की तुलना में बहुत महंगे थे। कम द्रव्यमान और मजबूत इंजनों का मेल होता है और मानवता का सबसे मजबूत रॉकेट बनता है, जो 22,000 किलो न्यूटन का विशाल थ्रस्ट प्रदान करता है।

**काफी विकास के बाद, स्टारशिप अंततः** अप्रैल 2023 में लॉन्च के लिए तैयार था। यह टेक्सास के स्टारबेस सुविधा से उठा, इसकी गर्जना ने आसपास की खिड़कियों को झंकझोर दिया और इसके प्रचंड बल ने इसके अपने लॉन्च पैड के कुछ हिस्सों को भी तोड़ दिया। हालांकि, उड़ान के चार मिनट बाद, चरण विभाजन विफल हो गया, जिससे मिशन को त्याग दिया गया और पहला प्रोटोटाइप टुकड़ों में बिखर गया। स्पेसएक्स को तुरंत अपने वाहन के बारे में 60 से अधिक एफएए चेतावनियां मिलीं। इस बार, उन्होंने एक हॉट स्टेजिंग तकनीक का उपयोग किया, जहां दूसरा चरण पहले चरण से अलग होने के लिए अपने इंजनों को प्रज्वलित करता है। लॉन्च पैड में भारी क्षति को रोकने के लिए एक जल स्प्रे प्रणाली भी स्थापित की गई थी, जैसा कि पहले लॉन्च में हुआ था। इस बार, जहाज सफलतापूर्वक अलग हो सका, हालांकि निचला चरण अपने बूस्टबैक बर्न के दौरान विस्फोट हो गया, जबकि दूसरे चरण के साथ संकेत खो गए। स्पेसएक्स को इस बार केवल 17 चेतावनियां मिलीं, पिछली 62 की तुलना में, जो उनके कड़े परिश्रम और प्रगति को दर्शाता है, एक प्रमुख लक्ष्य की ओर। 14 मार्च 2023 (पाई डे) को जहाज ने एक बार फिर उड़ान भरी, जहां पहला चरण लॉन्च पैड पर क्रैश लैंड कर गया, जबकि दूसरा चरण सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंच सका और पुन: प्रवेश का प्रयास किया, जब उसने संकेत भेजना बंद कर दिया। हर प्रयास के साथ, स्पेसएक्स अधिक डेटा एकत्र कर रहा है और अपने तेज़ी से पुन: प्रयोज्य रॉकेट के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है।

याद रखें, यह ऐसा कुछ नहीं है जो किसी मानव ने पहले कभी प्रयास किया हो। 11 मिलियन पाउंड लॉन्च करना और उसमें से कुछ को वापस लैंड करना कोई आसान काम नहीं है, इसलिए स्पेसएक्स की प्रगति की दर वास्तव में सराहनीय है, और स्टारशिप को सफल होना ही है। इतनी बड़ी परियोजना को अंजाम देते समय, बाधाओं की उम्मीद की जानी चाहिए, लेकिन उन्हें पार करने की उम्मीद भी की जानी चाहिए। जबकि बहुत से लोग इसका एहसास नहीं करते हैं, हम इतिहास को देख रहे हैं। स्टारशिप वह सबसे अच्छा विकल्प है जिसे मानवता के पास मंगल पर 1000 टन तक के भारी पेलोड ले जाने के लिए होगा, स्थायी रूप से। हम सबसे मजबूत रॉकेट के निर्माण का गवाह बन रहे हैं, वह रॉकेट जो हमारे जीवनकाल में पहले मानव को मंगल और उससे परे ले जाएगा, वह रॉकेट जो मानव को पृथ्वी पर पहले बहुग्रहों वाली प्रजाति बनाएगा... या जितना हम जानते हैं, उतना। ●

# सम्पूर्ण रामायण

यह बात त्रेतायुग की है जब भगवान राम के जन्म से थोड़े समय पहले श्रवण कुमार नाम का एक लड़का था। श्रवण कुमार के माता पिता अंधे थे इसलिए उन्होंने बड़ी ही मुश्किलों और कठिनाइयों से लड़ते हुए श्रवण कुमार को पाला था। इसलिए जब श्रवण कुमार लायक हो गए तब वह अपने माता पिता की सेवा करने लगे।

एक बार श्रवण कुमार के माता-पिता ने इच्छा जताई कि वे तीर्थ धाम की यात्रा करना चाहते हैं। तब श्रवण बांस की दो बड़ी-बड़ी टोकरिया लेकर आए और उन्हें बीच में एक मजबूत लकड़ी से बांध दिया। इस तरह वह एक तराजू की तरह बन गया जिसमें उन्होंने एक टोकरी में अपनी माता को बिठाया था तो दूसरी टोकरी में अपने पिता को बिठाया और लकड़ी के बीच मैं अपना कंधा लगाकर उठा लिया और अपने माता पिता को तीर्थ धाम की यात्रा पर लेकर चले गए। जब लोगों ने यह देखा कि एक पुत्र अपने अंधे माता पिता कि किस तरह सेवा कर रहा है तो उनका नाम मातृ पितृ भक्त श्रवण के रूप में प्रख्यात हुआ।



श्रवण हर रोज काम करने के लिए घर से निकल जाते थे। इसके बाद वह जंगल से लकड़ियां काटने के लिए जाते और अपना चूल्हा जलाने के लिए लकड़ियां जंगल से बटोर कर लाते। उसके बाद चूल्हा जलाने के बाद वह अपने माता-पिता के लिए खाना बनाते। श्रवण इतनी मेहनत करते देख उनके माता-पिता हमेशा यह सोचते थे कि वह कब इस उलझन से मुक्त हो पाएंगे। श्रवण की माता घर के काम करने के लिए श्रवण को मना करती लेकिन फिर भी श्रवण कुमार अपना कर्तव्य मानकर घर और बाहर का हर काम स्वयं करते थे।

**श्रवण कुमार की मृत्यु कैसे हुई थी?**

एक रोज श्रवण कुमार खाना बना रहे थे। तब उनके माता-पिता ने उनसे कहा कि उन्हें प्यास लगी है। अपने माता-पिता की प्यास बुझाने के लिए श्रवण कुमार नजदीकी जलाशय से जल लेने के लिए चल पड़ते हैं।

● (क्रमश:)

**अब दानियों के अनुरोध पर 'एक मिशन एक सेवा' का प्रकाशन प्रतिदिन किया जा रहा है ताकि दानदाता अपने प्रियजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी खास मौके की तिथि विशेष पर अपनी इच्छानुसार दान राशि प्रकाशित करा सकें।**

## एक मिशन एक सेवा



बुढ़ापा जीवन का अटल सत्य है। गरीबी, बीमारियां, तथा अपनों का मुंह फेर लेना, इसे अभिशाप बना देते हैं। आईये! ऐसे बुजुर्गों का सहारा बनें। सुखी-सम्पन्न लोगों के सहयोग से इनका अकेलापन, दु:ख दूर किये जा सकते हैं। ताकि भावी पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सकें।

| | |
|---|---|
| श्रीमती अंजू कश्यप | 7300 रु. |
| पंजाब केसरी दैनिक समाचार पत्र समूह | 2000 रु. |
| विजय कुमार | 500 रु. |
| शशि कपूर | 500 रु. |
| सेवाक देश राज गुप्ता | 500 रु. |
| कुल राशि | 10,800 रु. |

## दानियों के लिए विशेष सूचना

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के लिए दान देने वाले सज्जन अब देशभर में **पंजाब नैशनल बैंक** की किसी भी शाखा में जाकर सहायता राशि जमा करवा सकते हैं, इसके लिए ध्यान रखें कि उक्त राशि **वृद्ध केसरी, रोमेश चंद्र ट्रस्ट के अकाऊंट नंबर 3075002102006705** में देय होनी चाहिए। हमारा अनुरोध है कि सहायता राशि जमा करवाने के बाद हमें सूचित जरूर करें, ताकि रसीद भेजी जा सके। यह राशि आयकर छूट प्राप्त है। **जो सज्जन पंजाब नैशनल बैंक की किसी शाखा में नकद राशि जमा कराएं, वे बैंक की रसीद हमें कोरियर करा दें, ताकि आपको हम रसीद भेज सकें। सभी दानकर्ताओं से अनुरोध है कि दान भेजते समय पूरा पता, टेलीफोन नंबर और पैन कार्ड नंबर भी साथ में लिखें।**

दिल्ली के बाहर के दानकर्ता 500/- रुपए से कम की दानराशि कृपया ड्राफ्ट या मनीआर्डर से ही भेजें

कृपया अपना ड्राफ्ट या चैक **वृद्ध केसरी रोमेश चंद्र ट्रस्ट**, के नाम बना कर हमें भेजें। सभी दानी सज्जनों के नाम प्रति दिन प्रकाशित किए जाएंगे। लेकिन फोटो 5100/- या इससे अधिक की दान राशि देने वाले सज्जनों के प्रकाशित किए जाएंगे। दान के लिए पंजाब केसरी कार्यालय में प्रात: 10 से 5.30 बजे तक सम्पर्क करें।

*** यह राशि आयकर कानून की धारा 80-जी के अन्तर्गत करमुक्त है!**

**पता :- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब**
2, प्रिंटिंग प्रेस काम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर डिपो, दिल्ली-35

**दान के लिए कृपया 01130712376, 09871598497, 9810107375 पर संपर्क करें। यदि कोई सज्जन या संस्था हमारे नाम से पैसा इकट्ठा करे तो इसका जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब नहीं होगा।**


# पिता-बेटे के रिश्ते

मैं विचलित था बरसों से,
ये सोचकर तुम छोड़ गये,
मुझे अकेला
इस भीड़ भरे संसार में
मैं भी कैसा अबोध

उन स्थानों पर,
जहां तुम्हें मैंने खोया था पर,
आज जब तुम्हें पाता हूं मुझमें
तो सोचता हूं
तुम गये नहीं, ये 'मैं' नहीं,

46





बहाता रहा नदियां
आंखों से,
और ढूंढ़ता रहा तुम्हें,
उन स्मृतियों में/

तुम ही तो हो
फर्क कहां होता है
अंश और अंशी में...


● **व्यग्र पाण्डे**

# माता-पिता का अनुपम रिश्ता

*ले लो दुआएं, मां-बाप की।*
*सर से उतरेगी गठरी पाप की।।*

**माता-पिता** से बढ़कर संसार में कोई रिश्ता नहीं। मां के चरणों में स्वर्ग और पिता का शीश कवच है। बड़े-बुजुर्गों का कहना है- माता-पिता की सेवा सबसे बड़ा तीर्थ है, जिसे मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने प्राण देकर भी अपना वचन निभाया। इसीलिए माता-पिता के कठोर वचनों को भी फूल समझकर अपनाओ, कभी उनकी किसी बात का बुरा न मानो। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने अपने माता-पिता की खातिर वनवास सहर्ष स्वीकार किया। वनों में 14 वर्ष तपमय जीवन बिताया। रावण जैसे अधर्मी राजा का वध करके संसार को अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाई।

47



● **बी. एल. सचदेवा**

## केसरी सूडोकू- 2921

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | | 5 | | 1 | 3 | 8 |
| 4 | 1 | | 7 | | 6 | | | |
| | | 3 | | | 2 | | | 4 |
| | 7 | | | | | | | |
| 3 | 2 | | 1 | | 8 | | 4 | 9 |
| | | | | | | | 2 | |
| 6 | | | 9 | | | 2 | | |
| | | | 5 | | 4 | | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 5 | | 2 | | | 9 | 6 |

**हल करने का तरीका**

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।
- आड़ी व खड़ी पंक्ति में और 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

**सूडोकू 2920 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |

# स्वयं का स्वयं से रिश्ता...

**सभी** रिश्तों की बात हुई, पर स्वयं कहां है? कभी सोचा है आत्मानुभूति के बारे में? बहुत सुंदर विषय है, आत्मानुभूति। आत्मानुभूति का तात्पर्य है अपने स्वयं के सत्य स्वरूप का दिग्दर्शन हां-हां दिग्दर्शन। लखनऊ में जन्मी मीना मिश्रा मिश्रा परिवार के छ: बच्चों में दूसरे नम्बर की कन्या थी, वह बचपन से ही अपने भाई बहनों के सोच विचारों से कुछ अलग एवं आत्मिक शक्ति पर भरोसा रखने वाली थी...प्रारंभ से ही कढ़ाई, बुनाई, सिलाई, पेंटिंग, तबलावादन, ड्रामा, डांस, गीत संगीत एवं, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, वॉली बॉल, क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, म्यूजिकल चेयर, हाई जंप, लॉन्ग जंप, इत्यादि मिश्रित हॉबीज की मल्लिका थी। मीना

48



प्रारंभ से ही शिक्षा के क्षेत्र में रहीं, के.जी क्लास से शिक्षा का आरंभ करके, बी. ए एवं बी.एड कक्षा को पढ़ाती हुई जुलाई 2016 में रिटायर हुईं। डबल एम.ए (राजनीति विज्ञान, हिन्दी) बी.एड करके आई मीना ने घर एवं बच्चों को संभालते हुए एम.ए संस्कृत, एम.एड एवं पी.एच डी भी किया, एवं विपरीत परिस्थितयों में भी सकारात्मकता के साथ उस अनोखी शक्ति के साथ जीवन में आगे बढ़ी, और पंजाब केसरी क्लब के साथ जुड़ीं जिसमें होमवर्क के तौर पर 2-2 मिनट के तरह-तरह के विडिओ बनाए और अब ये लेख...।

यह है मेरी आत्मानुभूति कभी आप भी स्वयं के साथ बैठकर आत्मानुभूति का आभास करें।

● **डॉ. मीना तिवारी**
**सदस्या (पश्चिम विहार ब्रांच)**

# दादा-पोते का पावन रिश्ता

**दादा-पोते** का रिश्ता एक ऐसा रिश्ता है, जिसमें दादा और पोते ने रिश्ते के साथ दोनों की दोस्ती भी है, दादा-पोता एक साथ खेलते हैं, ऐसे हंसी-मजाक करते हैं- जैसे दोस्त हों। पोते को दादा के ऊपर ज्यादा भरोसा होता है। वह सोचता है कि मेरे दादा का कहना कोई मानता है, इसीलिए मेरे दादा ही सब कुछ हैं। कई बार बच्चे दादा जी के साथ ऐसा व्यहार करते हैं कि दादा जी को पोते की बात माननी पड़ती है। नहीं तो पोता रूठ जायेगा। कई दादा जी रूठ जाये तो पोता परेशान हो जाता है। इसीलिए कहते हैं। पोते का पहला दोस्त उसका दादा और दादा का आखिरी दोस्त उसका पोता ही होता है। कहवात है-
मूल से प्यारा ब्याज होता है। इसलिए दादा-पोते का अचूक सम्बंध है।



49

● **महेश बग्गा**
**सदस्य, चौखंडी शाखा**

# पति-पत्नी का रिश्ता

**माता** पिता के रिश्ते के बाद सबसे भरोसेमंद रिश्ता पति,पत्नी का होता है माता-पिता तो अच्छी से अच्छी परवरिश करके बेटियों की अच्छे से अच्छे घर में रिश्ता कर देते हैं जीवन भर सुख, दुख में तो पति, पत्नी ही एक-दूसरे का सहारा है। मेरी शादी को करीब 17 साल हो गए मेरा मेरे पति अवधेश मंगल के साथ रिश्ता पूरे भरोसे, प्रेम व विश्वास का है। हम दोनों बड़े ही प्रेम से अपनी दोनों बेटियों के साथ हंसी खुशी से जीवन व्यतीत कर रहे है थोड़ी नोकझोंक चलती रहती है कभी वह किसी बात पर गुस्सा हो जाते तो 2 दिन बाद अपने आप नॉर्मल हो जाते है हमारा रिश्ता बढ़िया चल रहा है माता, पिता व पूर्वजों का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है ईश्वर सब पर कृपा बनाये रखे यही कामना करते है।



50

● **रजनी व अवधेश मंगल**

## Entertainment Update



# जब सलमान खान की इन दो फिल्मों से बाहर हुईं थी अविका गोर

**अविका** ने अपना बॉलीवुड डेब्यू 1920 हॉरर ऑफ द हार्ट फिल्म से किया था। अविका की पहली ही फिल्म हिट साबित हुई थी। इसके बाद, अब रिपोर्ट्स की मानें तो अविका की पाइपलाइन में अभी और भी फिल्में शामिल हैं। इन दिनों अविका का एक इंटरव्यू वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने बताया है कि कैसे सलमान खान के साथ उन्हें काम करने का मौका मिलने वाला था लेकिन ऐन वक्त पर उन्हें फिल्म से निकाल दिया गया। अविका गोर ने एक इंटरव्यू के दौरान यह खुलासा किया था कि उन्हें सलमान खान की फिल्म अंतिम: द फाइनल ट्रुथ: के लिए ऑफर आया था। इस फिल्म के ऑडिशन के लिए अविका ने प्रिपरेशन भी की थी क्योंकि उनके लिए यह एक बड़ा अवसर था। अविका ने बताया कि टीम के साथ साड़ी बातचीत हो जाने के बाद अविका अगले दिन फिल्म साइन करने वाली थीं मगर उन्हें कॉल आया कि किसी और एक्ट्रेस के साथ वह फिल्म आगे बढ़ा रहे हैं। अविका ने सलमान की दोनों फिल्मों से अचानक आखिरी वक्त पर निकाले जाने को लेकर यह कहा कि उन्हें इस बात का बुरा लगा कि ऐसा उनके साथ दो बार हुआ है मगर टीम की भी यह जिम्मेदारी होती है कि वह अपनी फिल्म के लिए जो श्रेष्ठ है उसे चुनें।



# पलक तिवारी की फोटोज देख दीवाने हुए इब्राहिम अली खान

**टीवी** एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। उन्हें कई बार सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान के साथ स्पॉट किया जा चुका है। ऐसे में आए दिन दोनों के रिलेशनशिप को लेकर चर्चाएं होती हैं। इब्राहिम अली खान संग अफेयर की चर्चा के बीच पलक तिवारी ने कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। जिसमें एक्ट्रेस अपने कैजुअल लुक में नजर आ रही हैं। जिसको देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ही नहीं, उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड इब्राहिम अली खान भी दीवाने हो गए। पलक तिवारी की तस्वीरें देख इब्राहिम खुद को रोक नहीं पाए और फिर उन्होंने ऐसा रिएक्शन दिया जिसके बाद से हर तरफ कपल के रिलेशनशिप को लेकर चर्चा है। इब्राहिम ने एक फायर इमोजी साझा किया, जिसमें लिखा हुआ है, लुकिंग गुड। इस कमेंट को देख फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं।



# ईशा अंबानी का अपनी भाभियों संग है मां और दोस्त जैसा रिश्ता

**भारत** के मशहूर और अरबपति बिजनेसमैन मुकेश अंबानी और नीता अंबानी की बेटी ईशा अंबानी अभी के वक्त में एक सफल एंटरप्रेन्योर बन चुकी हैं। इतना ही नहीं रोजाना वह नई ऊंचाइयों को छूती हुई नजर आती है। साथ ही वह अपने पति आनंद पीरामल और अपने दोनों जुड़वा बच्चों के साथ में एक हैप्पी मैरिड लाइफ को एंजॉय कर रही है। लेकिन अब जल्दी ही अंबानी परिवार में एक नए सदस्य की एंट्री होने वाली है। जिसको लेकर अब हाल ही में ईशा अंबानी ने वोग के साथ में एक इंटरव्यू के दौरान बात की। उनसे जब पूछा गया कि क्या राधिका के उनके परिवार में शामिल होने पर उनके इक्वेशन पर कोई भी असर पड़ेगा? जिस पर ईशा अंबानी ने बहुत ही खूबसूरत जवाब दिया। ईशा अंबानी ने इस पर बात करते हुए कहा कि उनकी मान्यता अंबानी और भाभी श्लोका व राधिका उनके सबसे करीबी लोग हैं, जिन पर वह विश्वास कर सकती हैं। इतना ही नहीं वह अपनी छोटी भाभी राधिका को एक मां की नजर से देखती है। ईशा अंबानी की यह बात काफ़ी ज्यादा दिल छू लेने वाली है। ईशा अंबानी ने इस पर कहा कि अनंत हमेशा से ही मेरे जीवन में एक बच्चे की तरह रहा है, जिनको मैं बहुत प्यार करती हूं। लेकिन मैं राधिका को अपनी मां की तरह देखती हूं। मेरी मां, श्लोका और राधिका मेरे सबसे करीब है और मेरी पहली दोस्त भी है।



# बॉलीवुड की वो एक्ट्रेसेस जिन्हें डायरेक्टर से हो गया था प्यार

**बॉलीवुड** इंडस्ट्री में कई सारी लव स्टोरी हैं जो कई सारी चीजों की वजह से चर्चा में रही। इनमें से कुछ लव स्टोरी शादी के मुकाम तक पहुंची पर कुछ लव स्टोरी कुछ समय बाद खत्म हो गई। वहीं जहां बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई एक्टर-एक्ट्रेस की लव स्टोरी पर्दे पर देखने को मिली तो वहीं कई लव स्टोरी रियल लाइफ में भी नजर आई लेकिन इन कुछ लवस्टोरी हैं जो बॉलीवुड के डायरेक्टर से जुड़ी हुई हैं। आज हम आपको बॉलीवुड की उन एक्ट्रेसेस के बारे में बताने जिन्हें किसी स्टार से नहीं बल्कि डायरेक्टर से प्यार हो गया था।

**सुष्मिता सेन**

एक्ट्रेस सुष्मिता सेन जो सिंगल मदर हैं और दो बच्चों की की मां हैं उन्हें भी



डायरेक्टर से प्यार हो गया था। एक्ट्रेस सुष्मिता सेन को डायरेक्टर विक्रम भट्ट से प्यार हुआ था और वो शादीशुदा थे। वहीं कहा जाता हैं कि सुष्मिता की वजह से जहां डायरेक्टर का घर टूट गया था।



**दिव्या भारती**

अपने दौर की फेमस एक्ट्रेस दिव्या भारती जिनकी एक्टिंग का हर कोई दीवान था। एक्ट्रेस ने कई सारी फिल्मों में काम किया था और कई सारे एक्टर के साथ पर्दे पर रोमांस भी किया लेकिन असल ज़िन्दगी में एक्ट्रेस को डायरेक्टर साजिद नाडियाडवाला से प्यार हुआ था लेकिन इन दोनों का रिश्ता आगे बढ़ता इससे पहले दिव्या भारती ने आत्महत्या कर ली थी और आज भी उनकी मौत रहस्य बना हुआ है।

**उर्मिला मातोंडकर**

एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर को भी डायरेक्टर से प्यार हुआ था। एक्ट्रेस को डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा से प्यार किया था। डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा ने रंगीला फिल्म में एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर के साथ काम किया और इसके बाद एक्ट्रेस उनके प्यार में पड गई थी। बता दें, एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर और डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा साथ में 10 से ज्यादा फिल्मों में काम किया।





# भारत के सबसे महंगे कॉमेडियन हैं ब्रह्मानन्दम

**ब्रह्मानन्दम** एक मशहूर भारतीय फिल्म अभिनेता और कॉमेडी कलाकार हैं। वो मुख्य रूप से तेलुगू फिल्मों में काम करते हैं और उनके बिना लगभग हर फिल्म अधूरी मानी जाती है। उन्होंने तमिल और कन्नड़ फिल्मों के अलावा हिन्दी फिल्मों में भी काम किया है। ब्रह्मानन्दम एक जबरदस्त कॉमेडी कलाकार हैं जिनका जन्म लोगों को हंसाने के लिए ही हुआ है। ब्रह्मानन्दम ने अपने हुनर के जरिए इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बनाई है और उनका पूरा नाम ब्रह्मानन्दम कन्नेगंटी हैं।

**कई अवॉर्ड्स से हुए सम्मानित**

ब्रह्मानन्दम मुख्य रूप से तेलुगू फिल्मों में काम करते हैं। वह हिन्दी, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में भी काम कर चुके हैं और उनका नाम जीवित अभिनेताओं में सबसे अधिक फिल्में करने के कारण गिनीज गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ है, उनके हिस्से में पांच नंदी अवॉर्ड के अलावा कई और अवॉर्ड्स हैं. इन्हें भारतीय सिनेमा में अपने योगदान के लिए 2009 में पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है। ब्रह्मानन्दम का कहना है उनका जन्म लोगों को हंसाने के लिए ही हुआ हैं।

**हर फिल्म के चार्ज करते हैं 1 करोड़ रुपए**

आपको बता दें कि ब्रह्मानन्दम ने अपनी फीस बढ़ाकर 1 करोड़ रुपए की है और अब वो हर फिल्म के लिए 1 करोड़ रुपए चार्ज करते हैं और उन्होंने ये डिसीजन अपनी पॉपुलैरिटी और हिट फिल्मों की वजह से लिया है। 2023 के आंकड़ों के अनुसार, ब्रह्मानन्दम की नेटवर्थ 490 करोड़ है जबकि रजनीकांत की नेटवर्थ 430 करोड़ है। वहीं प्रभास की बात करें तो जो सबसे महंगे स्टार कहे जाते हैं, उनकी नेटवर्थ 237 करोड़ रुपए है।



# कल्कि 2898 एडी पौराणिक कथा पर आधारित चित्र में अमिताभ बच्चन भी

**फिल्म समीक्षा-दिनेश शर्मा**

**फिल्म** की समीक्षा करते हुए प्रारंभ में बताना बेहतर होगा कि जो पौराणिक कथाओं में रुचि रखते हैं। उन्हें चित्र पसंद आएगा। खास बात यह है कि अमिताभ बच्चन के अलावा कमल हसन, दीपिका पादुकोण, प्रभास, राजेंद्र प्रसाद, शोभना शाश्वत चटर्जी और दिशा पटानी आदि ने फिल्म को गति दी है। इसमें दो राय नहीं की एक जमाना था जब दादा- दादियों और नाना-नानियों से बच्चे पौराणिक कथाएं सुनकर धर्म-कर्म के सत्य को दिलचस्पी से परख करते थे। यदि यह कहा जाए कि कल्कि फिल्म के जरिए ऐसी कथाओं की जानकारी जागृत करने का प्रयास है। भारी भरकम सितारों के नाम से आम दर्शक को जोड़ा गया है। काशी की रचना पर प्रस्तुत कल्कि का खलनायक भैरवा है। जब गंगा में पानी नहीं है। हवा में ऑक्सीजन नहीं है। कुल तीन तरह की दुनिया को स्पर्श करती फिल्म पर्दे पर देखने के बाद ही ठीक से समझ आएगी। काशी की धुरी पर घूमती कहानी में बहुत कुछ विचारशील भी है। कहानी बीच-बीच में मुद्दे पर आने से पहले व्यर्थ घूमती भी है। भैरवा की लंपटई जमेगी। फिल्म एक बार देखना उचित होगा। दिमागी कसरत भी होगी।

# गोपी बहू ने प्रेग्नेंसी के कयासों पर तोड़ी चुप्पी


**टीवी** एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने साल 2022 में अपने बॉयफ्रेंड शाहनवाज शेख से शादी की थी। अभिनेत्री ने अचानक शादी की खबर से सबको हैरान कर दिया था, क्योंकि बहुत से लोगों को इसकी जरा भी उम्मीद नहीं थी। शादी से पहले तक देवोलीना ने किसी को भनक तक नहीं लगने दी कि वह किसे डेट कर रही हैं। उन्होंने अपने परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में मुंबई के बाहर लोखंडवाला में कोर्ट मैरिज की, जिसकी तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने फैंस संग गुड न्यूज शेयर की। दोनों की शादी को करीब डेढ़ साल हो चुका है। इस बीच देवोलीना भट्टाचार्जी ने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसी तस्वीरें शेयर कर दीं, जिन्हें देखने के बाद उनकी प्रेग्नेंट होने के कयास लगाए जाने लगे। देवोलीना ने इंस्टाग्राम पर अपनी ये तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह व्हाइट ड्रेस पहने बीच पर पोज देती नजर आईं। इन तस्वीरों में देवोलीना की जिस चीज पर सबका ध्यान गया वह था उनका पेट। एक्ट्रेस की फोटोज देखने के बाद यूजर्स ने कयास लगाना शुरू कर दिया कि अभिनेत्री प्रेग्नेंट हैं, साथ ही यह भी कहने लगे कि फोटोज में देवोलीना का बेबी बंप साफ नजर आ रहा है। अपनी प्रेग्नेंसी की चर्चा होते देख देवोलीना से भी रहा नहीं गया और उन्होंन सोशल मीडिया पर अपनी प्रेग्नेंसी की खबरों पर रिएक्शन दे दिया। आपको बता दें कि देवोलीना भट्टाचार्जी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस ने इन खबरों पर रिएक्शन देते हुए लिखा- कई लोग मेरी प्रेग्नेंसी को लेकर काफी समय से मुझे मैसेज कर रहे हैं, इसे लेकर खबरें बना रहे हैं। मुझे यकीन है कि जब भी मेरा मन ऐसी खबरें आप सबके साथ साझा करने का होगा, तो मैं खुद ऐसा करूंगी. फिलहाल, कृपया मुझे परेशान न करें। मुझे यकीन है कि अब तक आप सभी समझ गए होंगे कि मुझे अपनी पर्सनल लाइफ में हस्तक्षेप पसंद नहीं है। धन्यवाद।




NEW LAYOUT-674X576 Pardeep



## कट एंड पेस्ट



प्यारे बच्चों नीचे दिए गए चित्र से टुकड़ों को सही क्रम में काटकर ऊपर दिए गए चित्र को बनाएं।



धर्मपाल डोगरा मिंटू

# कभी देश की आन-बान-शान हुआ करते थे ये पुराने लोकगीत

भारत में अलग-अलग जाति धर्म के लोग रहते हैं। इन लोगों की न सिर्फ बोली-भाषा अलग बल्कि रहन-सहन खान-पान सब अलग है। यही कारण है कि हर संस्कृति में आपको भिन्नता देखने को मिलती है। ये झलक न सिर्फ भौगोलिक स्तर पर है बल्कि सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी अलग है। इसका जीता-जागता उदाहरण लोकगीत, नाटक, नृत्य इत्यादि है। बता दें कि पुराने लोकगीत की मधुर ध्वनि में हर राज्य का कल्चर दिखाई देता है। जहां एक तरफ टेक्नोलॉजी और गीतों में बदलाव हुए वहां ये लोकगीत धीरे-धीरे गायब होते नजर आ रहे हैं। इस आर्टिकल में आज हम अलग-अलग राज्यों को हिसाब गीतों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**लोकगीतों में छिपी देश की आन-बान-शान**

हर क्षेत्र का अपना एक गीत हुआ करता था। जब किसी क्षेत्र का कोई गायक दूसरे शहर जाकर गीत गाता था तो वह उसके राज्य की पहचान को दर्शाता करता था। अलग-अलग राज्यों के हिसाब से लोगों के लोकगीत भी भिन्न और कई प्रकार के हैं, जो अपने भीतर भारत की सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखे हुए हैं। उत्तर प्रदेश के मशहूर लोकगीतों सोहर, चनैनी, नौका झक्कड़, कजरी, सावन आदि है। इन गीतों को अक्सर महिलाएं व पुरुष खुशी के खास मौके जैसे शादी-विवाह, मुंडन, त्योहार आदि में गाया करती थी।



**बिहू गीत :** बिहू गीत लोक संगीत असम में प्रसिद्ध बिहू त्योहार के दौरान गाया बजाया जाता है। इस संगीत के साथ आमतौर पर नृत्य प्रदर्शन होता है; इसे साल में तीन बार बजाया जाता है। बिहू गीत असम के सबसे प्रसिद्ध लोकगीतों में से एक है और यह उत्तर-पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में भी लोकप्रिय है।

**उत्तराखंडी संगीत :** इस संगीत को खासतौर से उत्तराखंड राज्य में त्योहारों और धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान बजाया जाता है। यह गीत आमतौर पर प्रकृति के महत्व, ऐतिहासिक लोगों की बहादुरी, कहानियों और राज्य की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक प्रथाओं को व्यक्त करते हैं।

**लावणी :** लावणी महाराष्ट्र का एक लोकप्रिय लोक संगीत है और मूल रूप से सैनिकों के मनोरंजन के लिए गाया जाता था। यह गीत आमतौर पर महिलाओं द्वारा गाया जाता है और यह समाज और राजनीति से संबंधित जानकारी देता है।

**पंडवानी :** पंडवानी लोकगीत में महाभारत के पात्रों की वीरता का वर्णन करता है। यह लोकसंगीत छत्तीसगढ़, उड़ीसा, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश में लोकप्रिय है।

**उत्तर प्रदेश के मशहूर लोकगीत :** उत्तर प्रदेशमें हर एक गीत का अपना एक अलग अर्थ है। यहां पर रसिया, बिरहा, कजरी, सोहर, कव्वाली, कहारवा, चानाय्नी, जैसे लोकगीत शामिल है। इसके अलावा सभी राज्यों के अपना-अपना लोकगीत है।

**नौका झक्कड़ :** यह लोकगीत नाई समुदाय में बहुत लोकप्रिय है। इस गीत को नाई लोकगीत के नाम से भी जाना जाता है।

**बनजारा और न्जावा :** बनजारा गीत को शादी-विवाह वाले घर में संगीत वाले दिन गाया जाता है। अगर बात इस खास समुदाय की करें तो यह तेली समुदाय द्वारा गाया जाता है।

**कजली या कजरी :** इस गीत को महिलाएं ज्यादातर सावन के महीने में झूला झूलते वक्त गाती हैं। यह अर्द्ध शास्त्रीय गायन के रूप में भी विकसित हुआ है और इसकी गायन शैली बनारस घराने से मिलती है।

**जरेवा और सदावजरा सारंगा :** इस तरह के लोक संगीत लोक उद्देश्य स्थापना (Folk Stones) के लिए गाये जाते हैं।



## पहेलियां



- **डेविड** के माता-पिता के तीन बेटे हैं: स्नैप, क्रैकल और तीसरे बेटे का नाम क्या है?
**उत्तर**- डेविड
- मैं हर समय आपका पीछा करता हूं और आपकी हर हरकत की नकल करता हूं, लेकिन आप मुझे छू नहीं सकते या पकड़ नहीं सकते। मैं क्या हूं?
**उत्तर**-आपकी परछाई
-किस चीज के पास कई चाबियां हैं लेकिन वह एक भी ताला नहीं खोल सकती?
**उत्तर**-एक पियानो
-आप अपने बाएं हाथ में क्या पकड़ सकते हैं लेकिन अपने दाहिने हाथ में नहीं?
**उत्तर**-आपकी दाहिनी कोहनी
-क्या साफ होने पर काला और गंदा होने पर सफेद होता है?
**उत्तर** - एक चॉकबोर्ड
-अधिक निकालने पर क्या बड़ा हो जाता है?
**उत्तर**-एक छेद 26.

## यह भी जानें



- **सबसे** अधिक रंगों वाला राष्ट्रीय ध्वज बेलीज (1981) का है, जिसमें 12 रंग हैं।
-पहली हाथ से पकड़ी जाने वाली मोबाइल फोन कॉल 3 अप्रैल, 1973 को न्यूयॉर्क शहर में की गई थी।
-बज एल्ड्रिन (1969 में चंद्रमा पर कदम रखने वाले दूसरे व्यक्ति) ने वास्तव में सतह पर चलते समय पेशाब कर दिया था।
-बाघ की दहाड़ दो मील दूर तक सुनी जा सकती है।
-उल्लुओं की आंखें नहीं होतीं।
-प्राचीन मिस्र में, बिल्ली शब्द का उच्चारण वास्तव में म्याऊ या म्याऊ होता था।
-अमेरिकी क्रांति (1765-1783) फ्रांसीसी क्रांति (1789-1799) से पहले हुई थी।
-एंग्लो-जांजीबार युद्ध (1896) अब तक का सबसे छोटा युद्ध था - जो केवल 38 मिनट तक चला!
-मुद्रण-यंत्र, जिसने सूचना के आदान-प्रदान में क्रांति ला दी, का आविष्कार गुटेनबर्ग ने वर्ष 1440 के आसपास किया था।

## बाल गीत...

### छाता



**नाम** है जिसका छाता, वो राहत का दाता।
वर्षा से और धूप से, सबकी जान बचाता।
बच्चे, बूढ़े और युवा, सबके काम है आता।
इसीलिए तो बच्चों छाता, सबके मन को भाता

# जब हर रेल के पीछे बना होता है 'X' का निशान, तो फिर वंदे भारत पर क्यों नहीं

हमारे देश में लाखों लोग रोजाना रेल से सफर करते हैं। भारत में रेल से भारी मात्रा में लोगों के सफर करने का एक कारण जहां सुलभ और आरामदायक यात्रा है। वहीं, दूसरा रेलवे का सस्ता किराया भी है जो किसी और यातायात के साधन से थोड़ा सस्ता पड़ता है। आप सभी ने अपनी रेल यात्रा के दौरान गौर किया ही होगा कि ट्रेन के आखिरी कोच पर 'X' का निशान बना होता है, जो कि बेहद खास बात को बताता है। लेकिन वंदे भारत पर ऐसा कोई निशान नहीं बना होता है। अब सवाल ये उठता है कि ऐसा क्यों? आखिर वंदे भारत पर क्यों नहीं बना होता ये X का निशान, जबकि लगभग और सभी ट्रनों पर बना होता है।






**क्यों बना होता है X का निशान**

ट्रेन के लास्ट डिब्बे पर आखिर X क्यों बना होता है? बता दें कि रेलवे की दृष्टि से ये निशान बेहद जरूरी होता है जिसकी एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दरअसल, ट्रेन के आखिरी डिब्बे के पीछे बना X का निशान बताता है कि ये ट्रेन का लास्ट कोच है। सभी ट्रेनों के लास्ट डिब्बे पर ही X का निशान बनाया जाता है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि कि स्टेशन पर मौजूद लोगों और कर्मचारियों को ये पता चल सके कि पूरी ट्रेन गुजर चुकी है। सिक्योरिटी रीजन से ट्रेन के लास्ट डिब्बे पर X के निशान को सफेद और पीले रंग से बनाया जाता है।

**वंदे भारत पर इसलिए नहीं होता ये निशान**

आप सोच रहे होंगे कि अभी तक ये तो बताया नहीं कि वंदे भारत पर आखिर ये 'X' का निशान क्यों नहीं होता है। देखिए, वंदे भारत एक हाई स्पीड ट्रेन है जो पूरी तरह से एटेच्ड है। यह ट्रेन दोनों तरफ से चल सकती है। इसीलिए वंदे भारत पर कोई 'X' का निशान नहीं होता है।

## अधूरा रंगीन चित्र पूरा करो

प्यारे बच्चों दिए गए चित्र की आकृतियों में रंग भरकर उसे और भी सुंदर बनाइये और अपना टैलेंट बढ़ाइये।



## हैप्पी बर्थडे



विराज



राघव

## बाल कहानी...


# चिड़िया और बंदर

एक जंगल में एक पेड़ पर गौरैया का घोंसला था। एक दिन कड़ाके की ठंड पड़ रही थी। ठंड से कांपते हुए तीन चार बंदरो ने उसी पेड़ के नीचे आश्रय लिया। एक बंदर बोला कहीं से आग तापने को मिले तो ठंड दूर हो सकती हैं। दूसरे बंदर ने सुझाया देखो, यहां कितनी सूखी पत्तियां गिरी पड़ी हैं। इन्हें इकट्ठा कर हम ढ़ेर लगाते हैं और फिर उसे सुलगाने का उपाय सोचते हैं। बंदरों ने सूखी पत्तियों का ढ़ेर बनाया और फिर गोल दायरे में बैठकर सोचने लगे कि ढ़ेर को कैसे सुलगाया जाए। तभी एक बंदर की नजर दूर हवा में उड़ते एक जुगनू पर पड़ी और वह उछल पड़ा। उधर ही दौड़ता हुआ चिल्लाने लगा देखो, हवा में चिंगारी उड़ रही हैं। इसे पकड़कर ढेर के नीचे रखकर फूंक मारने से आग सुलग जाएगी। हां हां! कहते हुए बाकी बंदर भी उधर दौड़ने लगे। पेड़ पर अपने घोंसले में बैठी गौरैया यह सब देख रही थे। उससे चुप नहीं रहा गया।



वह बोली बंदर भाइयो, यह चिंगारी नहीं हैं यह तो जुगनू हैं। एक बंदर क्रोध से गौरैया की देखकर गुर्राया मूर्ख चिड़िया, चुपचाप घोंसले में दुबकी रह। हमें सिखाने चली है। इस बीच एक बंदर उछलकर जुगनू को अपनी हथेलियों के बीच कटोरा बनाकर कैद करने में सफल हो गया। जुगनू को ढ़ेर के नीचे रख दिया गया और सारे बंदर लगे चारों ओर से ढेर में फूंक मारने। गौरैया ने सलाह दी भाइयो! आप लोग गलती कर रहे हैं। जुगनू से आग नहीं सुलगेगी। दो पत्थरों को टकराकर उससे चिंगारी पैदा करके आग सुलगाइए। बंदरों ने गौरैया को घूरा। आग नहीं सुलगी तो गौरैया फिर बोल उठी भाइयो! आप मेरी सलाह मानिए, कम से कम दो सूखी लकड़ियों को आपस में रगड़कर देखिए। सारे बंदर आग न सुलगा पाने के कारण खीजे हुए थे। एक बंदर क्रोध से भरकर आगे बढ़ा और उसने गौरैया पकड़कर जोर से पेड़ के तने पर मारा। गौरैया फड़फड़ाती हुई नीचे गिरी और मर गई।

## क्या आप जानते हैं...



# इस पौधे का फल सोने से भी महंगा

किसी पेड़ की पत्तियों का इस्तेमाल जड़ी-बूटी में किया जाता है तो किसी पेड़ का फल ही लाखों में बिकता है। सभी पौधों की अपनी एक खास वजह होती है, लेकिन आज हम आपको जिस पेड़ के बारे में बता रहे हैं, इसका इस्तेमाल कई देशों में होता है। जिसका दाम सोने से भी महंगा है। दरअसल इस पौधे का बीज एक खास काम में इस्तेमाल होता है, जिसके चलते इसका दाम काफी ज्यादा है। यह नेपाल का बोधिचित्त पेड़ है। इस पेड़ को सोने की खान भी कहा जाता है। बता दें कि बोधिचित्त अथवा बोधि के पेड़ नेपाल के साथ-साथ एशिया के तमाम देशों में पाए जाते हैं। हालांकि, नेपाल के कावरेपालनचोक में पाया जाने वाला बोधिचित्त वृक्ष सबसे बेस्ट क्वालिटी का माना जाता है। इनकी कीमत भी और इलाकों में मिलने वाले पेड़ों के मुकाबले तीन से चार गुना ज्यादा होती है।



बोधिचित्त पेड़ का नाम संस्कृत के दो शब्दों बोधि और चित्त से मिलकर बना है। बोधि यानी ज्ञान और चित्त यानी आत्मा होता है। बौद्ध धर्म में बोधिचित्त पेड़ का बहुत महत्व है।

**गौतम बुद्ध से जोड़कर देखते हैं इस पेड़ को**

नेपाल के स्थानीय लोग इस पेड़ को फेरेंगबा कहते हैं। तिब्बत में इसे तेनुवा और चीन में शू झू के नाम से जाना जाता है, लेकिन हर जगह इसका महत्व उतना ही है। बोधिचित्त का पेड़ इतना खास और महंगा इस पेड़ के बीज की वजह से है, जिसका इस्तेमाल बौद्ध प्रार्थना की माला बनाने में किया जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक पेड़ से प्राप्त बीज एक सीजन में 90 लाख रुपये तक बिकता है।

नेपाल के कुछ स्थानीय लोग खुद बोधिचित्त की माला तैयार करते हैं। माला में इस्तेमाल होने वाला बोधिचित्त का बीज 13 मिलीमीटर से 16 मिलीमीटर तक का होता है। जानकारी के मुताबिक, ये 50 डॉलर से 200 डॉलर तक में बिक जाता है। इसके सबसे बड़े बीज सबसे महंगे होते हैं। ये 800 अमेरिकी डॉलर तक में बिकते हैं। बौद्ध धर्म के लोग सबसे ज्यादा इसका इस्तेमाल करते हैं। नेपाल के कुछ स्थानीय लोग खुद बोधिचित्त की माला तैयार करते हैं। माला में इस्तेमाल होने वाला बोधिचित्त का बीज 13 मिलीमीटर से 16 मिलीमीटर तक का होता है।

## अंतर बताओ

प्यारे बच्चों इस चित्र में कम से कम २ मिनट में 6 अंतर बताओ और बुद्धिमान बनो।



